ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 12 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-176 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मेरी बिल्लियों ने मुझे सिखाया कि प्यार की... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### कैबिनेट की बैठक 17 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे से होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल, 2023 को अपराह्न 4 बजे से होगी। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। इस बार की कैबिनेट में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी का निर्णय लिया जा सकता है। केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पहले ही बढ़ा चुकी है।

### देश में एक दिन में 5,676 नए कोविड मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 5,676 नए मामले सामने आए हैं और सक्रिय मामलों की संख्या 37,093 हो गई है। सोमवार को, भारत में 5,880 कोविड मामले थे और सक्रिय मामलों की संख्या 35,199 थी। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.88 प्रतिशत और वीकली पॉजिटिविटी रेट 3.81 प्रतिशत दर्ज किया गया। अब तक किए गए कुल परीक्षण 92.30 करोड़ थे, जिसमें पिछले 24 घंटों में किए गए 1,96,796 परीक्षण शामिल हैं।

### लोहरदगा के कई ठिकानों पर एनआईए का छापा, संदिग्ध गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
टेरर फंडिंग मामले में जांच तेज करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लोहरदगा के राजा बंगला समेत कुडू इलाके के कई ठिकानों पर सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक सघन छापामारी अभियान चलाया। बताया गया कि शहरी क्षेत्र के राजा बंगला में स्थित वीरेंद्र साहू के आवास पर छापा मारा। वीरेंद्र साहू मूलतः कुडू थाना क्षेत्र के विश्राम गढ़ सुंदरु गांव का रहने वाला है। पिछले दिनों एनआईए के रडार पर आये कुडू के ईंट भट्ठा व होटल व्यवसायी राजू साहू का वह पिता है। उसने कुछ वर्षों पूर्व लोहरदगा राजा बंगला इलाके में मकान बनाया था। मकान को वह किराए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 12 अप्रैल को संध्या 6:15 और सेहरी का समय 13 अप्रैल को सुबह 4:20 मिनट में

## सचिवालय घेराव के दौरान तोड़ा बैरिकेड, लाठीचार्ज व वाटर कैनन का प्रयोग

# बीजेपी नेताओं पर लाठीचार्ज, कई हिरासत में

### सांसद-विधायक समेत सैकड़ों लिए गये हिरासत में, देर शाम रिहा







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मंगलवार को रांची में सचिवालय का घेराव करने बढ़ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इसमें कई कार्यकर्ताओं को चोटें आई हैं। कुछ मीडियाकर्मी भी घायल हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकैडिंग तोड़कर सचिवालय परिसर में घुस गए। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछारें की और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए लाठी चार्ज भी करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस पर खाली बोतलें फेंकी। इससे पूरा धुर्वा इलाका रणक्षेत्र बन गया। पुलिस ने सांसद सेठ के अलावा सासंद समीर उरांव, सुनील सिंह, विधायक बिरंची नारायण के अलावा कई नेताओं को हिरासत में लिया। जिन्हें देर शाम उन्हें रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन में दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी के अलावा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी समेत सभी सांसद और विधायक शामिल रहे। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के नारे के साथ पूरे प्रदेश से हजारों कार्यकर्ता धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में इकट्ठा हुए। वहां से सचिवालय घेरने के लिए जुलूस की शक्ल में जब भाजपाई आगे बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। भाजपा सांसद सुनील सिंह और विधायक बिरंची नारायण बैरिकेडिंग तोड़ सचिवालय परिसर में पहुंच गये, जहां उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया।

बता दें कि झारखंड प्रदेश भाजपा ने राज्य की हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार, घोटाला और विभिन्न मोर्चों पर विफलता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को सचिवालय घेरने का ऐलान किया था। इसके पहले रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पूरे प्रदेश से आए हजारों कार्यकर्ता जुटे, जहां पार्टी के नेताओं ने उन्हें संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य की मौजूदा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य सरकार के अत्याचार को बर्दाश्त करने को जनता अब तैयार नहीं। हम सब यहां ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सुबह से ही प्रभात तारा मैदान पर एकत्र होने लगे थे भाजपाई

सुबह से ही राज्यभर के भाजपा कार्यकर्ता प्रभात तारा मैदान पर एकत्र होने लगे थे। इसमें हिस्सा लेने के लिए राज्यभर से हजारों कार्यकर्ता राजधानी रांची पहुंचे। हल्ला बोल में हिस्सा लेने के लिए संताल परगना से सांसद निशिकांत दुबे भी हजारों समर्थकों के साथ विशेष ट्रेन से यहां पहुंचे थे। सचिवालय घेरो कूच से पहले प्रभात तारा मैदान पर भाजपा ने एक जनसभा भी की। सभा के मंच पर भाजपा प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद और विधायक प्रमुख रूप से मौजूद थे। सभा के बाद एक जुलूस के रूप में भाजपा कार्यकताओं ने सचिवालय की ओर आगे बढ़े।

## सीएम ने सिदो-कान्हू की धरती से कई विकास योजनाओं की दी सौगात

# वन उपजों की तय होगी एमएसपी बाजार भी उपलब्ध करायेंगे : हेमंत

### 2080 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। भोगनाडीह/साहिबगंज**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह से मंगलवार को मिजल्स-रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो-कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स-लैम्प्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। सिदो-कान्हू जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव-गांव पहुंच रही है। पहले वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थी और वहीं खत्म भी हो जाती थी। लेकिन हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का काम किया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है।

**ग्रामीणों से करेंगे संवाद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्यायों को सुनेंगे और समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलईडी वैन इस्तेमाल भी होगा। आम जन के दुख-दर्द दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचे इसके लिए शिविर तो लगाए ही जा रहे हैं और अब योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार होगा।

**कृषि और वन उपज को मिलेगा बाजार और उचित मूल्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों का एमएसपी भी तय किया जाएगा और इसके लिए सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स-लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में पैक्स लैम्प्स के लिए सदस्यता महाअभियान शुरू हो रहा है। आप सभी इससे जुड़े। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स-लैम्प्स खरीदेगी। इससे आपके उत्पादों को उचित मूल्य और बाजार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयास जारी



राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोतरी की ही गई है। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी सरकार ने शुरू की है। वहीं, निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल विकसित किए गए हैं। अब यहां के बच्चे-बच्चियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ मेडिकल-इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है। कार्यक्रम में सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका टुडू, निबंधक, सहयोग समितियां मृत्युंजय वर्णवाल और गोड्डा के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

## पलामू में मदरसे से हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपराताड़ थाना क्षेत्र के एक मदरसा से पुलिस ने हथियार बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। व्यक्ति के पास से पुलिस ने देसी पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि व्यक्ति को पिस्तौल कहां से मिली और किन कारणों से गन खरीदी गयी है।मदरसा में हथियार मिलने की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपराटांड़ थाना क्षेत्र में संचालित एक मदरसे में हथियार रखा गया है। इसी सूचना के आलोक में दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस की एक टीम ने छापेमारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के समय में बदलाव

### 01 से लेकर कक्षा 05 तक की कक्षाएं सुबह 07 बजे से लेकर 12 बजे तक

### गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए बच्चों का रखें विशेष ख्याल : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में तापमान में वृद्धि के कारण अत्यधिक गर्मी को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने स्कूलों के समय में बदलाव को लेकर निर्देश जारी किया है। जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से लेकर 12:00 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। बाकी शेष कक्षाएं पूर्व की भांति निर्धारित समय पर ही संचालित होगी। कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक संचालन की यह अवधि अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले वासियों से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 'इस साल होगी सामान्य बारिश'

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत सरकार ने निजी वेदर एजेंसी स्काईमेट वेदर के दावे को खारिज कर दिया है। सोमवार को स्काईमेट वेदर ने दावा किया था कि इस मॉनसून सामान्य से कम बारिश होगी, जिसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मंगलवार को सिरे से खारिज कर दिया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि भारत में दक्षिणी-पश्चिम मॉनसून के समय भारत में सामान्य बारिश होगी। मंत्रालय का कहना है कि इस साल दक्षिणी भारत, पूर्वी मध्य भारत, पूर्वी भारत, उत्तरी-पूर्वी भारत और उत्तरी-पश्चिम भाग में सामान्य बारिश होगी। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि उत्तरी-पूर्वी भारत और उत्तरी-पश्चिम भारत के कुछ अंचलों में बारिश सामान्य से कम होगी। साथ ही पश्चिमी मध्य भारत के भी कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है।

## नावा बाजार प्रखंड में मनरेगा कार्य में जेसीबी का उपयोग

# मनरेगा नियमों की उड़ रही है धज्जियां

### बीडीओ व प्रखंडकर्मी बने मूकदर्शक



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** जिले के नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत में मनरेगा से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं सड़क निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाले मिट्टी मोरंग की खुदाई पास में न कर दूर से ट्रैक्टर से परिवहन कर सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा प्रखंड व जिला कार्यालय में की गई बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। मंगलवार को स्थानीय लोग उपायुक्त के जनता दरबार में मिलकर मामले की शिकायत किये हैं। जानकारी के अनुसार रबदा पंचायत के पतरिया गांव में मनरेगा से शवरी मंदिर से चोरही पहाड़ होते रबदा सिवाना तक सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मनरेगा के कार्यों में केवल मजदूरों से कार्य कराया जाना है। लेकिन नियमों को दरकिनार कर रविवार की रात जेसीबी लगाकर सड़क का समतलीकरण किया गया। वहीं सोमवार की सुबह मजदूर लगाकर मनरेगा की ऑनलाइन हाजरी बनाई गई। सड़क निर्माण में आसपास की मिट्टी की खुदाई न कर दुर से मोरंग मिट्टी लाकर सड़क में डाली जा रही है। एक तरफ सरकार के द्वारा अकाल सुखाड़ की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## लूट — लुटेरों ने एलआईसी कार्यालय के बाहर किया हमला, एक दर्जन से अधिक थे हमलावर

# रामगढ़ में दिनदहाड़े 29 लाख से अधिक की लूट

### बैंक में रकम जमा करने के लिए ले जा रहे थे सुरक्षाकर्मी

### गोली लगने से एक सुरक्षाकर्मी घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ शहर में दिनदहाड़े मंगलवार की दोपहर लुटेरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। शहर के झंडा चौक स्थित एलआईसी ऑफिस के पास दिनदहाड़े बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने कर्मी को गोली मारकर 29 लाख 34 हजार रुपये लूट लिये और आराम से फरार हो गए। भारतीय जीवन बीमा निगम से सीएमएस कंपनी के कैश वैन के सुरक्षाकर्मी 29 लाख 34,747 रुपए लेकर कैश वैन में रखने जा रहे थे। तभी हथियारबंद अपराधियों ने उन पर हमला किया और रुपयों से भरा बैग लेकर चंपत हो गए। आधा दर्जन से अधिक बाइक पर सवार लगभग 10 से 15 नकाबपोश अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों की गोली सुरक्षाकर्मी के पैर में लगी, फिर अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए हवा में भी फायरिंग की। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि एलआईसी ऑफिस से 29 लाख 34 हजार 797 रुपए लेकर एसआईएस कंपनी के सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी आईडीबीआई बैंक जा रहे थे। पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने एलआईसी ऑफिस से बाहर निकलते ही सुरक्षाकर्मियों और कैश अधिकारी पर हमला कर दिया। अपराधियों के पास हथियार थे और उन लोगों ने 4-5 राउंड गोली भी चलाई। घटनास्थल से पुलिस को दो खोखा बरामद हुआ है। इस वारदात में एक कैश अधिकारी प्रेम कुमार मिश्रा को गोली लगी है। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। अपराधियों ने एक अन्य कैश अधिकारी संतोष कुमार पांडे पर भी गोली चलाई थी, लेकिन वे बाल-बाल बचे। अचानक हुई गोलीबारी से घबराए सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी ने भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान रुपयों से भरा बैग सड़क पर ही छोड़ दिया। जिसे लेकर सभी लुटेरे फरार हो गए। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी गई है। इधर, मामले में एलआईसी रामगढ़ ब्रांच के मुख्य शाखा प्रबंधक मुकेश रंजन प्रसाद ने बताया कि एलआईसी कंपनी के 29,34,747 रुपए कैश बैंक के सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया था। रामगढ़ सर्किल के इंस्पेक्टर रोहित महतो ने बताया कि पुलिस ने सभी मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर अपराधियों की धड़ पकड़ के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा

# गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल देने की क्या है तैयारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण संबंधित एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार तथा नगर निगम से पूछा है कि गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किए जा रहे हैं, इसकी जानकारी दी जाए। यह आदेश झारखंड हाईकोर्ट के चीफ संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने दी है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अपना पक्ष रखा। याचिकाकर्ता खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जलाशयों के जलस्त्रोत प्रभावित होने के साथ ही दूषित भी हो रहे हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### डायन बिसाही का आरोप, मारपीट

**मेदिनीनगर।** चांदो टोला भुईयां राजा थाना चैनपुर की निवासी देवंती देवी ने पलामू के पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से एसपी को बताया है कि एक अप्रैल को 03 बजे उनकी लड़की पिंकी कुमारी अपने खेत में काम कर रही थी। तभी प्रयाग सिंह, संजय सिंह, विश्वानाथ सिंह आकर कहे कि तुम डायन हो और हमारे पिता को भूत लगाकर मार दी। इसी बीच नुनिता देवी और सतिमा देवी के पति सहित सभी ने मिलकर मारपीट की। उसके बाद दूसरे दिन सभी लोग पीड़िता के घर आकर डायन का आरोप लगाकर घर में बंद कर मारपीट किये। उसके बाद पीड़िता ने चैनपुर में लिखित आवेदन दीया। लेकिन सुनवाई नहीं होने पर पुनः पलामू एसपी को लिखित आवेदन दिया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**हरिहरगंज।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने मंगलवार को एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना के समीप अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के क्रम में दर्जनों दुपहिया तथा चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान वाहनों के आवश्यक कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, हेलमेट, ओवरलोड, ट्रिपल सवारी तथा डिक्की की सघन जाँच की गयी। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। वहीं इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना वाहन न चलाये। साथ ही वाहन का कागजात रखें नहीं तो कार्रवाई होगी। वाहन चेकिंग में आधा दर्जन से अधिक बाइक व चार पहिया वाहन जब्त किये गये है।

### नवम वर्ग की वार्षिक परीक्षा शुरू

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में मंगलवार से जैक संचालित नवम वर्ग की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गई है। पहले दिन दूसरी पाली में हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषयों की परीक्षा हुई। जिसमें 4 स्कूलों के कुल 392 में383 परीक्षार्थी शामिल हुए।

# खेतों में लगी भीषण आग, फसल जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के खाप कटैया गांव में मंगलवार की दोपहर खेतों में लगी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। इस आग ने किसानों की साल भर की आस को खत्म कर दिया है। भुक्तभोगी किसान शंभू सिंह, सुरेश सिंह तथा महावीर पासवान ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 2 बीघे की गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गयी है। उक्त किसानों ने कहा कि अपने खेतों में इस साल गेंहू की फसल बोई थी, जो तैयार थी। आज कल में इस फसल को कटवा कर घर ले जाना चाहते थे। लेकिन शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने पूरी फसल को स्वाहा कर दिया है। ग्रामीणों ने डीजल पंप के सहारे 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगर समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो इससे ज्यादा नुकसान हो सकता था। वहीं भुक्तभोगी किसानों ने सरकार से मुआवजा की मांग की है।

# बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने सोमवार की देर शाम विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें पांच लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते हुए पाया गया। वैध कनेक्शन नहीं रहने के बावजूद बिजली का उपयोग करने वाले पांच लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पांच लोगों पर 72 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें इलियास हुसैन, सिटी मॉल, जपला पर 25 हजार रुपए जुर्माना, बराही गांव के पंकज राजवंशी व संजय यादव पर 10-10 हजार रुपए, जपला के बंशीधर पांडेय पर 7500 रुपए व नीलम सिंह पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के साथ -साथ सभी पांच लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर व मनोज कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास बिजली बिल का बकाया है, वह वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाये का भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा सीमित समय के लिए है। किसी भी कार्य दिवस में जपला स्थित कार्यालय में पहुंच कर इसका लाभ लिया जा सकता है।

### आवास योजनाओं की समीक्षा

**मोहम्मदगंज।**अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद की अध्यक्षता में प्रखण्ड मोहम्मदगंज अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक शत प्रतिशत आवास पूर्ण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास का समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अंचल अधिकारी यशवंत नायक, प्रखण्ड समन्वयक बीरबल कुमार,सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी कनीय अभियंता, सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित हुए। जिसमे प्रथम किस्त भुगतान के पश्चात आवास निर्माण कार्य नही करने वाले लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करने का निर्देश दिया गया। प्रथम किस्त भुगतान के पश्चात शत प्रतिशत द्वितीय किस्त भुगतान करवाने का भी निर्देश दिया गया। सभी पंचायत सचिव एवं कनीय अभियंता को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर कम से कम 5-5 लाभूकों का स्थलीय निरीक्षण कर आवास निर्माण करवाने एवं जी पी एस फोटोग्राफ के साथ क्षेत्र भ्रमण की कॉपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गया।

# स्कूल में पानी की भारी किल्लत, बच्चे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले में कुछ दिनों से गर्मी ने अपना रंग बिखेरना शुरू कर दिया है, हालात कुछ ऐसे हैं कि क्षेत्र का जलस्तर काफी कम हो गया है, जिसका साफ असर देखने को मिल रहा है। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जोगा जरही टोला मे हैंड पम्प और जलमीनार पिछले काफी दिनों से पानी देना बंद कर चुके हैं। स्कूल के बच्चे चिलचिलाती धूप में पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं। जिससे परेशान होकर कल मंगल वार को बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी विरोध जताया। वीडियो के माध्यम से शिक्षक विनोद पाल ने बताया की जलस्तर नीचे चले जाने के कारण विद्यालय में लगे जलमीनार और हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया है। जिसकी लिखित शिकायत विभाग को देने के बाद भी संज्ञान नहीं लिया गया। पिछले लगभग छः माह से विद्यालय में मिड डे मिल बनाने के लिए भी बाहर से पानी लाना पड़ता है। बच्चों को पीने के लिए भी पानी पर्याप्त नही है। बच्चों ने पानी के बॉटल ले कर विरोध जताया। इस संबंध मे जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी ने बताया की पीएचडी विभाग को लिखित आवेदन दिया गया है।

### अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायतों का किया निरीक्षण

**विश्रामपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह ने बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत का निरीक्षण किया। इससे पहले एसडीओ राजेश कुमार साह ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को लेकर विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम तथा सभी मुखिया और प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान पीएम आवास योजना के कार्यों में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जाहिर की गई। इसके बाद तोलरा पंचायत जाकर एसडीओ ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रगति का जायजा लिया। आवास की राशि लेकर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा गया कि जो भी लाभुक किश्त लेकर आवास निर्माण नहीं करा रहे है,उनपर सरकारी राशि के गबन का सर्टिफिकेट केश दर्ज होगा। साथ ही राशि की रिकवरी भी कराई जायेगी। किसी भी सूरत में उन्हें बक्सा नही जायेगा। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि पंचायत के कई लाभुक वर्षों से प्रथम व दूसरी किश्त लेकर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं। वैसे लाभुकों को अंतिम चेतावनी दे दी गई है। अगर एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य शुरू नहीं करते हैं तो कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार सिंह,पंचायत सचिव सुरेश राम,रोजगार सेवक गुलाम सरवर,तोलरा पंचायत के मुखिया रोहित तिवारी सहित प्रखंड के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे

# बीडीएम ट्रेन बंद होने से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेल सेक्सन में लंबे समय से बरकाकाना - वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद रहने से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज,कजरात- नावाडीह समेत पलामू के आम यात्रियों को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर मंगलवार को एनसीपी नेताओं ने जपला स्टेशन प्रबंधक के मध्यम रेल मंडल प्रबंधक डीडीयू व रेल महाप्रबंधक हाजीपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बीडीएम ट्रेन बीडी रेल खंड की लाइफ लाइन ट्रेन है। कहा गया है कि बरकाकाना वाराणसी ट्रेन इस रेल खंड की सबसे पुरानी ट्रेन है। बावजूद इसके ट्रेन को लगातार कुछ न कुछ कारण बताकर रद्द कर दिया जा रहा है। लगातार मांग करने के बावजूद रेल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि बीडीएम ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू नहीं किया गया तो आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ सकता है। एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बंद किया गया था। जबकि पुनः इसे 25 अप्रैल से वाराणासी में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर 28 तक स्थगित कर दिया गया है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सामाजिक न्याय के अग्रदूत महात्मा जोतिबा फुले की 196 वीं जयंती मंगलवार को एके सिंह कॉलेज जपला में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। एकेडमिक इंचार्ज और आंतरिक गुणवत्ता निर्धारक प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के समन्वयक डॉ. राम सुभग सिंह ने विषय - प्रवेश कराते हुए कहा कि महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के संग मिलकर भारत में स्त्री - शिक्षा के लिए 1848 में प्रथम पाठशाला खोली। 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में की और अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी' के माध्यम से धार्मिक, अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, जात - पात, छुआ - छूत, और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध बिगुल फूंका। सुप्रिया कुमारी, शीतल कुमारी और शुभम प्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक 'हिंदुस्तान की खोज' के आधार पर बनी और दूरदर्शन पर प्रसारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'महात्मा फुले का प्रदर्शन कीया गया। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इसे देखा और सराहना की। फुले जयंती के अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी राजेश कुमार सिंह, डॉ. आलोक रंजन कुमार, डॉ. आनंद कुमार सिंह, डॉ. इंदिरा सिन्हा, अशोक कुमार सिंह सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चालान शुल्क हरिहरगंज में ही लिया जाये : राजीव

**हरिहरगंज।** प्रखंड के दो पहिया, चार पहिया वाहनों के मालिक इन दिनों डीटीओ ऑफिस में चालान जमा करने के प्रावधान से परेशान हैं। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने मंगलवार को सब्जी मंडी स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रशासन की कार्रवाई सही है। लोगों को अपनी जान की रक्षा के लिए हेलमेट लगाना चाहिए व गाड़ी के कागजात भी दुरुस्त रखने चाहिए। लेकिन जब्त वाहन का चालान शुल्क हरिहरगंज में ही लिया जाय। यह प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए। राजीव रंजन ने पलामू डीसी, डीटीओ से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। लोगों को मेदिनीनगर जा कर चालान भरने मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में राजीव रंजन ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पलामू के डीसी से दूरभाष पर बात की तो उपायुक्त पलामू ने आश्वासन दिया है कि वाहनों का चालान जल्द ही स्थानीय स्तर पर ही लिया जायेगा।

### सिदो- कान्हू ने अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया : दिलीप

**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार को पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के हरिहरगंज स्थित आवास पर वीर नायक सिदो- कान्हू जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान ने शहीद सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह व संचालन जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने की। इस मौके पर दिलीप चौधरी ने कहा कि सिदो- कान्हू ने अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया। वहीं रामजी पासवान ने कहा कि वे ब्रिटिश सत्ता, दलालो, जमींदारो और साहूकारों के अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़े। जबकि जितेंद्र विश्वकर्मा ने कहा की शोषणकारी व्यवस्था को बदलने के प्रयास में वे अपनी कुर्बानी दिये। वर्तमान समय में उनकी सीख को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड सचिव इरशाद आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, उपाध्यक्ष डॉ. बलदेव भुईयां, छात्र प्रखंड अध्यक्ष आदित्य तिवारी, सदस्य राजेंद्र साहू, जितेंद्र कुमार, सुशील मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### हरिहरगंज सीएचसी में मॉक ड्रील का हुआ आयोजन

**हरिहरगंज (पलामू)।** देश में बढ़ते कोविड 19 के प्रभाव को देखते हुए मंगलवार को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया । इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को अस्पताल में भर्ती तथा उसके समुचित इलाज का अभ्यास किया । मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ०अरूण कुमार ने कहा की देश में कोविड 19 का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है । इसके लिए स्थानीय सीएचसी कितना तैयार है इसके लिए अभ्यास किया गया । उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं । मॉक ड्रील में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अरूण कुमार सिंह के अलावे डॉ०विमलेश सिंह बीपीएम संजय कुमार सिंह बीएम राजकुमार सिंह अमित कुमार, जसवंत कुमार,मनीष कुमार, वायुनंदन पाण्डेय आदि स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत**
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2023-24/RWD/GARHWAदिनांक – 10.04.2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आइडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 01/2023-24 | ग्राम उड़सुगी में पी0डब्ल्यु0डी0 रोड से श्री शम्भुनाथ दूबे के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 24.155 | चौबीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रूपये। | 5000 | 49000 | तीन महीना |
| 2 | नगर उँटारी | RWD/ GARHWA/ 02/2023-24 | प्रखण्ड नगर उँटारी के ग्राम शिवपुर से होते हुए बभनी तक नाली सहित पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 63.120 | तिरसठ लाख बारह हजार रूपये। | 10000 | 127000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोश्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 29.04.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.05.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 294855 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/01/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-1 |
| 2 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-2 |
| 3 | गढ़वा जिला के भवनाथपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगरउंटारी प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-5 |
| 6 | गढ़वा जिला के डंडई प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-6 |
| 7 | गढ़वा जिला के रमना प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/ चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-7 |
| 8 | गढ़वा जिला के बड़गड़ प्रखण्ड में प्रखण्ड विकासपदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास विकास एवं विविध कार्य। | 6,05,99,400.00 | 12,12,000.00 | 10000.00 | 12 माह | RWD/SD/GARHWA/01/Gr.-8 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–15.04.2023 से दिनांक–01.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.05.2023 से 06.05.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   3- e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. Last date of modification and withdrawal of bid :- 02.05.2023 Time 5:00 PM तक।
7. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
8. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
9. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
10. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
11. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
12. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
13. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
14. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 294790 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/02/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत भण्डरिया प्रखण्ड के ग्राम कंजीया में अण्डा महुआ से कंजीया जाने वाला पथ में सरस्वतीया नदी पर पुल निर्माण। | 3,85,67,500.00 | 7,71,500.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-1 |
| 2 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड खरौंधी अन्तर्गत ग्राम ग्राम–गटीअरवा में पंडा नदी (आनन्द मेहता के घर के बगल में) पर पुल निर्माण। | 8,92,43,300.00 | 17,85,000.00 | 10000.00 | 24 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-2 |
| 3 | गढ़वा जिला अंतर्गत केतार प्रखण्ड के ग्राम सिंहपुर में पण्डा नदी (देवी धाम) के पास पुल निर्माण। | 4,93,15,500.00 | 9,86,500.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-3 |
| 4 | गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड अंतर्गत बुढ़ापरास से बान्दु पथ में बरदरी गाँव के काषिसोत नदी पर बने क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण। | 4,67,53,700.00 | 9,35,100.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-4 |
| 5 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत हरहे एवं चटकमान के बीच हाथु नदी पर पुल निर्माण। | 3,21,51,000.00 | 6,43,100.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-5 |
| 6 | गढ़वा जिला अंतर्गत रंका प्रखण्ड के चुतरु ग्राम पंचायत में बान्दु से अनहर रोड में सोरतघाटी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 3,08,99,400.00 | 6,18,000.00 | 10000.00 | 18 माह | RWD/SD/GARHWA/02/Gr.-6 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –15.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–15.04.2023 से दिनांक–01.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.05.2023 से 06.05.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   3- e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. Last date of modification and withdrawal of bid :- 02.05.2023 Time 5:00 PM तक।
7. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
8. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
9. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.05.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
10. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
11. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
12. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
13. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
14. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 294787 Rural Development (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–25.03.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **19/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 345** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 293634 Road(22-23):D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 294890 Road(23-24)#D

## NEWS इन ब्रीफ

### कल होगा जिला मुख्यालयों पर आजसू का सामाजिक न्याय मार्च

**मेदिनीनगर।** कल आजसु पार्टी द्वारा सभी जिला मुख्यालय में सामाजिक न्याय मार्च होगा।जिसमें सरकार द्वारा स्थानीय नीति,स्थानीय नियोजन नीति, ओबीसी के आरक्षण पर ढुलमुल रवैये , प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार , खनिज एवं बालु के अवैध कारोबार का विरोध किया जाएगा। सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने हेतु आजसु पार्टी की केन्द्रीय कमेटी, जिला समिति, प्रखंड कमेटी, नगर कमेटी के सभी पदाधिकारी, ग्राम प्रभारी एवं आजसु पार्टी की अनुषांगिक ईकाईयों के सभी पदाधिकारी राज्य के जिला मुख्यालय में अवश्य शामिल होने को कहा गया है।

### उपायुक्त ने कहा- कोरोना से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से हमको,आपको सबों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की । वहीं आवश्यकता ना हो तो भीड़ से दूर रहने की भी अपील की। उन्होंने लोगों से फेस मास्क,नियमित रूप से हैंडवाश करने तथा किसी भी प्रकार से अस्वस्थ जैसे सर्दी-खांसी,बुखार इत्यादि जैसे लक्षणों को अनदेखा न करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र,उप स्वास्थ्य केंद्र में कोविड टेस्ट करा अपने एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की।

### भाजपा के दोहरे चरित्र को झारखंड के लोग समझ चुके हैं : कौशल

**मेदिनीनगर।** झारखंड अलग होने के बाद से अभी तक के शासनकाल में भाजपा का शासनकाल सबसे ज्यादा रहा है। झारखंड के युवा, छात्र व किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर वो झारखंड को लूटने का काम किये। वहीं विधानसभा चुनाव नजदीक आने पर भाजपा के लोग विधानसभा घेराव का ड्रामा कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की गठबंधन की सरकार हो या भाजपा की दोनों ने झारखंड के लोगों को ठगने का काम किया है। वर्तमान सरकार का उदासीन रवैया एवं भाजपा के दोहरे चरित्र को झारखंड के लोग भली-भांति समझ चुके हैं । आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल चुका है और यह देश की सबसे तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी इतने कम दिनों में आम आदमी पार्टी को देश की जनता ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाया इसके लिए देश की जनता धन्यवाद के पात्र हैं।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन शुरू

**हुसैनाबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में सत्र 2023- 24 में वर्ग 6 व 9 के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस विद्यालय में हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड की छात्राओं का भी नामांकन होगा। इच्छुक अभिभावक 20 अप्रैल 2023 तक विद्यालय अवधि में पहुंचकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विद्यालय की वार्डन रॉकी मुक्ता ने बताया कि सत्र 2023- 24 के नामांकन के लिये स्थानीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बीपीएल नम्बर, बैंक खाता संख्या के साथ पासपोर्ट साइज की 2 फोटो अनिवार्य है।

# सदर अस्पताल में मारपीट, युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में अपने भाई का इलाज कराने पहुंचे युवक को चार व्यक्तियों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम नौडीहा निवासी रामाशीष सिंह के पुत्र अमरेंद्र कुमार सिंह मंगलवार की शाम करीब 4:00 बजे अपने चचेरे भाई दीपक सिंह का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल आये हुये थे। जब इलाज करा कर वह अपने घर जा रहे थे तभी सदर अस्पताल में ही किचन की तरफ से चार-पांच की संख्या में लोग सदर हॉस्पिटल पहुंचे और अमरेंद्र सिंह को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये। इस घटना के बाद सदर




अस्पताल के स्टाफ द्वारा घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान और विनोद कुमार यादव सदर अस्पताल पहुंचकर मारपीट की घटना में शामिल दो लोगों को पकड़ कर थाना ले गये , पकड़े गए लोगों से पुलिस घटना से संबंधित मामले की पूछताछ कर रही है। वही पुलिस को आता देख दो लोग भागने में सफल रहे। वही इस में घायल अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नोडिया गांव के चार लड़के सौरभ सिंह, विनीत सिंह, अकाश सिंह, गोरख सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और मेरे साथ मारपीट करने लगे। अंत में गोरख सिंह के द्वारा हमारे सिर में पिस्टल के बट से हमे मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वही इस घटना के बाद से पुलिस दो अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा में बीती रात जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में पति पत्नी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रेड़मा निवासी शिव कुमार मेहता और उनकी पत्नी आशा देवी कि बीती रात जमीन विवाद को लेकर अपने ही भाई दिनेश्वर मेहता और उपेंद्र मेहता से हो गई। जिसमें शिव कुमार मेहता और उनकी पत्नी आशा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी आशा देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बाद रात में ही टिओपी 2 के प्रभारी रुद्रनाथ सरस घटनास्थल पर पहुंचकर



मामले की छानबीन में जुट गए थे। घटना के बाद आशा देवी और शिव कुमार मेहता के द्वारा इस घटना से संबंधित आवेदन शहर थाना को भी दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आयी समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मनातू से आये बिनोद मोची ने स्थानीय कुछ लोगों पर उनकी रैयती जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने को लेकर शिकायत की। इसपर उपायुक्त ने मनातू सीओ को फोन कर उचित कार्रवाई करने की बात कही साथ ही दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की भी बात कही। इसी तरह पांकी के ग्राम करार से आये खलील अंसारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 अंतर्गत योजना संख्या : 24 के तहत उनके द्वारा कब्रिस्तान चाहर दिवारी की घेराबंदी करवायी गयी है। लेकिन तीन माह व आधा काम पूर्ण हो जाने के बाद भी कल्याण विभाग की ओर से अबतक किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं किया गया है। अतः उन्होंने उपायुक्त से राशि भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने ऑनस्पॉट कल्याण पदाधिकारी को बुलाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही। वहीं तरहसी से आये भारतीय सेना के जवान दीपक कुमार ने अपनी खानदानी जमीन पर गोतिया के परिजन मनोज कुमार द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने को लेकर शिकायत की। इसपर डीसी ने ऑन स्पॉट तरहसी सीओ को कॉल कर उचित कार्रवाई करने की बात कही।




### कई मामलों बीडीओ-सीओ को किया फोन

जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,नवा बाजार सीओ,तरहसी सीओ,मनातू सीओ,सदर एसडीओ,मत्स्य पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों के तेज गति से निष्पादन हेतु निर्देशित किया। इसी तरह आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### इलाज के लिए 20 हजार रुपये देने के निर्देश

जनता दरबार में पड़वा के लामीपतरा से आये परिखा भुइयां ने उपायुक्त को बताया कि उनके पुत्र की दिमागी हालात खराब है जिसके इलाज हेतु उनके पास पैसा नहीं है। अतः उन्होंने उपायुक्त से कुछ आर्थिक मदद करने की बात कही। इसी तरह हुसैनाबाद से आये मिथिलेश पासवान ने कहा कि उनके पुत्र के आंख में तीर लग गया है। जिसके बेहतर इलाज को लेकर चिकित्सकों द्वारा चेन्नई रेफर किया गया है जिसके बाद उपायुक्त श्री दोड्डे ने रेड क्रॉस के माध्यम से दोनों फरियादियों को 20-20 हजार रुपये की मदद की।

### आजसू छात्र संघ की विश्वविद्यालय व जिला कमिटी भंग : राहुल

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी विश्वविद्यालय एवं जिला कमिटी के भंग होने की सूचना दी है। आजसू छात्र संघ के प्रदेश सम्मलेन को ध्यान मे रखते हुए ऐसा किया गया। प्रदेश सम्मलेन जल्द ही होने को है इसलिए नए सक्रिय पधाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय जिला कमिटी ने लिया है। राहुल मिश्रा ने कहा की सभी कमिटी को भंग करते हुए मै जल्द ही नई कमिटी की घोषणा करने जा रहा हूँ। आजसू को हमेशा चेहरा चमकाने वाले नेता नहीं बल्कि कार्य करने वाले नेता चाहिए इसलिए नए सक्रिय लोगो को मौका देने के लिए हमने पूर्व की कमिटी को भंग किया है। पहले हम विश्वविद्यालय फिर जिला कमिटी की घोषणा करेंगे। जिसमे सभी सक्रिय कार्यकताओं को मौका दिया जायेगा।

# शिक्षकों की अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया आरंभ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य में शिक्षकों की अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जिलों से प्रस्ताव मांगा गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र लिखा है। शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण को लेकर जिलों से प्रस्ताव मांगा गया है। पत्र में कहा गया है कि शिक्षक स्थानांतरण संशोधित नियमावली के तहत होगा। शिक्षक गृह जिला स्थानांतरण के लिए भी आवेदन जमा कर सकते हैं। अंतर जिला स्थानांतरण को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है। पति-पत्नी दोनों के झारखंड राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार एवं उसके उपक्रम में कार्यरत होने की स्थिति में पूरे सेवा काल में पति अथवा पत्नी के पदस्थापन वाले जिला में स्थानांतरण किया जा सकता है। नियमावली के अनुसार दिव्यांग शिक्षक, महिला शिक्षिका व असाध्य रोग से ग्रसित शिक्षक स्थानांतरण के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए तीन वर्ष की सेवा पूरा करना अनिवार्य है। स्थानांतरण से प्रभावित होगी वरीयताः-शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण से उनकी वरीयता भी प्रभावित होगी अंतर जिला स्थानांतरण के कारण स्थानांतरित शिक्षकों की संवर्ग वार वरीयता पूर्व से पदस्थापित शिक्षकों की वरीयता में उनके स्थानांतरित जिला में योगदान की तिथि के अनुसार सबसे नीचे रखी जायेगी। जिन शिक्षकों को किसी मामले में दंड दिया गया हो उनके अंतर जिला स्थानांतरण दंड समाप्त होने की तिथि के बाद विचार किया जायेगा। शिक्षकों का अंतर जिला स्थानांतरण जून-जुलाई में होगा। कोटिवार आरक्षण के अनुरूप स्थानांतरणः-राज्य में प्राथमिक से लेकर उच्च विद्यालय तक के शिक्षकों का संवर्ग जिला स्तरीय है। शिक्षक की ओर से स्थानांतरण के लिए आवेदित जिला में प्राथमिक शिक्षक संवर्ग में उनकी कोटि के आरक्षण के रिक्त पद मध्य विद्यालय में आरक्षण के साथ साथ स्नातक के विषय को देख किया जायेगा। इसके अलावा शिक्षक की नियुक्ति जिस स्थानीय भाषा के आधार पर हुई है। स्थानांतरित जिला में भी उस भाषा का होना अनिवार्य है। प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षक के लिए यह अनिवार्य होगा।

### पीएमओ को लिखा पत्र, तीन दिन में ही आया जवाब

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर निवासी इंजीनियर प्रेमशंकर सिंह ने गत तीन अप्रैल 2023 को पीएमओ को मेल किया था कि हैदरनगर के रेलवे क्रॉसिंग 50 बी से लगातार ट्रेन गुजरती है। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पास के रेल क्रॉसिंग बंद रहने से अस्पताल ,थाना, प्रखंड व बाजार आने जाने में घंटो रुकना पड़ता है। मुख्य पथ काफी व्यस्त रहने की वजह से वाहन चालकों को भी क्रॉसिंग पर घंटों रुकना पड़ता है। उन्होंने ध्यान देने और इस रेलवे क्रासिंग पर अतिशीघ्र ओवरब्रिज या अंडरब्रिज बनवाने की मांग की है। पीएमओ से प्रेमशंकर सिंह के मेल पर गत 6 अप्रैल को जवाब भी आ गया। उन्हे जवाब में बताया गया है कि उपरोक्त शिकायत के आलोक में उन्हे सूचित किया गया कि वर्ष 2023-24 में हैदरनगर रेलवे स्टेशन के पास आरओबी स्वीकृत करने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया है।

# संथाल विद्रोह के महानायक सिदो-कान्हू की जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी पलामू के नेतृत्व में संथाल हुल के महानायक सिद्धू-कान्हू की जयंती मनायी गयी। आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार कुमार के आवासीय कार्यालय पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले वीर योद्धाओं की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व एक मिनट का मौन रख कर श्रध्दांजलि दी गई। सतीश कुमार ने कहा कि भारत में इस्ट इन्डिया कम्पनी के आने के बाद अंग्रेज बंगाल से शुरू कर संथाल परगना मे अपना अधिपत्य जमाने लगे। महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़, आदिवासियों की जमीन हड़पना, बेतहाशा लगान वसुल करना एवं शोषण जुल्म की अनन्त दास्तान झेलने पर लोगों को मजबूर किये। जमींदार साहुकारों के द्वारा अंग्रेजी हुकुमत ने अपने खेल शुरू किया। सिद्धो, कान्हू ,चान्द ,भैरव और फुलो ,झानो भाई बहनों ने अंग्रेजी हुकुमत को चुनौती देने का संकल्प लिया और पारम्परिक हथियारों से युद्ध की शुरूआत की। अंग्रेजो के छक्के छुड़ाने लगे। 50 हजार जन फौज बना कर अंग्रेजी हुकुमत को खदेड़ना शुरू किये, मगर अंग्रेजो ने गरीबो को दलाल बना कर उन्हे गिरफ्तार कर उनकी हत्या कर दी थी। आज भी इस संथाल हुल लडाई की कहानी का गवाह संथाल परगना के साहेबगंज का भोगनाडीह गांव है। केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला ने कहा कि संथाल हुल के महानायको की जयंती पर संकल्प लेने का समय है। झारखंडी सपना को साकार किया जाय। 13 अप्रैल को हमारी पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर समाजिक न्याय मार्च कर झुठ फरेब लुट भ्रष्टाचार पर टिकी झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार को अपदस्थ करने का एलान किया है। इसमें शामिल हो राज्य के नवनिर्माण मे अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। आजसू पार्टी पलामू के कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता ने कहा कि हम सिद्धू कान्हु की जयंती पर खुशहाल झारखण्ड के सपनो को साकार करने के लिए आगे बढ़े।आजसू बुद्धिजीवी मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि संथाल हुल के नायकों से सबक लेकर नया झारखण्ड बनाने के लिए आन्दोलन का आगाज करे। केन्द्रीय सचिव विजय मेहता ने कहा कि हम लडाई का नेतृत्व कर सिद्धु कान्हू के आदर्श को स्थापित करने का संकल्प लें। कार्यक्रम मे तुलसी शुक्ला, आयुष कश्यप आनन्द चन्द्रवंशी व अखिल झारखण्ड महिला मंच के जिलाध्यक्ष प्रमिला मेहता आदि शामिल थे।



# डीसी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल आयोजित




नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** कोरोना के संभावित प्रसार को जिले में विफल करने व तैयारियों को परखने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला अंतर्गत लेस्लीगंज,पाटन,चैनपुर,सदर,मनातू व हरिहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मॉक ड्रिल का जायजा लेने उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे भी पहुंचे। यहां उन्होंने मॉक ड्रिल के दौरान बेड पर ऑक्सीजन की सप्लाई, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता व अन्य आवश्यक व्यवस्था आदि का अवलोकन किया।

### ऐसे हुआ मॉक ड्रिल

मॉकड्रिल के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीम अचानक अस्पताल पहुंची। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी सक्रिय हो गये। गेट खोलकर मरीज को बाहर निकालते हुए सीधे इमरजेंसी में ले गए। इमरजेंसी में पहले मरीज की स्क्रीनिंग की गयी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की गयी। रिहर्सल के पश्चात उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन को जिले में संभावित मरीजों की टेस्टिंग पर बल दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार,डीपीएम दीपक, लेस्लीगंज थाना प्रभारी,बीडीओ-सीओ समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पंचायत सचिव की अंतिम मेधा सूची जारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पंचायत सचिव भर्ती परीक्षा की अंतिम मेधा सूची सहित आंशिक रिजल्ट जारी कर दिया है। पलामू के कई अभ्यर्थियों ने इसमे सफलता पाई है। सभी अभ्यर्थियों को जिला भी आवंटन कर दिया गया है। अब जल्द ही सभी जिलों में पंचायत सचिव की नियुक्ति की जाएगी। यह भर्ती इंटरमीडिएट स्तर (कंप्यूटर ज्ञान और कंप्यूटर में हिंदी टंकन, अर्हता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2017 के तहत हुई है। जारी रिजल्ट के अनुसार, पंचायत सचिव (ग्रामीण विकास विभाग)बतौर नियमित भर्ती के तहत 1517 और बैकलॉग भर्ती के तहत 116 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया है। इसमें कुल 1633 अभ्यर्थियों का चयन किया गया गया है। आयोग के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पंचायत सचिव का रिजल्ट जारी किया गया है।विगत छह साल से पंचयात सचिव की नियुक्ति नियोजन नीति के कारण लंबित पड़ी थी। वहीं सोमवार को हाई स्कूल के हिंदी,जीव विज्ञान,रसायन शास्त्र,गणित और भौतिकी,नागपुरी,और गृह विज्ञान के अभ्यर्थियों को जिला विकल्प के लिए लिंक दिया गया है। जिसमे अभ्यर्थियों को 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक का समय दिया गया है।



**जांच** | पलामू एसपी के आदेश पर 16 तक चलेगा चेकिंग अभियान

# हेलमेट सहित वाहन के कागजात जरूरी

### सड़क पर चलने के दौरान लोग यातायात नियमों का पालन करें : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक पलामू पुलिस द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों की संघन जांच की जा रही है। कागजातों से संबंधित और चालक द्वारा वाहन चालन के नियमों का अनुपालन कराया जा रहा है। साथ ही सभी वाहन चालकों से पुलिस अनुरोध कर रही है कि वाहन का कागजात लेकर और सीट बेल्ट और हेलमेट लगाकर ही अपना वाहन चलाये। सड़क सुरक्षा नियम को लेकर पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान लोग यातायात नियमों का पालन करें। पलामू में हर वर्ष सैकड़ों व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु सड़क हादसे में हो जाती है। थोड़ी सी सावधानी बरत कर हम लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं।उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक व बैठने वाले लोग भी हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। चार पहिया वाहन चालक और वाहन में पीछे बैठे यात्री भी सीट बेल्ट का प्रयोग करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। सड़क पर स्टंट बिल्कुल न करें। वाहन चलाते समय गति सीमा का ध्यान रखें और किसी भी वाहन से ओवरटेक न करें। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद अवश्य करें । उन्होंने कहा कि पलामू जिले में 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक सघन सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस वाहन चालकों को जागरूक करने में जुट गई है। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया है कि यदि आप अपने घर से वाहन लेकर निकले तो अपने वाहन से संबंधित कागजात और हेलमेट अवश्य लेकर चलें। यदि वाहन चलाते समय बिना कागज के पकड़े जाते हैं तो चालक को फाइन भरने के साथ ही चालक पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती हैं।



# जिला पार्षद ने 20 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पश्चिमी जिला पार्षद निधि सिंह ने रविवार को 25वीं वित्त योजना मद की राशि से कुल 20 लाख की लागत से 7 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। उनके साथ पूर्व जिला पार्षद पुदीना कुंवर भी मौजूद थे। रविवार को जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। उनमें सुड़ी पंचायत के बांदूबार में 2 लाख 49 हजार का आंगनबाड़ी सुंदरीकरण, युक्त पंचायत के अंतर्गत ही बांदूबार में बनवा नदी के पास 2 लाख 49 हजार का तालाब का उन्नयन, इसी पंचायत के अंतर्गत जलमीनार से स्कूल 2 लाख 49 हजार का ट्रेनेज चौनल का निर्माण।इसी तरह से कौनवाई मेन रोड से रूप देव सिंह के घर तक 249000 का नाली निर्माण, उक्त पंचायत के ही नवल सिंह के घर से बरगद के पेड़ तक दो लाख 49 हजार का पथ निर्माण। व पंचायत पकरिया के बसरिया में इमामबाड़ा से मस्जिद तक नाली निर्माण, व पांकी पंचमी के ही ग्राम वृतिय डंडार में देवी मंडप से लेकर स्कूल तक 500000 के लगभग पीसीसी पथ का निर्माण। जिला पार्षद निधि सिंह ने कहा कि विकास के मामले में मेरा पार्षद क्षेत्र नंबर वन रहेगा। मौके पर जिला पार्षद निधि सिंह, पूर्व पार्षद पुदीना कुंवर, पार्षद पति समाजसेवी सिद्धार्थ सिंह उर्फ छोटू, संतोष सिंह, सिंधु सिंह, अरविंद सिंह, गणेश सिंह, शंभू सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थें।



NEWS इन ब्रीफ

## खरौंधी प्रखंड दफ्तर में बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाना शुरू



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में 4 अप्रैल से बायोमेट्रिक सिस्टम चालू कर दिया गया है। सभी प्रखंड कार्यालय तथा अंचल कर्मी तथा पदाधिकारी बायोमेट्रिक अटेंडेंस बना रहे हैं। बीडीओ गणेश महतो ने बताया 3 अप्रैल को गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर प्रखंड कार्यालय आगमन हुआ था। उपायुक्त ने ही बायोमेट्रिक सिस्टम चालू करने का निर्देश दिया था। सभी पदाधिकारी तथा कर्मी को बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश दे दिया गया है। इसके लिए नाजीर शैलेष कुमार को नोडल प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी ही जिनका अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उनका बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन करेंगे ताकि सभी लोग बायोमेट्रिक अटेंडेंस बना सके। इसके अलावा जिसे छुट्टी लेना होगा नोडल पदाधिकारी ही उसकी छुटी ग्रांट करेंगे। अगर किसी कर्मी का बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं बनेगा, उसे नोडल पदाधिकारी ही अपसेट करेंगे। इसीलिए सभी कर्मियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## गढ़वा जिला कबड्डी बालिका टीम ने अपने नाम की गोल्ड कप



**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिला बालिका टीम ने जामताड़ा जिले के गांधी मैदान में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में गोल्ड कप जीता है। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के बेस्ट आठ टीमें भाग ली थीं, जिसमें गढ़वा जिला बालिका टीम ने धनबाद जिला को 41 -27 पॉइंट, ईस्ट सिंहभूम जमशेदपुर टाटा को सेमीफाइनल मैच में 32-24 पॉइंट से हराकर फाइनल में, जामताड़ा जिला को 42-15 से हराकर शील्ड पर कब्जा किया। वहीं बेबी कुमारी जोकि केतार प्रखंड की रहने वाली है, उनको बेस्ट रेडर का अवार्ड मिला। गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि गढ़वा जिले की भवनाथपुर, बंशीधर नगर और केतार प्रखंड के बच्चे कबड्डी में अपने जिले के साथ-साथ अपने राज्य का नाम रोशन कर रही है। गढ़वा जिला के बालिका टीम लगातार 4 वर्षों से स्टेट चैंपियनशिप में विजेता उपविजेता रह रही है। बहुत से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर जलवा दिखा रही है।

# इसी माह होगा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का भव्य आयोजन: मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर सोमवार की देर शाम में सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने थाना गेट के समीप गुलाब मेमोरियल मार्केट स्थित पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक की।



बैठक में राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की नई तिथि निर्धारित करने पर चर्चा की गई। इस दौरान चैंबर के लोगों ने मंत्री से राजकीय श्री बंशीधर नगर का भव्य आयोजन करवाने तथा नई तिथि की घोषणा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महोत्सव को लेकर नगरवासी काफी उत्साहित थे लेकिन इसके स्थगित हो जाने से सभी मायूस हो गए हैं। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी हो चुकी थी। इसी बीच राज्य के निमार्ता व आंदोलनकारी तथा झामुमो के कद्दावर नेता जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन होने के कारण महोत्सव को स्थगित किया गया था। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया है। अप्रैल माह में ही इसकी तिथि निर्धारित करके उससे भी भव्य और दिव्य तरीके से आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 2 दिनों तक चलने वाले महोत्सव में बंशीधर भगवान की भव्य पूजा अर्चना के साथ-साथ देश के बड़े-बड़े कलाकारों को बुलाया जाएगा और कार्यक्रम को धूमधाम से सफल किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि श्री बंशीधर नगर वासियों के साथ साथ प्रदेशवासियों के लिए बहुत खुशी की बात है कि पहली बार श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है। इस पर सरकारी मोहर लग गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी महोत्सव आयोजित हुआ था लेकिन मुख्यमंत्री या मंत्री ने राजकीय महोत्सव नहीं घोषित की थी लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे कर दिखाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बंशीधर महोत्सव विधायक भानु प्रताप के लिए महज एक कार्यक्रम : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही के लिए बंशीधर महोत्सव महज एक कार्यक्रम है, परंतु जनता के लिए यह आस्था का विषय है। इसी भावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। राजकीय महोत्सव का दर्जा प्राप्त होने से अब हर वर्ष बंशीधर महोत्सव का आयोजन जरूर होगा। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार ने सिर्फ राजनीतिक दृष्टिकोण से महोत्सव कराया था जबकि उस वक्त भी बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया जा सकता था, परंतु जानबूझकर इसे एक निजी कार्यक्रम के रूप में आयोजित कराया गया। 8 और 9 अप्रैल को होने वाले बंशीधर महोत्सव की तिथि आगे बढ़ाए जाने के बाद से विधायक भानु प्रताप शाही इस पर तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं जबकि विगत 3 वर्षों में एक बार भी उन्होंने बंशीधर महोत्सव के आयोजन के लिए प्रयास नहीं किया। ना ही उन्हें इस तरह के आयोजन से कोई लेना-देना होता है। विधानसभा के सदस्य होने के बावजूद अपने ही सदन के लोकप्रिय नेता के निधन पर उन्हें राजनीति सूझ रही है। मानवता के दृष्टिकोण से भी उन्हें ऐसा करने से बाज आनी चाहिए। बंशीधर महोत्सव एक धार्मिक महोत्सव के रूप में आयोजित होगा जिसमें सभी लोगों की सहभागिता ही इसे भव्य और दिव्य बनाएगी।

### डोल गांव से दो हाईवा, एक जेसीबी मशीन जब्त, चार भेजे जेल

# अवैध बालू खनन पर कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र में सोमवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार व चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार तथा पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर डोल गांव में अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे दो हाईवा एवं एक जेसीबी मशीन को जप्त कर चिनिया थाना परिसर लाया लाया, जबकि हाईवा के दो चालक रमुना थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव व अमिंदर कुमार तथा ट्रैक्टर से अवैध रूप से कनहर नदी से बालू का उठाव कर डम्प करने के मामले में चिनिया थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी फूलचंद विश्वकर्मा तथा जेसीबी मशीन के मालिक धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव निवासी विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।







मामले में चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि कनहर नदी से अवैध बालु का धंधा करने वाले मुख्य आरोपी सुरेंद्र विश्वकर्मा गढ़वा के द्वारा हाईवा से बालू का ढुलाई किए जाने की जानकारी मिली थी।इसके आलोक में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू ढुलाई मामले में चार लोगों को जेल भेजा गया है। दो हाईवा एवं एक जेसीबी मशीन को जप्त कर थाना परिसर लाया गया है। वहीं मुख्य आरोपी सुरेंद्र विश्वकर्मा फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जप्त दो हाईवा सुरेंद्र विश्वकर्मा गढ़वा के हैं जबकि जेसीबी मशीन विष्णु गुप्ता कदवा की है। इनसे अवैध रूप से बालू की ढुलाई पिछले 10 दिनों से की जा रही थी। वहीं इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू का धंधा करने वालों में हड़कंप है। थाना प्रभारी राजबल्लव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध काम करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार तथा पुलिस बल शामिल रहा।

## जन्मदिन पर परिसर में पौधा लगा थाना प्रभारी ने मनाया जन्मदिन

**मेराल।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने थाना परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में अपने साथियों के साथ पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए फलदार तथा छायादार पौधे लगाएं। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आने वाले कल को बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी है तथा अन्य लोगों को भी अपने खास तिथि को यादगार बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा लगाना चाहिए। पुलिस कर्मी के साथ थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार को सभी लोगों ने जन्मदिन की बधाई तथा उज्जवल भविष्य के लिए दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, संजय कुमार कुशवाहा, जाहिद अंसारी, सुरजीत चौधरी, पवन कुमार, संतोष कुमार, उमाशंकर शर्मा, शैलेंद्र सिंह, मुन्ना चौधरी, विकास दुबे, राजेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तथा अन्य लोग शामिल थे।



## चैता कार्यक्रम में देर रात तक झूमते रहे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के करकोमा गांव में प्राथमिक विद्यालय भुईयां टोली के प्रांगण में सोमवार की रात्रि दुगोला चैता का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के लोक गायक निर्मला यादव एवं पलामू के प्रसिद्ध व्यास राजमुनि झारखंडी के बीच शानदार मुकाबला हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के प्रतिनिधि मंगल मूर्ति तिवारी, रिंकु तिवारी, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी आदि संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन द्वारकानाथ पांडे द्वारा किया गया। लोक गायक निर्मला यादव द्वारा तोहरे चरणीया के हम फूल भेजले बानी, न्योता करीं ना कबूल जैसे भजन गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद दोनों ही कलाकारों द्वारा रंगीले अंदाज में गीत संगीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया गया। सभी देर रात्रि तक कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे। इस मौके पर कार्यक्रम संचालन समिति के अध्यक्ष भोलाराम प्रमुख दीपमाला कुमारी, दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि करीब अंसारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, सत्येंद्र तिवारी जयराम तिवारी राम लखन तिवारी शेषमणि तिवारी सोमारु राम मानदेव बैठा राजेश बैठा,काजू तिवारी, पंकज तिवारी, विनय कुमार तिवारी, मुखिया रामप्रताप साव, सूर्यदेव तिवारी, युगल किशोर राम, राकेश चौधरी सूरज देव चौधरी नाजिम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## नारायण वन सूर्य मंदिर का स्थापना दिवस मनेगा

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के सुप्रसिद्ध नारायण वन में भगवान सूर्य की प्रतिमा प्रतिष्ठापना के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर मीडिया ग्रुप की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मीडिया ग्रुप के विकास कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर नारायण वन के प्रांगण में भव्य दुगोला मुकाबला का आयोजन किया जाएगा। इसमें 14 शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश के निर्मला यादव एवं झारखंड की ओर से दयानंद तिवारी के बीच महामुकाबला होगा। इसको लेकर नारायण वन में तैयारी कि जा रही है। गौरतलब है कि नारायण वन में



सैकड़ों वर्ष पहले भगवान सूर्य की मूर्ति निकली थी, जिसकी पूजा ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। भव्य मंदिर निर्माण के बाद पिछले वर्ष संगमरमर की भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया था।

# खरौंधी प्रखंड में नदियां सूखीं, जल संकट गहराया

**नवीन मंल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

पिछले वर्ष बारिश नहीं होने की वजह से प्रखंड के तीनों लाइफलाइन नदी पंडा नदी, डोमनी नदी तथा ढाढरा नदी जनवरी माह में ही सूख गया था। वहीं सोनटतीय क्षेत्रों में सदा बहने वाली सोननदी का भी पानी काफी कम हो गया है। बरसात में बारिश नहीं होने की वजह से प्रखंड का जलस्तर लगातार नीचे चला जा रहा है। इससे प्रखंड के खरौंधी, चंदनी, करिवाडीह, राजी, मझिगावां, सिसरी आदि पंचायत के तालाब, आहर, कुआं सुख गया है। वहीं प्रखंड के 70 प्रतिशत से ज्यादा चापाकल जवाब दे दिया है, जिससे प्रखंड के लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। खरौंधी बाजार के सभी चापाकल सुख गए हैं। मजबूरी में सभी छोटे व्यवसाई पानी बोतल या पानी की पाउच खरीदकर पी रहे हैं। जबकि पूरी गरमी का मौसम बाकी है। लोगों को पानी कठिनाई से मिल रहा है तो मवेशियों को पानी कैसे मिलता होगा सोचने वाली बात है।

**प्रखंडवासियो की समस्या :** व्यवसाई लियाकत अंसारी ने बताया प्रखंड का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। इससे बाजार के आसपास के अधिकांश चापाकल एक माह पूर्व ही सुख गए हैं। इससे खरौंधी बाजार के दुकानदार तथा बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोग मजबूरी में पानी की पाउच खरीदकर पी रहे हैं। वहीं बाजार के होटल संचालक प्रतिदिन सुबह में आधा किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाते हैं। सबसे ज्यादा



परेशानी मवेशियों को पानी पिलाने में लोगों को हो रही है। समय रहते इसका निदान नहीं किया गया तो गरमी के दिनों में इससे भी ज्यादा परेशानी प्रखंड के लोगों को होगी।

**जनप्रतिनिधि क्या कहते हैं :** विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि प्रखंड का लगातार जलस्तर नीचे जा रहा है। इससे प्रखंड की नदी के साथ, तालाब और बांध सुख गया है। इसके अलावा अधिकांश कुएं तथा चलापाल भी सुख गए हैं। प्रखंड के लोग मुझसे अकसर इन समस्याओं को बता रहे हैं। सबसे ज्यादा पानी की समस्या खरौंधी बाजार में हो गई है। क्योंकि खरौंधी बाजार के सभी चापाकल सुख गए हैं। कई जगह मैं खुद जाकर देखा हूं। इसे दूर करने के लिए पीएचडी विभाग के लोगों से मिलकर समस्या को दूर करने की मांग करेंगे।

**पदाधिकारी क्या कहते हैं :** इस संबंध में बीडीओ गणेश महतो ने बताया कि पानी की समस्या प्रखंड में लगातार बढ़ रही है। मुझे भी लोगों ने कार्यालय आकर बताया है। इन समस्याओं से पीएचडी विभाग को जानकारी दे दी है। पीएचडी विभाग ने खरौंधी प्रखंड के चापाकल ठीक करने के लिए टीम बनाई है। दो तीन दिन से खरौंधी में टीम ने काम शुरू कर दिया है। जिस चापाकल का बोर ड्राई हो गया है उसके बारे में जिला कार्यालय को अवगत कराएंगे।

### आयोजन | अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनामेंट शुरू

# श्रीबंशीधर नगर ने महुली को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

युवा शक्ति क्लब के तत्वाधान में स्थानीय टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन सोमवार को सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं भवनाथपुर विस के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मैच में यूपी के महुली और झारखंड के श्रीबंशीधर नगर के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर महुली ने पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर में आठ विकेट खोकर 76 रन बनाये। श्रीबंशीधर नगर की टीम ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 79 रन बनाकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच श्रीबंशीधर नगर के खिलाड़ी बिशु कुमार को दिया गया।



इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे इस प्रतिष्ठित टूनामेंट का सहभागी बनने का अवसर मिला। जिस प्रकार झारखंड राज्य खनिज सम्पदाओं से भरा पूरा हुआ है, उसी प्रकार इस राज्य के कोने-कोने में प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं। विभिन्न खेलों से राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले इस राज्य के 46 खिलाड़ीयों को सीधे नौकरी देने का कार्य किया है। इस मौके पर श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, बीडीओ जयपाल महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दीपक प्रताप देव, ब्रजेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देवी, आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक वर्मा,पिंटू टोपनो,सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है रमजान

**श्री बंशीधर नगर।** पवित्र माह ए रमजान मुसलमान समुदाय के लिए काफी खास और पवित्र होता है। उक्त बातें युवा समाजसेवी शोयब आलम(गुड्डू) ने कही। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह-ए- रमजान न सिर्फ रहमतों बरकतों का महीना है, बल्कि मानव जाति को आपसी भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है। रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी बताया गया है। रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अश्लील या गलत काम से बचना है। इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है। रमजान में किसी तरह के झगडे या गुस्से से ना सिर्फ मना फरमाया गया है बल्कि किसी से गिला शिकवा है तो उससे माफी मांग कर समाज में एकता कायम करने की सलाह दी गई है।



# मंत्री ने सूर्य मंदिर में माथा टेका व्यवसायियों ने सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सूर्य मंदिर भवनाथपुर के प्रांगण में सोमवार की देर शाम आयोजित व्यावसायिक संघ के कार्यक्रम में झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पहुंचे। उन्होंने मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के सदस्यों द्वारा फूल माला एवं शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया।



इस मौके पर भवनाथपुर व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद सहित अन्य व्यवसायियों ने उन्हें 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस पर मंत्री ने कहा कि तकनीकी कारण एवं उदासीनता के कारण पावर प्लांट का कार्य नहीं हो पाया है, रांची जाने के पश्चात मुख्यमंत्री से बात कर इस पर पहल करूंगा। साथ ही बताया कि मेरी पहल से ही औद्योगिक कॉरिडोर का कार्य हो रहा था लेकिन केंद्र सरकार ने संसाधन और व्यवस्था नहीं होने का कारण बताकर खारिज कर दिया। इस पर मैं फिर से प्रस्ताव भेजूंगा। कोल्ड स्टोरेज, बस स्टैंड, बाजार समिति से भवन निर्माण सहित अन्य मांगों पर माननीय मंत्री ने इसे विधायक का काम बताया और कहा कि यह क्षेत्रीय विधायक की उदासीनता का परिणाम है। फिर भी वह इस मामले पर पहल करेंगे और पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस कार्यक्रम में भवनाथपुर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, वेदप्रकाश आर्य, अजय साह, सूरजभान सिंह रौनियार, ओम प्रकाश आर्य, राकेश चंद्रवंशी, दुर्गेश गुप्ता, सुनील सेठ, नंदू विश्वकर्मा, राजेश राम, राजेश्वर गुप्ता, देवेंद्र विश्वकर्मा, अवध बिहारी, मोहम्मद काजीम, पप्पू अंसारी,चनरधन गुप्ता, निरंजन गुप्ता, कृष्णा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण वातावरण में हुई 9वीं बोर्ड की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी/मयूरहंड**

जैक द्वारा आयोजित नौवीं की वार्षिक परीक्षा 2022-23 मंगलवार से जिला मुख्यालय के अलावा गिद्धौर, इटखोरी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, सिमरिया, प्रतापपुर, कुंदा व टंडवा अदि प्रखंडों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त माहोल में प्रारंभ हो गई। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर पहले दिन 728 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखा। गंगा स्मारक के केंद्राधीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि केंद्र में 433 छात्र-छात्राओं में से 427 परीक्षा में भाग लिया। जबकि 6 अनुपस्थित रहे।



वहीं मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षक राजकुमार यादव ने बताया कि 362 छात्र-छात्राओं में 341 परीक्षा में शामिल हुए व 21 अनुपस्थित रहे। कदाचार मुक्त परीक्षा केंद्राधीक्षकों के देखरेख में लिया जा रहा है।

## शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुई 9वीं बोर्ड की परीक्षा

**बारियातु।** नौवीं बोर्ड की परीक्षा प्रखंड के दो केंद्रों में मंगलवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कक्षा 9 की द्वितीय पाली में भाषीय विषय की परीक्षा में 18 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मुख्यालय के आदर्श मध्य विधालय परीक्षा केंद्र की अधीक्षक अनिता देवी ने बताया कि प्रथम दिन द्वितीय पाली में हिंदी व अंग्रेजी भाषीय विषय की परीक्षा में 9 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परियोजना +2 उच्च विद्यालय परिक्षा केंद्र की अधीक्षक गीता कुमारी ने बताया कि मेरे विद्यालय में 9 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# परीक्षार्थियों से भरा ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, आधा दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

छिपादोहर के संत मरियम स्कूल से कक्षा 9 की परीक्षा देकर लौटते प्लस टू सरईडीह के छात्र-छात्राओं से भरा टेंपो मंगलवार की शाम बेतला वन विभाग के नाका के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ऑटो चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बरवाडीह पुलिस टीम के थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहीं अस्पताल ले जाने के क्रम में छात्र सीकेश सिंह, पिता पप्पू सिंह, ग्राम टेडियाही की मौत हो गई। वहीं नंदनी कुमारी, मिथलेश कुमार, गोलू कुमार, देवंती कुमारी, चंदन कुमार, तैयब अंसारी, मनीषा कुमारी और अन्य गंभीर रूप से घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रंजन, ड्रेसर बबलू सिन्हा, चिकित्सा कर्मी दीपक सिंह समेत अन्य की देखरेख में इलाज किया गया। दनमें से मिथिलेश कुमार और नंदनी कुमारी की हालत गभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए डालटेंगज पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उधर, घटना की सूचना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, बेतला पंचायत की मुखिया मंजू देवी, पूर्व मुखिया संजय सिंह, यूथ कांग्रेस के नेता हिमांशु गुप्ता मौके पर मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### हैवी ब्लास्टिंग से लोग परेशान, सुरक्षा की लगा रहे गुहार



**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में संचालित मगध व आम्रपाली कोल खनन परियोजनाओं द्वारा महज 15 से 20 मीटर की दूरी में हो रहे ओपेन माइनिंग के दौरान ब्लास्टिंग व धूल से देवलगड़ा व मनवाटोंगरी के दलित-आदिवासी ग्रामीण दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि मगध में प्रभावित देवलगड्डा गांव जहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिसमें आदिवासियों के दर्जनों बच्चे पढ़ते हैं। उससे महज 15 मीटर की दूरी पर मगध परियोजना का ओपनकास्ट माइनिंग संचालित है। कोल उत्खनन कार्य के दौरान हैवी ब्लास्टिंग व कंप्रेशर मशीनों की वजह से आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो चुका है। इससे हमेशा वहां अनहोनी की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन के इतने दमनात्मक रवैए होने के बावजूद उनकी सुधी लेने वाला कोई नहीं है। वहीं आम्रपाली कोल परियोजना स्थित मनवाटोंगरी में भी ऐसी ही स्थिति है। जहां रहने वाले गरीब दहशत के साये में रहने को मजबूर हैं।

### मजदूरी भुगतान शत प्रतिशत आधार से करें

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीपीओ राजिव रंजन सिंह ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा को लेकर बैठक की। बीपीओ ने विभिन्न पंचायतों में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए रोजगार सेवक को कई आवश्यक निर्देश दिया। बीपीओ ने रोजगार सेवकों को लंबित योजनाओं का जिओ टैग कर बंद करने, सामुदायिक योजनाओं में एनएमएमएस के माध्यम से हाजरी बनाने और शतप्रतिशत आधार से मजदूरों की मजदूरी भुगतान करने, लक्ष्य के अनुरूप बिरसा मुंडा व आम बागवानी के लिए स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया।


## टीएसपीसी प्रवक्ता कॉमरेड जितेंद्र जी ने किया प्रेस विज्ञप्ति जारी

# अपराधी टीएसपीसी को कर रहे बदनाम, होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के प्रवक्ता कॉमरेड जितेंद्र जी ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इन दिनों अपराधियों द्वारा टीएसपीसी संगठन को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि संगठन का किसी भी अपराधियों से कोई संबंध नहीं है।

टीएसपीसी द्वारा जारी किए गए विज्ञप्ति में चार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की धमकी भी दी गई है। टीएसपीसी संगठन द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि संगठन द्वारा चार लोगों को चिन्हित किया गया है, जो संगठन को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। सभी चिन्हित लोगों के नाम भी दर्ज हैं, जिसमें पोचरा गांव निवासी शमशाद अंसारी, जान्हों मतनाग के नंदू शर्मा, डोकी के भीम पासवान और महुआडांड़ के मंजर खान के नाम शामिल हैं। लातेहार जिले में इन दिनों अपराधी संगठन सक्रिय हो गए हैं। हालांकि पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है।



दिनांक 10-04-2023

दक्षिणी सब जोनल ब्यूरो

प्रेस वक्तव्य

लातेहार पुलिस द्वारा दो व्यक्ति की गिरफ्तारी किया गया था, जिसमें T.S.P.C संगठन को अपराधियों से जुड़ा जा रहा था। इसमें T.S.PC संगठन किसी भी अपराधी संगठन से लेना-देना नहीं है। इन दिनों TSPC संगठन के नाम से ठिकेदार एवं व्यवसायों को धमकाया जा रहा है। ऐसे लोगों को संगठन ने चिंहित किया है जिसमें पोचरा के

गिरफ्तार अपराधी पूछताछ के दौरान पुलिस के सामने यह बयान दे रहे हैं कि नक्सली संगठन टीएसपीसी से उनका गठजोड़ है और टीएसपीसी के कमांडरों के नाम पर लेवी की वसूली की जा रही है। हाल के दिनों में अपराधी संगठनों से जुड़े अपराधियों के गिरफ्तारी के बाद इस प्रकार के मामले भी सामने आए हैं। गिरफ्तार अपराधियों द्वारा पुलिस को बताया जाता है कि नक्सली संगठन टीएसपीसी और अपराधी संगठन एक दूसरे से मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं टीएसपीसी के प्रवक्ता कामरेड जितेंद्र जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सली संगठन टीएसपीसी और अपराधी संगठनों के गठजोड़ की बात को पूरी तरह भ्रामक बताया है।

विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया है कि कुछ अपराधी इन दिनों नक्सली संगठन टीएसपीसी को बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि संगठन को भी सूचना है कि कुछ लोग संगठन के नाम पर व्यवसायियों और संवेदको को धमका रहे हैं। संगठन द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित भी किया गया है और ऐसे कार्य में लिप्त अपराधियों के खिलाफ संगठन कार्रवाई भी करेगा। विज्ञप्ति के माध्यम से कहा गया है कि संगठन इतना कमजोर नहीं हुआ है कि उन्हें अपराधियों का सहयोग लेना पड़े। विज्ञप्ति के माध्यम से संगठन द्वारा कहा गया है कि इन लोगों द्वारा संगठन को बदनाम किया जा रहा है। संगठन के नाम पर लेवी मांगी जा रही है और मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है। टीएसपीसी संगठन द्वारा कहा गया है कि जिले के महुआडांड़ समेत अन्य इलाकों में रविंद्र और नवीन के नाम से टीएसपीसी के पर्चे पर लेवी की मांग की जा रही है, जबकि संगठन नवीन और रविंद्र नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। वहीं, कमांडर विकेश जी के नाम से भी लेवी के लिए धमकी दी जा रही है, जबकि विकेश जी जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि संगठन को बदनाम करने का जो प्रयास कर रहे हैं उनके खिलाफ संगठन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नए थाना प्रभारी कौशल सिंह जनसहयोग से अपराध और उग्रवाद पर लगाएंगे अंकुश

**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार को चतरा जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा थाने के 20वें थाना प्रभारी के रूप में 2018 बैच के युवा पुलिस अवर निरीक्षक कौशल सिंह न`योगदान दिया। नए थाना प्रभारी सिंह ने योगदान देने के बाद पत्रकारों से कहा कि अपराध एवं अपराधियों के लिए कोई जगह नही होगी। जनता निर्भीक होकर थाना आए और अपनी समस्या को रखे। उन्होंने आगे कहा कि कुंदा थाना क्षेत्र में अपराध उन्मूलन हो, विधि व्यवस्था दुरुस्त हो इसके लिए वे विशेष प्रयास करेंगे। आम जनता के सहयोग से अपराध, उग्रवाद व अवैध नशा के अफीम की खेती व तस्करी पर अंकुश लगाया जाएगा। विधि व्यवस्था भंग करनेवालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत किया। निवर्तमाण थाना प्रभारी परमानन्द मेहरा का कार्यकाल संतोष जनक रहा।



# थाना प्रभारी और पंचायत प्रतिनिधियों की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में थाना प्रभारी और पंचायत प्रतिनिधि के बीच समन्वय को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को थाना द्वारा मान सम्मान नहीं दिए जाने का मामला उठाया गया। बैठक में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व पंचायत प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई, जिसमें कई पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि अन्य कई लोगों को बैठने के लिए कुर्सी मिल जाती है लेकिन पंचायत प्रतिनिधि को कुर्सी नहीं मिलती है।

इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि हम रिक्शा चालक को भी कुर्सी दे सकते हैं। हमारे लिए सब बराबर हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि निर्दोष फसे नहीं और दोषी बचे नहीं इसके लिए हमलोग सहयोग करेंगे। इसके साथ ही आग्रह किया कि छोटा-छोटा मामला पंचायत स्तर पर ही निष्पादित हो जाए। साथ ही कहा कि फर्जी मुकदमे में लोग फंसे नहीं इसके लिए पंचायत मुखिया व पंसस से जानकारी लेने की भी कोशिश की जानी चाहिए। इस पर थानेदार ने कहा कि थाना आईपीसी और सीआरपीसी के तहत चलता है। पंचायती नहीं करें। अगर कोई पलट गया तो आपको भी पार्टी बनाया जा सकता है। इसके साथ ही कहा कि आप लोग पंचायती राज अधिनियम को पढ़ लें। सांसद, विधायक व सरकारी कर्मी को छोड़कर एफआईआर करने के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यता नहीं है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने भी कई बिन्दुओं पर चर्चा कर जानकारी दी।

मौके पर उप प्रमुख निशा शाहदेव, पंसस संतोष भगत, सोनी देवी, मो होजैफा, जया देवी, उमेश उरांव, मुखिया सरिता देवी, राजीव भगत, केदार गंझु, तेतरी देवी, रानो देवी, शांति देवी, समाजसेवी राजेन्द्र उरांव, नंदु उरांव, प्रमोद उरांव, लालआशीष नाथ शाहदेव सहित अन्य भी मौजूद थे।

# आवासीय विद्यालय में मनाई कस्तूरबा जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मंगलवार को देश की आजादी में अपना अहम योगदान निभाने वाली नारी शक्ति कस्तूरबा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान वार्डन समेत अन्य शिक्षाकर्मियों-छात्राओं द्वारा कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कस्तूरबा गांधी के जीवन पर आधारित कई विचारों को रखा गया। मौके पर वार्डन रूबी कुमारी, शेवता कुमारी, उषा कुजूर, जुबिता मिंज, वर्षा पाठक गोसिया खानम, पूनम कुमारी, नीलम कुमारी, लेखपाल मुकेश भारती समेत काफी संख्या में विद्यालय की छात्राएं मौजूद थे।

## चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिए कई दिशा निर्देश

**बालूमाथ।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश राम ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर आगामी 20 अप्रैल को कृमि दिवस आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राम ने स्वास्थ्य कर्मियों को कृमिनाशक दवा खिलाने से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि की दवा खिलाना है। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय आदि जगहों पर जाकर दवा खिलाएं। इस दौरान जो बच्चे बाहर के हैं उन्हें भी दवा खिलाने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुमार, बीपीएम मृतुंजय कुमार, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, जीएनएम के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# कबड्डी खिलाड़ी नेहा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के आरओएच शेड परिसर में मंगलवार को आयोजित समारोह में मोरवाई पंचायत की नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली खिलाड़ी नेहा कुमारी को सम्मानित किया गया। नेशनल कब्बडी खिलाड़ी के प्रोत्साहन को लेकर आरओएच इंचार्ज जुगनू दास द्वारा उसे एक प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि उनके बेहतर खेल को निखारने के लिए भविष्य में विभाग हरसंभव सहयोग और मदद करेगा। इंचार्ज जुगनू दास की सार्थक पहल को उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसके लिए उनका आभार



प्रकट किया। वहीं कार्यक्रम में खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने के लिए कोच अशफाक अहमद मुन्ना का भी आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रेम कुमार अधूरा, बीरेंद्र जायसवाल, काजमी अनवर, रंजीत कुमार सिंह राणा, सरोज सिंह समेत रेल अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## उपायुक्त इमरान ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित, शिक्षक के मानदेय, आवास, राशन से संबंधित मामले लेकर आम लोग पहुंचे थे। उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समस्याओं के निष्पान को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश किया।सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक जनता दरबार लगता है।

## प्रोजेक्ट टाइगर मैसूर में कार्यक्रम का हुआ था आयोजन

# पीएम संग बैठक में शामिल हुए कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर मैसूर में आयोजित एक मेगा इवेंट में पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर कुमार आशुतोष भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाघों की संख्या की घोषणा करने के बाद प्रोजेक्ट टाइगर में काम कर रहे फील्ड डायरेक्टर व अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वन व वन्य प्राणियों के संरक्षण की दिशा में कई जानकारियां दी। कार्यक्रम में झारखंड से प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव व पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर कुमार आशुतोष शामिल हुए।

फील्ड डायरेक्टर कुमार आशुतोष ने बताया कि देश के सभी प्रोजेक्ट टाइगर के वरीय



पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री से अनुभव शेयर करना ऐतिहासिक पल रहा। इस बार पीटीआर को 65.91 प्रतिशत स्कोर के साथ गुड रैंकिंग मिला है। यह पीटीआर के लिए गौरव की बात है। अब पीटीआर के संरक्षण व संवर्धन में दोगुने उत्साह के साथ काम किया जाएगा। पीटीआर का बाघ विहीन होने का कलंक मिट गया है। पीटीआर में बाघों की संख्या तीन है। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ देहरादून को पूर्व में बाघों के स्केट सहित अन्य प्रमाण को भेजा गया था। इसके आधार पर नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ( एनटीसीए) के द्वारा रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी गयी थी. इसके आधार पर प्रधानमंत्री के द्वारा सेंसस रिपोर्ट जारी किया गया।

## भाजपा नेताओं ने की लाठीचार्ज की निंदा

**बरवाडीह।** रांची सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी के घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि यह हेमंत सरकार के पतन की शुरुआत है। भाजपा नेत्री जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि हेमंत सरकार अपनी सभी योजनाओं और कार्यप्रणाली में विफल साबित हुई है, जिसका यह परिणाम है। वहीं भाजपा के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार के खिलाफ अब विरोध की हवा बहने लगी है, क्योंकि राज्य में लगतार अराजकता, अपराध, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है और इसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता तैयार है। महामंत्री पारस जायसवाल ने भी भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज को एक सोची समझी साजिश बताया है और कहा कि सरकार अब अपनी उल्टी गिनती गिनना शुरू कर दें। वहीं पवन चौधरी, प्रवीण कुमार, दीपक तिवारी, दिलीप पासवान, जितेंद्र सिंह समेत कई नेताओं ने घटना की निंदा की।

# चोरी गए लोहे को आरपीएफ ने गनियारी से किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

टोरी-लोहरदग्गा-रांची रेल खंड पर बोदा स्टेशन के समीप से चोरी गए लोहे को लोहरदगा आरपीएफ की टीम ने चंदवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत माल्हन पंचायत के गनियारी प्रतापी टांड़ से बरामद कर लिया है।

बताते चलें कि सोमवार की रात लोहा चोरों ने बोदा के नजदीक से रेलपटरी के छोटे छोटे टुकड़े कर तस्करों द्वारा चोरी कर अन्यत्र बेचे जाने के लिए बोदा गांव से लगभग बीस-पचीस किमी दूर माल्हन पंचायत के गनियारी प्रतापी टांड़ में ले जाकर झाड़ियों के बीच गढ्ढे में छिपा दिया गया था। इस बात की गुप्त सूचना जीआरपी लोहरदगा को दी गई। इस संबंध में संवाददाता द्वारा फोन पर पूछे जाने एसआई हेमंत कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बोदा के बियरजंघा रेल



किनारे से लोहे की चोरी की गई है। सूचना की सत्यता की पुष्टि करने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इसमें शामिल एक युवक चंदन गंझू बोदा निवासी को पकड़ने में सफलता पाई। उसी युवक के निशानदेही पर चोरी किये गये लोहे को गनियारी प्रतापी टांड़ से बरामद कर किया गया है। खबर लिखे जाने तक रेल पटरी के टुकड़े को रेल थाना ले जाने के लिए ट्रैक्टर में लोड किया जा रहा था। विदित हो कि इन दिनों क्षेत्र में लोहा चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है। इस इलाके में चोरों ने कई बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। देखा जाये तो अभी तक इसमें शामिल सफेदपोश का नाम सामने नहीं आ पाया है। छापामारी अभियान में एसआई हेमंत कुमार रेल थाना लोहरदगा के साथ आरपीएफ के जवान शामिल थे।

NEWS इन ब्रीफ

## प्रखंड कार्यालय में सर्वजन पेंशन फॉर्म भरने का कार्य प्रारंभ

**बानो।** प्रखंड के सर्वजन पेंशन योजना की शतप्रतिशत सफलता के लिये प्रखण्ड के लोगो का फार्म भरने का कार्य प्रारंभ किया गया बानो प्रखण्ड के वैसे व्यक्ति जो पेंशन योजना का हकदार हो वैसे व्यक्ति का पहचान कर फार्म भरने की जानकारी दी गई। वैसे व्यक्ति जो बृद्धा पेंशन, बिधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन, एकल महिला, निस्तारित व्यक्ति यों का किसी कारण वश पेंशन नही मिलता हो उसकी जांच कर फार्म भरने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर महिला सुपरवाइजर संगीता देवी ,बी ई ओ लक्मन महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## पीडियापोंछ में सड़क व पुल निर्माण का किया गया निरीक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ पंचायत में सड़क एवं पुलिया निर्माण की झारखंड प्रदेश मजदूर नेता ने किया निरीक्षण। इस मौके पर बताया गया कि पीडियापोंछ पंचायत के कुकुरडुबा नाला में पुलिया निर्माण किया जा है इसके साथ ही सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है बताया गया कि यहां काम करने वाले मजदूरों ने शिकायत किया था कि 250 रुपए मजदूरी दर से मजदूरों को भुगतान किया जा रहा है। जबकि सरकारी मजदूरी दर 350 रुपये निर्धारित है। इसके साथ ही 8 घण्टे के बदले 9 घंटे तक काम कराया जाता है।

## भंडरा में जल समस्या को लेकर बीडीओ ने की विस्तृत समीक्षा

**भंडरा/लोहरदगा।** गर्मी के आहट को देखते हुए बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने मंगलवार को भंडरा में जल समस्या को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी खराब चापाकलों को चिन्हित करने का आदेश पंचायत सेवक और जनसेवकों को दिया है। इसके अलावे गावों में खराब पड़े हर घर जल योजना और सोलर जलापूर्ति योजना का सर्वे रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव रउफ अंसारी , जीतबहान , भगत , लिपिक चन्द्रकिशोर भगत आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**कुड़ू - लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरजंन कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिसमें सभी पंचायत को मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 का श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस का सृजन करने, मनरेगा मजदूरों का शतप्रतिशत आधार प्रविष्टि, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान की योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं पूर्व की योजनाओं को बन्द करने संबधी निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ रघुनाथ मुंडा, अरविन्द रोशन, सभी पंचायत सचिव, सभी कनीय अभियंता एवं सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मिला शिक्षक संघ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर शिक्षक की समस्याओं के समाधान के लिए वातार्लाप किया। प्रधानाध्यापक सहित सभी ग्रेडों में शिक्षकों की वर्षों से लंबित प्रोन्नति पर डीईओ ने कहा कि यथाशीघ्र ग्रेड - 4 के रोस्टर क्लीयरेंस हेतु प्रेषित किया जाएगा एवं शीघ्र ही ग्रेड 4 की वरीयता सूची तैयार कर शिक्षकों को प्रोन्नति देते हुए अन्य सभी ग्रेडों में प्रोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

उन्होंने रुचिपूर्ण होकर प्रोन्नति से संबधित सभी पहलुओं पर अपने साकारात्मक विचार व्यक्त किए। ट्रांसफर पोर्टल पर चर्चा करते हुए डीईओ ने कहा कि नियुक्ति नियमावली 2012 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की श्रेणी 1 - 5 अथवा 1 - 8 के विवाद पर निदेशालय से संपर्क कर शीघ्र ही इसका निपटारा किया जाएगा। नई अवकाश प्रबंधन प्रणाली के संबंध में कहा कि यह व्यवस्था अभी प्रारंभिक अवस्था में है और इसमें कई निमार्णात्मक सुधार होंगे तथापि शिक्षकों को इस नई व्यवस्था में विशेषज्ञता दिलाने के लिए विशेष कार्यशाला की मांग का उन्होंने समर्थन किया। भंडरा के कतिपय शिक्षकों का पूर्व में विद्यालय निरीक्षण के फलस्वरूप रुके हुए वार्षिक वेतनवृद्धि के मामले का शीघ्र ही समाधान निकालने का साकारात्मक संकेत दिया। विभागीय आदेशानुसार कई शिक्षक मूल विद्यालय से अन्यत्र शैक्षणिक कार्य से ही प्रतिनियोजित हैं साथ ही सेवानिवृत और मृत शिक्षकों को अनुपस्थित दिखाया जाता है।

इस समस्या का निराकरण करने का आश्वासन प्राप्त हुआ। प्रतिनिधिमंडल में रामचंद्र उरॉव, चोन्हस उरांव, बालकृष्णा सिंह, आशुतोष कुमार, अरुण कुमार दास, प्रदीप कुमार, सुजीत रजक, विकेश कुमार सिन्हा, नवनीत कुमार गौड़ उपस्थित थे।

# हिंदू संगठनों ने किया हेमंत सरकार का पुतला दहन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम बरवा टोली चौक में किया गया। जमशेदपुर में कदमा के मंदिर में प्रतिबंधित मांस को महावीर ध्वज में बांधकर लटकाया गया उसके विरोध में झारखंड सरकार का पुतला दहन कर विरोध दिखाया गया। विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर में जिस तरह जिहादियों ने आतंक मचा रखा है उसे झारखंड सरकार बढ़ावा दे रही है।



बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने कहा कि आए दिन झारखंड में जिस तरह से घटनाएं हो रही है इससे साफ जाहिर होता है कि यहां की सरकार बहुत ही गहरी नींद में सोई हुई है इसलिए मैं सरकार से अविलंब ऐसे दुष्ट लोगों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रमोद प्रजापति द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया। मौके पर समाजसेवी देवाशीष अग्रवाल, बजरंग दल नगर सहसंयोजक रितिक वर्मा, दीपक साहू, हसमुख रंजन, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, सत्यम कुमार एवं अनेकों राम भक्त उपस्थित थे।

## अंधारीगढ़ा निवासी अनिल के मर्डर का खुलासा, दोनों गिरफ्तार

# जमीन विवाद में प्रेमी संग मिल कर की थी चचेरे भाई की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
कोलेबिरा पुलिस ने 7 अप्रैल को लचरागढ़ छठ तालाब के पास गला रेतकर हत्या मामले में उद्भेदन करते हुए मृतक की चचेरी बहन एवं उसके प्रेमी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



इस संदर्भ में कोलेबिरा थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए डोडराय ने बताया कि 7 अप्रैल को अंधारीगढ़ा निवासी अनिल बरला की अज्ञात अपराधियों के द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कोलेबिरा थाने में मृतक की पत्नी पुष्पा बरला द्वारा लिखित आवेदन देकर तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। ईधर सिमडेगा एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना का उद्भेदन किया जिसमें अंजाम देने वाले दो अभियुक्त जिसमें रूसू सोलंकी एवं प्रेमिका अंजली बरला को गिरफ्तार किया गया। साथ ही बताया गया कि अन्य दो अभियुक्त की पहचान की जा चुकी है जल्दी उन दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।घटना का मुख्य कारण बताया गया कि मृतक अनिल बरला एवं उनके चाचा के बीच संपत्ति हड़पने एवं मृतक के द्वारा अपने चाचा की बेटी एवं उनके परिवार के साथ मारपीट करने का लंबे समय से विवाद चल रहा था एवं इसी कारण मृतक के चाचा की बेटी अंजलि ने अपने प्रेमी को सोलंकी एवं उनके दो साथी के साथ मिलकर इस घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की एवं घटना में प्रयोग किए गए मोबाइल फोन ,चाकू ,मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य रूप से पुलिस अंचल निरीक्षक रामानुज वर्मा, थाना प्रभारी कोलेबिरा प्रभात कुमार सब इंस्पेक्टर रामदेव रविदास इंद्रजीत समद एव सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## लोहरदगा जिले में कोरोना के नए मामले आए सामने

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि लोहरदगा जिला में कोरोना के नए मामले आए सामने आए हैं जिसमें दो व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। लोहरदगा जिला में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 12 हो गई है उन्होंने कहां की कोविड को नियंत्रित करने के लिए लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है वर्तमान में सदर अस्पताल और चिरी अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कर चालू कर दिया गया है। इस माध्यम से दोनों अस्पतालों में कोविड के मरीज को हाई फ्लो ऑक्सीजन वाली बेड सहज उपलब्ध रहेगा। सेन्हा और भंडारा सीएससी ऑक्सीजन सिलेंडर से पाइप लाइन के माध्यम से कोविड-19 मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध होगा। सदर अस्पताल में 20 बेड हाई फ्लो ऑक्सीजन का बनाया है। विशेष परिस्थिति के लिए 26 वेंटीलेटर, 103 नेबुलाइजर मशीन, 103 पल्स ऑक्सीमीटर, 213 ऑक्सीजन सिलेंडर, एन95 मस्क की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त कोविड की दवा, ट्रेंड नर्स, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह तैयार है। कोविड- संक्रमण बढ़ता है तो, अब लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। जिला स्तर पर ठोस तैयारी की जा चुकी है।

# अधिकारियों ने किया शवदाह गृह का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भस्को मुक्तिधाम पर हो रहे शेड एवं शवदह हेतु चूल्ह निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला मुक्तिधाम समिति के अधिकारियों ने जाकर किया और कहा कि शेड का कार्य ठीक तरीके से किया जा रहा हैं। शवदह का चूल्हा काफी बड़े बन गए थे उन्हें तोड़कर पुनः से सही साइज का बनाया जा रहा है जो कि जल्द ही यह निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा, जिससे कि गर्मी, बरसात आदि समयों में शवदह में कोई परेशानी नहीं आएगी। यह शेड एवं चुल्हा का निर्माण पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार के फंड से पांच लाख ( ?5,00,000 ) का राशि आवंटन किया गया था,उसी के तहत यह शेड का निर्माण कराई जा रही है,शव रखने हेतु एक चबूतरा एवं शेड अगल बगल के क्षेत्र में फैवर ब्लॉक लगाई जाएगी। मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एक और शेड का निर्माण एवं शव रखने हेतु फ्रीजर की व्यवस्था देने का आश्वासन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रतिनिधि अशोक यादव ने की है। मुक्तिधाम पर निरीक्षण कार्य हेतु समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (मन्ना),कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ,जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता,कयंत अभियंता श्याम बिहारी सिंह,विनोद सिंह,सोहन साहू,महावीर लोहरा,रवि उरांव,अजय लोहरा,गुड्डू आदि थे।

# अंधेरे में हैं नदिया हरिजन मुहल्ला के निवासी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
बीते कई दिनों से जिला के एक मुहल्ला अंधेरे मे रहने को मजबूर मामला लोहरदगा के नदिया हरिजन मुहल्ले की हैं। मुहल्ले में सैकड़ों घर इन दिनों अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बीते एक सप्ताह पहले अचानक से मुहल्ले मे लगे ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसकी तत्काल ही बिजली विभाग को सूचना दे दी गई थी। बावजूद बिजली विभाग की ओर से इस संकट के बारे में कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है।

सोमवार को मुहल्ले के निवासी शिवपूजन पासवान के अगुवाई मे दर्जनों लोग बिजली ऑफिस पतराटोली पहुँच कर लिखित आवेदन विभाग के कार्यपालक अभियंता को देकर समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगने की गुहार लगाई। उनका कहना था कि बिजली के बिना लोगों को खासकर, बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर मीणा कुमारी, अंजलि कुमारी, अनीता उरांव, पूजा देवी, किरण देवी, उर्मिला उरांव, रमेश राम, शिवशंकार राम,सुनीता कुमारी, स्वाति कुमारी, रघुनाथ महतो, बिंदु उरांव, प्रतिमा उरांव,पूजा उरांव, धर्म उरांव, अजय उरांव, प्रमोद उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दो सगे भाइयों के बीच मारपीट में कई लोग घायल

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के नगजुआ गांव में दो सगे भाइयों के बीच मार-पीट मे कई लोग घायल। दोनों ओर से कैरो थाना में मामला दर्ज कराया गया है। शेख छोटू की पत्नी अंजुम खातुन ने सितारा खातुन, रेहाना खातुन, परवेज अंसारी, आसमा खातुन, शेख मकबुल, शेख सदाम, शेख कमरुद्दीन, के खिलाप लाठी, डंडे, व तलवार से मारपीट करने को लेकर मामला दर्ज कराया है। कैरो थानेमें मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के सितारा खातुन ने भी थाना में शेख छोटू, अंजुम खातुन के खिलाप मार-पीट करने के आरोप में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वाहन जांच अभियान चलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से पूर्व निधारित तिथि के अनुसार भाजपा द्वारा रांची में सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड व पंचायत के अलावा गुमला जिले के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं का रांची की रैली के लिए प्रस्थान किया जाना था। इसको लेकर सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।



वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर पु0अ0नि0 गणेश यादव तथा स0अ0नि0 श्रीकांत दास द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँव व पंचायत एवं गुमला जिला के घाघरा प्रखंड क्षेत्र से आने वाली चार पहिया वाहन सहित दो पहिया वाहनों का जांच किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह जांच अभियान अगले आदेश तक जारी रहेगा। बता दें कि पूर्व में सेन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक कर जनहित में सूचना प्रसारण करते हुए कार्यकताओं से राज्य सरकार हटाओ झारखंड बचाओ रैली को सफल बनाने की अपील की गई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में पूर्ण कालिक शिक्षिका एवं लेखापाल-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पद संविदा पर आधारित चयन हेतु प्रकाशित औपबंधिक मेधा सूची पर आवश्यक निर्णय लेने हेतु जिला चयन समिति की बैठक की गई। उन्होंने रिक्त पदों के लिए नामांकन हेतु निदेशालय से निर्देश प्राप्त कर फिर से विज्ञापन जारी करते हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति करने की बात कही। साथ ही उन्होंने मध्यान भोजन हेतु चावल का उठाव सुनिश्चित कराने की बात कही।

## दौरा — विधायक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

# 'ऐतिहासिक होगा सत्याग्रह कार्यक्रम'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
14 अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्यग्रह कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी और विधायक भूषण बाड़ा ने तैयारी शुरू कर दी है। विधायक भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा सहित अन्य कार्यकर्ता गांधी मैदान पहुंच कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।



मौके पर विधायक ने मैदान परिसर को कार्यक्रम से पूर्व साफ सफाई पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यक्रम स्थल को व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जय भारत सत्यग्रह कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना एक एक कार्यकताओं की जिम्मेवारी है। कार्यकर्ता अभी से ही तैयारी में जुट जाएं। विधायक ने कहा कि राहुल गांधी के सदस्यता खत्म होने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 14 अप्रैल को गांधी मैदान में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कांग्रेस प्रदेश कमेटी के कई वरिष्ठ नेतागण, जिले के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। विधायक ने कहा कि जय भारत सत्यग्रह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि देश असत्य के रास्ते पर चल पड़ा है, इसलिए सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, जॉनसन मिंज, नवीन बिरेन तिर्की, रणधीर रंजन, प्रदीप केसरी, अजित लकड़ा, शिशिर मिंज, विनय तिग्गा, सचिन हेरेंज, प्रतिमा कूजुर, सिल्बेस्टर बघवार आदि उपस्थित थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय बानो में आठवीं कक्षा के बच्चों को दी गई विदाई

**बानो।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बानो के प्रागंण में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सबसे पहले आठवीं कक्षा के छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश स्वागत गीत से किया। विद्यालय के बच्चों ने गीत-और नृत्य भी प्रस्तुत किए। वर्ग-शिक्षिका मंजू एरिका कंडुलना ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती है। मंजिल तक पहुंचने के लिए आपको स्वयं ही प्रयास करना करना पड़ेगा। मुख्य अतिथि अनंत किशोर पंडा ने विद्यालय और बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय की एक पहचान है और आपको उस पहचान को बनाए रखना है। प्रधानाचार्य स्मिथ सोनी ने कहा कि भले ही विद्यालय से आपको विदाई दी जा रही है, मगर जब भी आपको दुविधा या असमंजस का सामना करना पड़े तो हमें याद कर लेना।

# अभाविप की लोहरदगा इकाई ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा नगर इकाई द्वारा मंगलवार को छात्रा, महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी किरण पण्डित ने महिला सुरक्षा के विषय पर प्रकाश डाला। छात्राओं से कहा कि जब कोई युवक उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो छात्राएं इस बात का विरोध करें। उनके खिलाफ आवाज उठाएं। उनके बातों को सहन ना करें। इससे महिलाओं का शोषण में कमी आएगी।



उन्होंने मोबाइल का उपयोग शिक्षा के लिए कैसे करें इसके लिए भी छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। आज के समय में शिक्षा ही जरूरी है और शिक्षा नहीं तो कुछ भी नहीं है। महिला सशक्तिकरण पर जोर डालते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के जीवनी पर भी प्रकाश डाला और उनसे प्रेरणा लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित भी की। मौके पर ज्ञान कोचिंग सेंटर के संचालक ज्ञान मुंडा ने छात्राओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूक किया। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख छवि सिंह, विभाग संयोजक अंकित कुमार, जिला संयोजक सीताराम उराव, कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, शिवानी कुमारी प्रिया कुमारी,मौष्मी कुमारी,संस्कृति कुमारी,बसंती कुमारी निधि, बखला बीजो ब खला आदि दर्जनों छात्रायें उपस्थित थी।

NEWS इन ब्रीफ

## कोटक महिंद्रा बैंक में एफडी कराने पर अब ज्यादा ब्याज

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट्स बढ़ा दिए हैं। अब इस बैंक के ग्राहकों को एफडी पर ज्यादा ब्याज मिलेगा। कोटक ने इंटरेस्ट रेट्स 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी पर बढ़ाए हैं। अब आपको कोटक महिंद्रा बैंक में एफडी कराने पर 2.75% से 7.20% तक ब्याज मिलेगा।

# उबर ने यूएई के करीम सुपर एप बिजनेस में 40 करोड़ डॉलर की हिस्सेदारी बेची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राइड-हेलिंग प्रमुख उबर ने अपने सुपर ऐप व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए करीम में 400 मिलियन डॉलर की अपनी हिस्सेदारी बेची है। उबर ने 2019 में मिडिल ईस्ट में राइड-हेलिंग कंपनी करीम को खरीदा था। करीम अपने सुपर ऐप बिजनेस को बढ़ाने के लिए इस पैसे का इस्तेमाल करेगा। करीम के सीईओ और सह-संस्थापक मुदस्सिर शेखा के अनुसार, करीम को दो कंपनियों, केरीम राइड्स और केरीम टेक्नोलॉजीज में विभाजित किया जाएगा। शेखा ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने वैश्विक प्रौद्योगिकी और निवेश समूह ईएंड से 400 मिलियन डॉलर का निवेश प्राप्त किया है। यह निवेश हमारे सुपर ऐप विजन को टर्बो-चार्ज करेगा और हमारे क्षेत्र के प्रमुख प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए हमारी उद्यमशीलता की यात्रा को फिर से शुरू करेगा। करीम राइड्स एक मूलभूत राइड-हेलिंग सेवा संचालित करेगी और इसका पूर्ण स्वामित्व उबर के पास बना रहेगा। शेखा ने घोषणा की है कि लगभग 260 सहकर्मी जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करीम राइड्स का समर्थन करते हैं, आशीष लबरू के तहत करीम राइड्स में काम करेंगे, जो उबर के राइड्स नेतृत्व में रिपोर्ट करना शुरू करेंगे। करीम टेक्नोलॉजीज अन्य सभी वर्टिकल और एनेबलर्स के साथ सुपर ऐप का संचालन करेगी। इसका स्वामित्व ईएंड, उबर, तीन सह-संस्थापकों (जो ईएंड के साथ निवेश कर रहे हैं) और सहयोगियों के संयुक्त रूप से होगा। शेखा ने कहा, ₹करीम टेक्नोलॉजीज में शामिल होने के लिए लगभग 1,400 सहयोगियों को आमंत्रित किया जाएगा, जिसका मैं सीईओ के रूप में नेतृत्व करूंगा। हम सुपर ऐप को स्केल करने और अपने सभी प्रमुख बाजारों में श्रेणी-अग्रणी वर्टिकल बनाने के लिए अपने नए पार्टनर (ई एंड) के साथ नई फंडिंग और तालमेल का उपयोग करेंगे।₹ करीम टेक्नोलॉजीज में कुछ सहयोगी जो साझा बुनियादी ढांचे पर काम करते हैं, वे करीम राइड्स का समर्थन करना जारी रखेंगे। करीम की स्थापना 2012 में उबर के राइड-हेलिंग प्रतिद्वंद्वी के रूप में हुई थी, जिसने 2019 में केरीम को 3.1 अरब डॉलर में अधिग्रहित किया था।




# रेलवे ने फिल्म शूटिंग से कमाए 1.64 करोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल के दिनों में पश्चिम रेलवे को फिल्म शूटिंग से रिकॉर्ड राजस्व अर्जित करने में मदद मिली है। पश्चिम रेलवे को फिल्मों की शूटिंग से 1.64 करोड़ का राजस्व कमाया। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्थानों पर 20 से अधिक फिल्मों की शूटिंग की गई। जिनमें फीचर फिल्में, वेब सीरीज, टीवी वाणिज्यिक विज्ञापन, सामाजिक जागरूकता के वृत्तचित्र, टीवी धारावाहिक आदि शामिल हैं। पश्चिमी रेलवे ने फिल्म शूटिंग के लिए अपने विभिन्न परिसरों और रेल डिब्बों को उपलब्ध करा कर 1.64 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में पश्चिम रेलवे को 67 लाख रुपये की आमदनी हुई थी। वहीं रेलवे के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में यह एक करोड़ और वर्ष 2018-19 के दौरान 1.31 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि वर्ष 2020-2021 में कोविड महामारी के कारण गिरावट आई। हाल के वर्षों में, पश्चिम रेलवे लंच बॉक्स, हीरो पंती, गब्बर इज बैक, एयरलिफ्ट, पैडमैन, रा वन, फैंटम, एक विलेन रिटन्?स, ये जवानी है दीवानी, राधे, लक्ष्मी बॉम्ब, काई पोचे, आत्मा, घायल रिटर्न, कमीने, हॉलिडे, थुपकी (तमिल फिल्म), डी-डे, शेरशाह, बेल बॉटम, ओएमजी 2 और गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस एवं लोचा लापसी, मराठी फिल्म आपदी थपड़ी जैसी कई प्रतिष्ठित और ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा रहा है। कई वेब सीरीज जैसे एक्स-रे, अभय 2, ब्रीथ इनटू द शैडोज, डोंगरी टू दुबई आदि और केबीसी प्रोमो भी पश्चिम रेलवे के लोकेशंस में शूट किए गए। जो सर्वाधिक पसंद किए गए उनमें मुंबई सेंट्रल टर्मिनस स्टेशन, चर्चगेट मुख्यालय और स्टेशन भवन, साबरमती स्पोर्ट्स ग्राउंड, गोरेगांव स्टेशन, जोगेश्वरी एटी (यार्ड), लोअर परेल वर्कशॉप, कांदिवली और विरार कारशेड, केल्वे रोड, पारडी रेलवे स्टेशन, कालाकुंड रेलवे स्टेशन, पातालपानी रेलवे स्टेशन, मुंबई सेंट्रल और वलसाड के बीच चलती ट्रेन तथा गोरेगांव में ईएमयू ट्रेन की शूटिंग शामिल हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने कहा कि प्रोडक्शन हाउसों को बिना किसी परेशानी के अनुमति देने की पहल से रिकॉर्ड राजस्व अर्जित करने में मदद मिली है।

# म्यांमार सेना के हवाई हमले में 53 की मौत

**एजेंसी। म्यांमार**

म्यांमार की सेना के हवाई हमलों में मंगलवार को 53 लोगों की जान चली गई। मरने वालों में 15 महिलाएं और कई बच्चे भी शामिल हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। सेना ने ये हवाई हमले विद्रोहियों का गढ़ माने जाने वाले पाजीगी इलाके में किए, जो वहां के सागैंग प्रांत में है। हमले के समय लोग एक ऑफिस के उद्घाटन के लिए जुटे थे। दो साल पहले हुए तख्तापलट के बाद इसे सेना का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। बीबीसी को हमले के दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि गांव में सुबह 7 बजे सेना का जेट आया। इसने एक बम गिराया, जिसके बाद कई हेलिकॉप्टर से फायरिंग शुरू हो गई। ये गोलीबारी लगातार 20 मिनट तक जारी रही।आस-पास रहने वाले लोगों ने इनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। जिसमें चारों तरफ लाशें दिखाई दे रही हैं। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक उन्होंने लाशें गिननी शुरू की, लेकिन शरीर के हिस्से अलग-अलग जगह पर फैले होने के कारण वो नहीं गिन पाए। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक म्यामांर में हवाई हमले रोज की कहानी बनते जा रहे हैं। सेना अपने विरोधियों को ढूंढ़ने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसके चलते वो आम लोगों को निशाना बना रही है। म्यामांर विटनेस की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 6 महीनों में वहां 135 इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। 1 फरवरी को म्यांमार में तख्तापलट के दो साल पूरे हो चुके हैं। साल 2021 में सेना ने वहां चुनी हुई आंग सान सू की सरकार को गिरा दिया था और उन्हें पकड़कर जेल में डाल दिया था। तब से लोग अलग-अलग तरीकों से सेना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

# बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में चार की मौत

**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को एक व्यस्त बाजार में पुलिस के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक शक्तिशाली बम विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। जानकारी के अनुसार यह घटना प्रांतीय राजधानी क्वेटा के शहराह-ए-इकबाल क्षेत्र के कंधारी बाजार के पास खड़े पुलिस के एक वाहन के पास हुई। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पूर्व में ऐसे हमलों के लिए बलूच विद्रोहियों और इस्लामी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस अधीक्षरक हमीद कंबरानी ने कहा, पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया और बम विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि विस्फोट से इलाके में दुकानों के बाहर खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। एसएसपी (अभियान) कैप्टन (सेवानिवृत्त) जोहैब मोहसिन ने कहा, विस्फोटक एक मोटरसाइकिल में लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इस विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। मोहसिन ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल क्वेटा ले जाया गया। सिविल डिफेंस के निदेशक रफू मंडोखैल ने बताया कि विस्फोट के लिए तीन से चार किलोग्राम विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल किया गया।


## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

### ई-निविदा, अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या – 01/2023–24 दिनांक 10.04.2023

| क्र0सं /ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रखण्ड किस्को अन्तर्गत पाखर पंचायत भवन की मरम्मति एवं उपरी तल निर्माण कार्य | किस्को | 3649000.00 | 5000.00 | 73000.00 | 06 (छः) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 17.04.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 24.04.2023 / 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 25.04.2023 / 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 25.04.2023 / 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 294884 Lohardaga(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 • Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

### ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(3rd Call)

Very Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 Dated–10/04/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 11/04/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 12/04/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 17/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 18.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M.<br>(i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.<br>(ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar<br>(iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 19/04/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 1568 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl.No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-01 | 1 | 5 | 60 | 1568 | 5,52,89,000.00 | 5,53,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

• Estimated Cost & EMD Cost may vary.
• Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa.

PR 294898 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

### ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd Call)

Very Short E-Tender Notice Reference No.- DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23 Dated–10/04/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date & time of Publication of Tender on Website | 11/04/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Date & time of Pre-bid Meeting | 12/04/2023 12:30 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of Bid | 17/04/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 18.04.2023 10:30 AM to 05:00 P.M.<br>(i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa.<br>(ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar<br>(iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 19/04/2023 05:00 P.M. |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Garhwa. |
| 9 | Contact No. Of Procurement officer | 9973003856 |
| 10 | Help No. Of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |

**Detailed Survey, designing and drawing, Construction of 2642 Nos FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S.Division, Garhwa.**

| Sl. No. | Group No. | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | No. of FHTC | Estimated cost (in Rs) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SVS/CLUSTER-03 | 1 | 11 | 99 | 2642 | 9,35,67,000.00 | 9,36,000.00 | 10,000.00 | 09 Months |

· Estimated Cost & EMD Cost may vary.
· Further details can be seen on website-http://jharkhandternders.gov.in

Executive Engineer
D.W.&S.Division, Garhwa.

PR.NO.294892 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-01 / 2023–24
दिनांक–10.04.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 13.04.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.04.2023 को 03.30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.04.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. **कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)**
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-02 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा | GAR/RM-03 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा | GAR/RM-04 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 5 | भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी | GAR/RM-05 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी | GAR/RM-06 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 7 | कांडी, बरडीहा, मझिआँव | GAR/RM-07 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 8 | कांडी, बरडीहा, मझिआँव | GAR/RM-08 | 300 Nos. | 2,77,557.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 9 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-09 | 150 Nos | 1,38,778.00 | 3,000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 10 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-10 | 250 Nos. | 2,31,297.00 | 5,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 294900 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/26/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 17.04.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 18.04.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 18.04.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of BC Girl's Hostel Palamu Club Campus at Daltonganj, Palamu. | 2395500.00 | 48500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation of S.T. Girls Hostel Building (Near Warden Quarter) of K.G. School, Daltonganj, Palamu. | 1938800.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Renovation Of Campus Boundary Wall, View Blocker Sheet Fencing and Flooring Work in Hostel In-Charge Quarter of 100 Bedded S.T. Girls Hostel K.G. Girls School at Daltonganj, Palamu | 1272500.00 | 26000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Outer Side Boundary Wall and Electrification, Of the District Fishery Office, Daltonganj, Palamu. | 2007000.00 | 40500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Repair/Painting, Roof Treatment and New Electrification of Anti Corruption Bureau Office Boundary Wall Septic Tank Construction, Palamu. | 21,43,900.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Repair and Renovation of Office of Regional Deputy Director, Health Services, Palamu Division, Medininagar. | 2392100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation/Repair of the 50 Bedded S.T Hostel (PS Flooring, Water Proof Treatment, Brick Work, Vitrified, Marble, Flooring, G.C.I Gate) at Chhattarpur, Palamu. | 2493600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Repair of Veterinary Surgeon Office and Boundary Wall of Campus, Palamu, Medininagar. | 1878600.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Renovation of First Class Veterinary Hospital Building at Patan, Palamu. | 1420200.00 | 29000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 10. | Renovation Of Main Entrance Building and Audience Sitting Gallery of Narsinghpur Pathra Stadium Under Chainpur Block at Daltonganj, Palamu | 2486600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Renovation of First Class Veterinary Hospital Building at Kishupur, Patan Palamu. | 1533100.00 | 31500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 12. | Renovation Of Boundary Wall and Ground Development Work of Narsinghpur Pathra Stadium Under Chainpur Block at Daltonganj, Palamu | 2180600.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Construction of R.C.C Drain Cover, R.C.C Racks in Godown, Aluminum Glass Doors and Miscellaneous Work in Civil Court Palamu. | 1300700.00 | 26500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 14. | Repair/Rising Boundary Wall and Renovation of E type Quarter No- E01(DMO) & Qtr No-02(DSO) at Irrigation Colony Daltonganj, Palamu. | 1494200.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |

नोट:–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 294823 (Building) 23-24 (D)

## कार्यालय – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू (मनरेगा)
Phone No. 06562-295137 Email. ID - ddc-pal

### अतिअल्पकालीन निविदा

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N) 433 (अनु0), दिनांक 30.03.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु पलामू जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन / कृषक उत्पादक कम्पनी / कृषक उत्पादक समूह / कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं / आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | Vermi-Compost (in kg) |
| | | FYM (compost) (in kg) |
| | | Neem Oil cake (in kg) |
| | | Karanj Oil cake (in kg) |
| | | Bone meal (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Fungicide) | Trichoderma viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU gm) |
| | | Chlorothalonil 75% WP (in kg) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in litre) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC;Biflex TC or equivalent |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | Totocare/Agromin or Equivalent |
| | | Urea |
| | | NPK 10:26:26 (Sufala or equivalent) |
| | | SSP |
| | | MoP (Potash) |
| 5 | पौलिथीन (Polythene) | Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant |
| 6 | अन्य | Nail (कील) (Per kg) (3") |
| | | GI Wire (तार) (Per kg) |
| | | Bamboo (One Pc. 50') |

इच्छुक निविदादाता / आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में दिनांक 21.04.2023 के अपराह्न 01.00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन 21.04.2023 अपराह्न 03:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0ए0 के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

उप विकास आयुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 294927 District(23-24)#D

**ज्ञान की बात**

**विजय उसी पक्ष की होगी , जिस पक्ष की ओर से युद्धविशारद श्रीकृष्ण और वीरवर अर्जुन लड़ रहे हैं। धर्मराज युधिष्ठिर युद्ध त्याग दें और एक रोषभरी दृष्टि भी डालें तो इस पृथ्वी को भस्म कर दें । तुम उन सब को जीतकर पृथ्वी का राज्य दुर्योधन को दे दोगे , जैसे पृथ्वी का राज्य तुम्हारी संपत्ति ही तो है। - *ठाकुरजी***



# आंदोलन की पटकथा

***कुड़मी*** आंदोलन की वजह से पिछले कई दिनों से झारखंड,ओडिसा और पश्चिम बंगाल की जनता परेशानियां झेलने को विवश रही। रेल रोको आंदोलन के दौरान कई ट्रेनों के रूकने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। साथ ही कोयला व अयस्क सहित कई खनिजों की आपूर्ति इन ट्रेनों से पूरे देश में होती है। हालांकि ट्रेनों को रूट बदल कर चलाया गया,बावजूद जनजीवन के साथ अर्थव्यवस्था को नुकसान भी हुआ। बहरहाल इसके पीछे की पटकथा में आदिवासी-कुड़मी की लड़ाई है। वर्चस्व की खातिर दोनों आमने-सामने हैं। कुड़मी अनुसूचित जनजाति का दर्जा पाना चाहते हैं,लेकिन सरकार उन्हें इसके लिए पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है। इसके कारण भी कई हैं। बंगाल सरकार ने पिछले वर्ष आंदोलन के दौरान आश्वासन दिया था कि वह केन्द्र सरकार से कुड़मी को जनजाति का दर्जा देने के लिए अनुशंसा पत्र भेजेगी। आंदोलनकारियों की मानें तो ऐसा नहीं हुआ। एक प्रस्ताव में ये पहले ही बता चुके हैं कि कुड़मी आदिवासी हैं। इस बात के प्रमाण उच्च अदालत के अलग-अलग मामले में सुनाये गये फैसले को बताया जा रहा है। 1950 में लागू भारतीय संविधन में कुड़मी को जनजाति की सूची से हटा दिया गया, जिसके बाद से संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। बहरहाल पांच अप्रैल से जारी कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म हो गया। यह अच्छी बात है। इससे ट्रेनों का आवागमन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। कुड़मी संगठनों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम की मानें तो खेमाशुली स्टेशन से अब कुड़मी समाज के लोग बैनर, झंडा लेकर हट गये हैं। आंदोलन खत्म होने से रांची रेल मंडल में ट्रेन सेवा अब अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होने लगी है। रेलवे को इस आंदोलन के दौरान लगातार ट्रेनें स्थगित करनी पड़ीं। आंदोलन खत्म होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। बहरहाल अब गेंद बंगाल सरकार के पाले में है। अब देखना है कि आगे क्या होता है। लेकिन इतना तय है कि जितनी जल्दी निर्णय होगें,वह राज्य और देश के लिए लाभकारी होगें। कारण आंदोलन से जहां आम आवाम को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है,वहीं ट्रेनों के बाधित रहने से कई प्रकार की परेशानियों से देश को भी सामना करना पड़ता है। यह देखा जाता है कि किसी भी आंदोलन के पीछे की पटकथा के नायक कभी आगे तो कभी पीछे राजनीतिक गलियारों में दस्तक देते रहते हैं। जनता को इस्तेमाल किया जाता है। कुड़मू को अनुसूचित जाति में ले आने से आखिर कौन सी आफत आ जायेगी? यह एक बड़ा सवाल है। ऐसे में आदिवासी जाति को क्या नुकसान होगा। यह एक ऐसे सवाल हैं,जिसका उत्तर कोई नहीं देना चाहता है। यही कारण है कि बंगाल की सरकार के सामने असमंजस की स्थिति है,लेकिन ऐसे मामलों को लटका कर रखना कहीं से उचित नहीं है। कारण अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया गया,तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन हिंसक हो सकता है। इस बात को समझते हुए सरकार को केन्द्र सरकार के पास अनुशंसा पत्र भेज देना चाहिए। सकारात्मक परिणाम नहीं आने पर आखिर यह तो कहा जा सकता है कि हमारी नहीं सुनी गयी। इस स्थिति में आंदोलनकारी सुरक्षात्मक रवैया के तहत अपनाने को विवश होगें। ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे भविष्य के गर्भ में कभी भी कुछ हो सकता है।

**बंगाल सरकार ने पिछले वर्ष आंदोलन के दौरान आश्वासन दिया था कि वह केन्द्र सरकार से कुड़मी को जनजाति का दर्जा देने के लिए अनुशंसा पत्र भेजेगी। आंदोलनकारियों की मानें तो ऐसा नहीं हुआ।**

# शक की निगाह से क्यों देखा जाता है?





उमेश चतुर्वेदी

***भारतीय*** कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिये से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडानी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिये। राहुल गांधी की अगुआई में जारी अभियान के चलते उद्योगपति गौतम अडानी अरसे से चर्चा में हैं। जिस हिंडनबर्ग रिपोर्ट की वजह से अडानी राहुल गांधी समेत तकरीबन समूचे नरेंद्र मोदी विरोधी राजनीतिक खेमे के निशाने पर हैं, उस रिपोर्ट पर मराठा दिग्गज शरद पवार ने सवाल उठा दिया है। शरद पवार ने कहा है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पीछे विशेष एजेंडा की आशंका है। पवार के इस आरोप के बाद विपक्षी खेमे को सूझ नहीं रहा कि वह अडानी मामले को किस हद तक आगे ले जाय। भारतीय कारोबार जगत की फितरत है, जब भी कोई कारोबारी घराना उभरता है, उसकी सफलता को सिर्फ और सिर्फ खास नजरिये से देखा जाता है। यह पहला मौका नहीं है, जब अडानी जैसा कोई कारोबारी निशाने पर है। पिछली सदी के नब्बे के दशक को याद कीजिये। तब अंबानी घराना ऐसे ही निशाने पर रहता था। दिलचस्प यह है कि तब रिलायंस इंडस्ट्रीज के उभार पर सवाल उठते थे। सवाल तो उस बिरला घराने पर भी उठे हैं, जिसके प्रमुख घनश्याम दास बिरला गांधी के नजदीकी थे। पिछली सदी के साठ के दशक में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राज्यसभा सदस्य रहे बालकृष्ण गुप्ता ने बिरला को बेजा फायदे पहुंचाने को लेकर ना सिर्फ तब सोशलिस्टों के प्रमुख पत्र जन में धारावाहिक तौर पर लिखा था, बल्कि राज्यसभा में उस पर चर्चा की मांग की थी। बालकृष्ण गुप्त के उन भाषणों का संग्रह पुस्तक रूप में प्रकाशित हो चुका है। वैसे अडानी पर यह पहला मौका नहीं है, जब आरोप लगा है। यह भी दिलचस्प है कि अडानी घराने की कंपनियां राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारों के साथ काम कर रही हैं। फिर भी कांग्रेस के आलाकमान के निशाने पर अडानी हैं। कुछ महीने पहले छत्तीसगढ़ के हसदेव इलाके में जारी खनन को लेकर अडानी पर सवाल उठे थे। बीते साल दिसंबर महीने में एक-दो दिन छोड़कर लगातार अडानी घराना निशाने पर रहा। भारत सरकार की नीतियों के अनुसार छत्तीसगढ़ की कोयला खदानों को राज्यों के बिजली बोर्डों को कैप्टिव पावर प्लांट को कोयले की सप्लाई के लिए दिया गया था। उनमें राजस्थान सरकार के निगम राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीगढ़ जंगल में खदाने आवंटित की गई। दिसंबर में आरोप लगा कि परसा केते खदान से कोयला निकालने के लिए अडानी की कंपनी से जो समझौता किया है, उसके तहत राजस्थान सरकार अडानी पर मेहरबान है। छत्तीसगढ़ की सिविल सोसायटी की ओर से यह आरोप लगा कि जनवरी 2021 से दिसंबर 2021 के बीच परसा केते माइन्स से एक लाख 87 हजार 579 डब्बे कोयले की ढुलाई हुई। जिसमें राजस्थान को 49 हजार 229 वैगन कोयला नहीं गया। बल्कि मध्य प्रदेश और दूसरे राज्यों की कंपनियों को गया। जिसमें अडानी ने मोटा मुनाफा कमाया। उसका काम परसा और केंते खदान से निकलने वाले वाश्ड कोयले की ढुलाई राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के उन ताप विद्युत केंद्रों को करना है, जिन्हें निगम कहता है। इसलिए उस पर ऐसे आरोप बेहद निराधार हैं। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित

**खदानों को राज्यों के बिजली बोर्डों को कैप्टिव पावर प्लांट को कोयले की सप्लाई के लिए दिया गया था। राजस्थान सरकार के निगम राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को छत्तीगढ़ जंगल में खदाने आवंटित की गई।**

**इन दिनों**

परसा-केते कोयला ब्लॉक से कैप्टिव पावर प्लांट के लिए 2013 से ही कोयला निकाला जा रहा है। जिसमें करीब डेढ़ हजार स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निदेर्शों और राजस्थान बिजली बोर्ड के आदेशानुसार सिर्फ कोयले की ढुलाई करता है। अडानी पर आरोप लगता रहा है कि हसदेव क्षेत्र के जंगल को भी उनकी कंपनियां नुकसान पहुंचा रही हैं। लेकिन अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि खदान का काम पर्यावरण मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के दिशानिदेर्शों के मुताबिक होता है। इसके लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 38 सौ हेक्टेयर जमीन पर खदान की अनुमति छत्तीसगढ़ सरकार से ली है और इसके लिए निर्धारित शुल्क भी निगम ने ही चुकाया है। इसलिए अडानी एंटरप्राइजेज की भूमिका पर सवाल कैसे उठता है, यह समझ के परे है। समझौते के मुताबिक, अगर एक पेड़ खुदाई कार्य के लिए काटा जाता है तो उसके बदले साठ पेड़ लगाने होते हैं। अडानी एंटरप्राइजेज ऐसा कर रहा है। इसे दिखाने को भी एंटरप्राइजेज तैयार है। छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा निर्देश के मुताबिक खदान वाले इलाके में कारपोरेट सोशल रिस्पान्सबिलिटी के लिए काम करने की जिम्मेदारी अडानी एंटरप्राइजेज को है। इसके तहत अडानी फाउंडेशन इलाके में लगातार कार्य चला रहा है। जिसके तहत अडानी विद्या मंदिर नाम से इलाके में स्कूल चल रहा है। जिसमें स्थानीय समुदाय के करीब 800 बच्चे पढ़ रहे हैं। उन्हें मुफ्त में वर्दी, किताब-कॉपी समेत तमाम स्टेशनरी, दोपहर का खाना और घर से स्कूल लाने-ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी दी जा रही है। अडानी फाउंडेशन इलाके में कौशल विकास कार्यक्रम भी चला रहा है। जिसके तहत वह करीब चार हजार स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर चुका है। इतना ही नहीं, इन युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम भी चला रहा है। अडानी फाउंडेशन खनन वाले इलाकों में अच्छी सड़कें, स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, आदि बनवा रहा है या बनवा चुका है। इसके साथ ही पानी की आपूर्ति के साथ ही मोबाइल अस्पताल भी चला रहा है। अडानी फाउंडेशन और अडानी एंटरप्राइजेज का कहना है कि बयानबाजी करना और सवाल उठाना अलग बात है। लेकिन हकीकत कुछ और है। उसका कहना है कि उसे जो काम राजस्थान बिजली बोर्ड के बिजली उत्पादन निगम से मिला है, उसे वह निभा रहा है। उसका काम सिर्फ कोयले को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निर्धारित और निर्देशित केंद्रों तक पहुंचाना है और इसी काम को वह अंजाम दे रहा है। पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान में हुए निवेशक सम्मेलन में गौतम अडानी ने राजस्थान में 65 हजार करोड़ रूपए के निवेश की घोषणा की थी। तब अडानी की कंपनियों पर कुछ देर के लिए आरोप थमे थे। वैसे गौतम अडानी एक प्रमुख प्रकाशन समूह को विशेष साक्षात्कार देकर अपना पक्ष रख चुके हैं। इसके बावजूद हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर संसदीय और राजनीतिक हंगामा नहीं थमा। लेकिन लगता है कि शरद पवार के बयान के बाद अब विपक्षी राजनीति अडानी के मुद्दे पर पहले की तरह संगठित नहीं रह पायेगी। अडानी की कंपनियों की ओर से आई सफाई और पवार के बयान के बाद शायद राजनीति कुछ हद तक थमे...**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।**

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

***लक्ष्मी*** 'तुलसी' वृक्ष बनकर मेरे शालिग्राम पत्नीत्व ग्रहण करेगी। स्वरूप से विवाह करके समग्र और स्थाई रूप से मेरा पत्नीत्व ग्रहण करेगी। दोनों देवियां शापानुसार नदी रूप से पृथ्वी पर आयी । गंगा के नदी रूप में पृथ्वी पर आने की कथाओं के सम्बन्ध में आप पढ़ चुके हैं। पृथ्वी पर स्रोतों में जो सर ( जल ) दिखाई देता है उस सर का स्वामी सरस्वान कहलाता है और सरस्वान की पत्नी होने से ही सरस्वती , सरस्वती कहलायी । सरस्वती नदी तीर्थरूपा है , वह भी पापियों के पाप नाश के लिए जलती अग्नि के समान है। हे वत्स ! यही गंगा और सरस्वती शाप से भूलोक में नदी बनकर बहती है। राधा - कृष्ण के शरीरों से उत्पन्न उनके स्वरूपों को दर्शन कराने वाली गंगा अत्यन्त पवित्र , सर्व सिद्धिदाता तथा तीर्थरूपा नदी है। गंगाजी की उत्पत्ति के विस्तृत प्रसंग में नारद जी ने पूछा झ भगवान , विष्णु स्वरूपा एवं विष्णुपदी नाम से विख्यात गंगा भारतवर्ष में किस प्रकार और किस युग में पधारी ? पापों का नाश करने वाला यह पवित्र प्रसंग मैं सुनना चाहता हूँ। भगवान - नारायण कहते हैं- नारद ! राजा सगर नामक एक सूर्यवंशी सम्राट हो चुके हैं। उनकी दो नारियां थी। बेदमी और शैव्या। शैव्या से एक पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम असमन्जस था । दूसरी रानी बेदमी ने भी पुत्र की कामना से भगवान शंकर की उपासना की। शंकर के वरदान से उसे भी गर्भ हो गया। पूरे सौ वर्ष बीत जाने पर उसके गर्भ से एक मांसपिण्ड की उत्पत्ति हुई। उसे देखकर वह बहुत दु : खी हुई और उसने भगवान शिव का ध्यान किया। तब शिवजी ब्राह्मण के वेश में उसके पास पध रे और उस मांसपिण्ड को साठ हजार भागों में बांट दिया। वे सभी टुकड़े पुत्र रूप में बदल गए। तब एक बार राजा सगर ने सौ अश्वमेघ यज्ञ करने का संकल्प किया। तब वे निन्यानवे यज्ञ कर चुके तथा सौवाँ यज्ञ करने के लिए उन्होंने अपना श्याम वर्ण घोड़ा छोड़ा तो इन्द्र ने यह समझकर कि राजा सगर के सौ अश्वमेघ यज्ञ पूरे हो जाने पर इन्द्रासन न छिन जाये।

**(क्रमशः)**

# माफिया के खिलाफ योगी आदित्यनाथ के सख्त तेवर



अजय कुमार

***उत्तर*** प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए परम्परागत रूप से उठाये जाने वाले कदमों से अलग तौर तरीके से चल रहे हैं, जिसकी वजह से अपराधी खौफजदा हैं उनके मददगारों और पनाहगारों की संख्या कम होती जा रही है। असल में यूपी में जब कोई व्यक्ति अपराध करता है तो योगी की पुलिस उन अपराधियों को तो तुरंत धर दबोच लेती है जो पेशेवर अपराधी नहीं होते हैं और विपरीत परिस्थितियों में उनसे अपराध हो जाता है, लेकिन आदतन या पेशेवर अपराधी तत्वों को यूपी पुलिस तुरंत गिरफ्तार करने पर ज्यादा जोर नहीं देती है। यह वह अपराधी होते हैं जो पहले भी हवालात की सजा काट चुके होते हैं और उन्हें जेल जाने से डर भी नहीं लगता है। ऐसे में इन पेशेवर अपराधियों को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार इन्हें जेल भेजने से पहले इनके दहशत के साम्राज्य को तोड़ती है। इनकी अवैध संपत्ति की कुर्की के लिए डोजियर तैयार किया जाता है। इसके बाद अपराधी की कमर तोड़ने के लिए बुलडोजर की इंट्री होती है। बुलडोजर पेशेवर अपराधी तत्वों की जुर्म की दुनिया में रहकर कमाई गई अकूत संपत्ति को नेस्तानाबूत करता है। गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गों द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है। इसके पश्चात उन लोगों पर शिकंजा कसा जाता है जो सीधे तौर पर तो किसी अपराध से नहीं जुड़े होते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे से अपराधियों की मदद करते रहते हैं। विकास दुबे, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद के साम्राज्य को इसी प्रकार से तोड़ा गया है। ऐसे में कई अपराधी डर के मारे आत्मसमर्पण कर देते हैं या फिर पुलिस के साथ लुकाछिपी के खेल में एनकाउंटर के शिकार हो जाते हैं। बाहुबली विकास दुबे इसकी ताजा मिसाल है, जो पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इससे पूर्व उसकी करोड़ों की अवैध संपत्ति भी पुलिस ने उसके कब्जे से खाली करा ली थी। इसी प्रकार मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे बाहुबलियों के भी आर्थिक साम्राज्य को तोड़ा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। अब तक के छह साल के कार्यकाल में यूपी पुलिस ने माफियाओं, अपराधियों और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, शराब माफिया बदन सिंह बद्दो, कुख्यात सुनील राठी, सुशील मूंछ, सुंदर भाटी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह और बाहुबली विजय मिश्रा समेत 64 गैंगस्टरों की 3000 करोड़ रुपए की संपत्तियां पुलिस ने या तो जब्त की हैं या फिर सरकार ने उन पर बुलडोजर चलवा दिया है। इसमें माफिया डॉन अतीक अहमद के अलावा मुख्तार अंसारी की 523 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कार्रवाई हुई है। इसी तरह ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो की भी करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं जबकि उसके और उसके सहयोगियों के तमाम अवैध अड्डों पर बुलडोजर चलाया जा चुका है।

**गुंडे-माफियाओं और उनके गुर्गो द्वारा जबरन हथियाई गई जमीन को खाली कराया जाता है। यदि इनके पास किसी तरह के असलहे होते हैं तो उसका लाइसेंस रद्द किया जाता है।**

**यूपीनामा**

बाहुबली विजय मिश्रा की भी 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अब तक जब्त की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में भी काफी तत्परता दिखा रही है। योगी राज के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में यूपी के टॉप लेवल के 13 माफियाओं को कोर्ट ने सजा सुनाई है, जो पहले कभी नहीं हुआ। बाहुबली अतीक अहमद को हाल में ही उमेश पाल अपहरण कांड में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतीक गुजरात के साबरमती जेल में सजा काट रहा है।

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**




**फेसबुक वॉल से**




# पशुपालन को लाभदायक बनाने के आयाम



कूलभूषण उपमन्यु

***भारत*** में गाय और भैंस की कुल संख्या करीब 30 करोड़ है। 12 किलोग्राम प्रति पशु की दर से प्रतिदिन 360 करोड़ किलोग्राम गोबर पैदा होता है। एक किलोग्राम बायो गैस बनाने के लिए 20 किलोग्राम गोबर चाहिए। इसका अर्थ हुआ 18 करोड़ किलोग्राम गैस प्रति दिन। इसे सिलेंडर में भरें तो एक करोड़ बीस लाख सिलेंडर रोज की क्षमता देश में है। यदि इस संसाधन को पूरी तरह से प्रयोग करने की क्षमता हासिल कर ली जाय तो देश की 50 फीसद ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए सारी तकनीक तो उपलब्ध ही है। केवल दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जुट जाने की बात है। गोबर गैस बनाने के दोहरे फायदे हैं। एक तो ऊर्जा पैदा होगी, जो हमारी खनिज तेल पर निर्भरता को कम करेगी। दूसरा बढ़िया खाद भी प्राप्त होगी, किसान को नकद लाभ होगा और खनिज तेल का उपयोग कम होने से वायु प्रदूषण भी कम होगा। इतने बड़े संसाधन के होते हुए इसकी अनदेखी करना ठीक नहीं। इस संसाधन के दोहन से कितने ही रोजगार भी पैदा होंगे। इसी तरह गोमूत्र का दवाई के लिए उपयोग करके भी किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। आजकल गोबर से अन्य कई तरह के उत्पाद बनाने का भी चलन तेज हुआ है। गोबर से कागज बनाया जा रहा है। जो अच्छी गुणवत्ता का है और कागज बनाने की प्रक्रिया के बाद बचे अवशेषों से खाद बनाई जा सकती है। इससे भी पेड़ बिना काटे कागज उत्पादन करके पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। गोबर से थोड़ी मिट्टी मिलाकर बढ़िया गमले, दीये आदि भी बनाये जा रहे हैं। इसके लिए लघु मशीनें भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा गो काष्ठ का भी उत्पादन लाभदायक हो सकता है। इसके लिए अलग-अलग डाई से गोल या चौकोर गोबर की लकड़ियां बनाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इन लकड़ियों का प्रयोग हवन और शवदाह के लिए करने का चलन बढ़ रहा है। ये लकड़ियां बनाने की मशीन भी उपलब्ध है जो दबाव से एक सिरे से गोबर डाल कर दूसरे सिरे से लकड़ी निकालती है। इन लकड़ियों के अच्छे प्रज्ज्वलन के लिए इनके बीच में एक इंच का छेद रहता है। शवदाह के लिए दो क्विंटल गोबर की लकड़ी पर्याप्त होती है। 6-7 रुपये किलोग्राम तक बिक जाती है। इसके अलावा जैविक खाद बनाकर बेचना भी काफी लाभदायक हो सकता है। इसकी मांग भी बहुत है। गोबर में 20 फीसद मिट्टी और चूना मिला कर ईंट भी बनाई जा रही हैं। यह ईंटें मकान को गर्मियों में ठंडा और सर्दियों में गर्म रखती हैं। ऐसी संभावनाओं का दोहन किया जाना चाहिए जिसे सरकार द्वारा प्रोत्साहन देकर और तकनीक एवं मशीनरी की जानकारी और प्रशिक्षण दिलवा कर संभव किया जा सकता है। एक बिलकुल नई संभावना का द्वार भी खुल रहा है। आईआई टी से पढ़े डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा ने गोबर से नैनो सैलूलोज बनाने की विधि ईजाद की है। यह बहुत कीमती रसायन है। इसे कागज उद्योग, कपड़ा बनाने, दवाई उद्योग आदि में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी अंतरराष्ट्रीय मांग है। एक ग्राम की कीमत दो-तीन हजार रुपये है। एक किलोग्राम गोबर में से 6 से आठ ग्राम तक नैनो सैलूलोज निकलता है। इसके बाद बचने वाला पदार्थ लिग्निन कहलाता है। यह भी 40-50 रुपये किलोग्राम तक बिक जाता है। इस निर्माण प्रक्रिया का डॉ. वर्मा ने पेटेंट भी करवा लिया है। सरकार इस उद्योग के विस्तार के तरीके निकाल कर पशुपालकों को काफी लाभ पंहुचा सकती है। पशुधन को लाभकारी बनाने के इन तरीकों से पशुपालन और आकर्षक हो जायेगा और गैर दुधारू पशु भी लाभदायक हो सकेंगे। इससे बेसहारा पशुओं की समस्या पर भी लगाम लगाने में मदद मिलेगी और रोजगार के अवसर भी अपने ही संसाधनों के बेहतर उपयोग से पैदा किये जा सकेंगे। शुरूआत में गोसदनों और बड़ी डेयरियों से एक मिश्रित गतिविधियों का प्रयोग किया जा सकता है।

**लकड़ियों का प्रयोग हवन और शवदाह के लिए करने का चलन बढ़ रहा है। ये लकड़ियां बनाने की मशीन भी उपलब्ध है जो दबाव से एक सिरे से गोबर डाल कर दूसरे सिरे से लकड़ी निकालती है।**

**पशुपालन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# फैशन डिजाइनिंग में ऐसे चमकाएं अपना करियर

आजकल के दौर में हर कोई स्टाइलिश और फैशनेबल दिखना चाहता है। कुछ लोगों को फैशन की सेंस काफी अच्छी होती है। अच्छे फैशनसेंस से व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है। अगर आप अपनी इस हॉबी को करियर में बदलना चाहते हैं तो ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। आज के दौर में हर कोई फैशनेबल दिखना चाहता है। ऐसे में अच्छे और फैशनेबल कपड़े पहनने से लोगों में कांफिडेंस आता है। खुद को प्रजेंटेबल बनाना, फैशन के मुताबिक तैयार होना या ऐसे कपड़े पहनना जो आपको पर्सनालिटी को प्रभावी बनाएं या आपको स्टाइलिश दिखाएं। ऐसा करना सभी लोगों को पसंद होता है। लेकिन कुछ लोग इतने प्रतिभावान होते हैं कि वह अपने आउटफिट को खुद डिजाइन करना पसंद करते हैं। वहीं कुछ बच्चे भी फैशन डिजाइनिंग के मामले में खासा इंट्रेस्ट रखते हैं। अपनी इसी प्रतिभा को निखारने के लिए और नई स्किल में डेवलपमेंट कर फैशन डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। आपको बता दें कि भारत में कई ऐसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। जो छात्रों को अपनी स्किल्स निखारने का मौका देते हैं। इसके साथ ही फैशन डिजाइनिंग के यह कोर्स आपको अधिक विकसित करने का काम करता है। इन कोर्सेज को करने के लिए स्टूडेंट को कहीं जाने की जरूरत नहीं होती है। आप इस कोर्स को आसानी से घर पर ही बैठकर कर सकते हैं।जो भी स्टूडेंट फैशन डिजाइनिंग की हॉबी को अपने करियर के तौर पर बनाना चाहते हैं। उनके लिए फैशन डिजाइनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स एक अच्छा ऑप्शन है। इस कोर्स के जरिए छात्रों को फैशन कोर्स की बेसिक नॉलेज के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इसमें कई तरह के कोर्स होते हैं। जो आप एकदम फ्री में कर सकते हैं। हालांकि सर्टिफिकेट के लिए आपको नाममात्र फीस का भुगतान करना होता है।

## फैशन डिजाइनिंग में टॉप ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स

## घर बैठे करें टॉप ऑनलाइन फ्री सर्टिफिकेट कोर्स



**पैर्टन स्डीयिंग एंड मेकिंग**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 12 सप्ताह

**मॉडल एंड कंटेंपरेरी आर्ट एंड डिजाइन**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 7 महीने

**फ्यूचर एंड ऑप्शन एंड टैक्सटाइल्स**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 सप्ताह

**ब्रांडिंग: इन क्रिएटिव जर्नी**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 महीने

**डिजाइन एंड क्रिएटिंग स्कर्ट**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

**सर्कुलर फैशन**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

**डिजाइन एंड क्रिएटिंग ट्राउजर्स**
संस्थान का नाम - Edx
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 सप्ताह

**ऑनलाइन फैशन डिजानिंग कोर्स**
संस्थान का नाम - शॉ अकादमी
कोर्स की अवधि - 4 सप्ताह
कोर्स की फीस - फ्री

**फैशनल डिजाइन**
संस्थान का नाम - ऑक्सवर्ड होम स्टडी संटेर
कोर्स की अवधि - 20 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

**फैशन एस डिजाइन**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की अवधि - 20 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

**डिजाइन द क्रिएशन ऑफ आर्टिफेक्ट एंड इन सोसायटी**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 15 घंटे

**ब्रांड आईडेंटिटी एंड स्ट्रेटजी**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 14 घंटे

**मैनेजमेंट ऑफ फैशन एंड लग्जरी कंपनी**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 12 घंटे

**ब्रांडिंग एंड कस्टमर एक्सपीरियंस**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 11 घंटे

**ब्रांडिंग एंड कस्टमर एक्सपीरियंस इंटरमीडिएट लेवल**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 11 घंटे

**डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन**
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 10 से 15 घंटे

**रिंक्लिंग- रेजिस्टेंस, स्टिफ एंड सॉफ्ट फर्निशिंग ऑफ टेक्सचर**
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 10 से 15 घंटे का समय

**टेक्सटाइल फर्निशिंग ऑफ वुल एंड सिंथेटिक फाइबर**
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 6 घंटे

**स्सटेनेबल फैशन**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की अवधि - 5 घंटे
कोर्स की फीस - फ्री

**रिंक्लींग रेजिस्टेंट फर्निशिंग**
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 5 से 6 घंटे

**वॉटरप्रूफ, सॉइल रिलीज एंड फयर - रेडिएंट फिनिशिंग ऑफ टेक्सटाइल**
संस्थान का नाम - एलिसन
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 3 घंटे

**फैशन इकॉमर्स इन एक्सडी**
संस्थान का नाम - कोसेर्रा
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

**फैशन डिजाइनः इनट्रोडक्शन टेक्निकल फ्लैट**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

**फैशन डिजाइन पेटर्न मेकिंग पार्ट 1**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा

**इंस्पायर्ड फैशन डिजाइन**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**फैशन डिजाइन सीरिज : क्रिएटिव असम मूड बोर्ड**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**द स्टेप ऑफ फैशन डिजाइन**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**द इंस्पिरेशनः वेयर फैशन डिजाइनिंग बिगंस**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**3ऊफैशन डिजाइन एंड सिमुलेशन**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**फैशन डिजाइन 101 मेकिंग ऑफ गेदर हैंगिंग टॉप**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**इंट्रोडक्शन टू फैशन इन लिंजरी**
संस्थान का नाम - स्किल शेयर
कोर्स की फीस - फ्री
कोर्स की अवधि - 1 घंटा (लगभग)

**- अनन्या मिश्रा**

# पेंसिल और शार्पनर की प्रेमकथा



बस्ते में एक पुरानी पेंसिल थी। उसका शार्पनर (छिलनी) से चक्कर था। दोनों का प्यार कई दिनों तक बदस्तूर चलता रहा। प्यार भी ऐसा जो सातवें आसमान पर हो। उनके इश्क-ए-खुमार का पता इसी से चल जाता कि पेंसिल से नोटबुक में लिखो तो इश्क-ए-खुमार शार्पनर पर चढ़ता। वहीं पेंसिल टूटने को होती तो शार्पनर का रो-रोकर बुरा हाल होता। शुरू-शुरू में इश्क इतना कि दोनों एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे। दिखने में पेंसिल और शार्पनर अलग-अलग थे, लेकिन इश्क की खुश्बू दोनों की एक सी थी। यही किस्सा आगे भी चलता रहा। कोई दूसरा शार्पनर पेंसिल को छू लेता तो शार्पनर का हाल 'काटो तो खून नहीं' वाला हो जाता। दोनों तीन महीने तक कभी बस्ते में पर तो कभी मेज पर साथ-साथ नजर आते। दोनों का रिश्ता इतना गहरा चुका था कि एक-दूसरे के बिना भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते थे।

अब भला समय भी कोई चीज होती है। आज जो अच्छा लगता है कल वही खराब लग सकता है और जो कल तक खराब लगता है वही अब अच्छा लग सकता है। पेंसिल पुरानी पड़ चुकी थी। इश्क की छिलन में वह घिस चुकी थी। अब बच्चा उसका कम ही इस्तेमाल करता था। एक दिन घर में नई पेंसिल आई और शार्पनर का आकर्षण उसके प्रति बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने पुराने इश्क के खुमार को पुरानी पड़ चुकी पेंसिल के हवाले करते हुए नई पेंसिल के संग जोड़ी बना ली।

यह देख पुरानी पेंसिल बड़ी दुखी हुई। इससे पहले कि वह कुछ पूछे शार्पनर बोल पड़ा - मैं जानता हूं कि तुम यही जानना चाहती हो न कि मैं तुम्हें क्यों छोड़ रहा हूं? तो सुनो झ जब एक दल कई साल पुराने अपने संगी दल को छोड़कर गठबंधन कर सकता है, कोई पुराना नेता मंत्री पद का लुत्फ उठाने के बाद नए दल में घुस सकता है, कोई दंपत्ति बाल-बच्चे होने के बावजूद किसी दूसरे पार्टनर के संग रह सकते हैं, तो मैं फिर भी शार्पनर हूं। मैं जब चाहूं तब, कहीं भी कभी भी किसी भी तरफ मुंह मार सकता हूं। तुम बहुत किस्मत वाली हो कि हम दोनों की जोड़ी बहुत दिनों तक टिकी रही। वैसे भी घिसने वालों को टिकने की चाहत नहीं रखनी चाहिए। अलविदा मेरी प्रिया! मैं अब किसी और को चाहने लगा हूं।

**❖ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# आंतों में कैसे काम करते हैं सूक्ष्मजीव

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एक नया उपकरण विकसित किया है। जिसकी सहायता से यह पता लगाया जा सकेगा कि सूक्ष्मजीव हमारी आंतों में विभिन्न प्रकार के भोजन और दवाओं का चयापचय कैसे करते हैं। सूक्ष्मजीवों का मनुष्य के जीवन से गहरा संबंध है। रोगजनक सूक्ष्मजीव हमें बीमार करने के लिए जाने जाते हैं, तो दूसरी ओर बहुत से सूक्ष्मजीव बेहतर स्वास्थ्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। सूक्ष्मजीवों का यह समुदाय माइक्रोबायोम कहलाता है, जो चयापचय और रोगों से बचाव में अपनी भूमिका निभाते हैं। मानव आंत माइक्रोबायोम की एक हजार से अधिक प्रजातियों से मिलकर बना है, जिनमें 33 लाख से अधिक विशिष्ट जीन्स हैं। आंतों में सूक्ष्मजीव भोजन को संसाधित करने के लिए एंजाइमों का स्राव करते हैं और शरीर को विभिन्न मेटाबोलाइट प्रदान करते हैं, जो शरीर की आंतरिक कार्यप्रणाली के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक हैं।

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) भोपाल के शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित एक नया उपकरण विकसित किया है, जिसकी सहायता से यह पता लगाया जा सकेगा कि सूक्ष्मजीव हमारी आंतों में विभिन्न प्रकार के भोजन और दवाओं का चयापचय कैसे करते हैं। 'गटबग' नामक यह उपकरण मानव आंत द्वारा पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण की प्रक्रिया में शामिल विशिष्ट जीवाणु एंजाइमों, प्रतिक्रियाओं, और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी प्रदान करता है। मौखिक रूप से ग्रहण की गई दवाओं और भोजन अणुओं के चयापचय में भूमिका निभाने वाले सूक्ष्मजीवों की पहचान में यह उपकरण उपयोगी है।

माइक्रोबायोम की विशालता और अलग-अलग व्यक्तियों में भिन्न बैक्टीरिया संग्रह को देखते हुए जटिल मेजबान-माइक्रोबियल संबंधों का अध्ययन चुनौतीपूर्ण होता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि 'गटबग' ऐसे संभावित जीवाणु एंजाइमों एवं जीवाणु उपभेदों की पहचान करने में मदद करता है, जो आहार अणुओं के साथ-साथ मौखिक रूप से ली गई दवाओं के चयापचय को अंजाम दे सकते हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि आंत में जीवाणु कोशिकाओं की संख्या मानव शरीर में कोशिकाओं की संख्या से अधिक है। आंत के जीवाणु समुदायों में जीवाणु कोशिकाओं और विविधता की विशाल संख्या अतिरिक्त चयापचय क्षमता प्रदान करती है, जो दवाओं और अपचित भोजन का चयापचय कर सकती हैं। मौखिक रूप से ली गई दवाओं या न्यूट्रास्यूटिकल्स का जीवाणु चयापचय उनकी प्रभावकारिता और विषाक्तता को प्रभावित करता है, जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। मशीन लर्निंग जैसे कम्प्यूटेशनल तरीकों का उपयोग कर-के, इस बात की गहन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि आंत में पाये जाने वाली विशिष्ट बैक्टीरिया प्रजातियां कैसे काम करती हैं। इससे यह समझने में भी मदद मिल सकती हैं कि यह अंतःक्रिया मानव शरीर में मेजबान सूक्ष्मजीवों को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से कैसे प्रभावित कर सकती है।

आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ता डॉ विनीत शर्मा ने इंडिया साइंस वायर को बताया कि 'नये 'गटबग' उपकरण में मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क और केमोइंफॉर्मेटिक तरीकों के संयोजन का उपयोग किया गया है। एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए मानव आंतों के लगभग 700 जीवाणु उपभेदों के 363,872 एंजाइमों के क्यूरेटेड डेटाबेस और 3,457 एंजाइमों वाले एक सब्सट्रेट डेटाबेस का उपयोग किया गया है।' इस उपकरण का परीक्षण 27 विभिन्न अणुओं पर किया गया है, जिसमें जटिल काबोर्हाइड्रेट, फ्लेवोनोइड्स और ड्रग्स शामिल थे। परीक्षण में उपकरण को 0.78 से 0.97 तक सफलता दर के साथ सटीक पाया गया है। डॉ शर्मा कहते हैं, 'गटबग हमें यह बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है कि हम जो भोजन करते हैं, या जो दवाएं मौखिक रूप से लेते हैं, वे हमारे पेट के बैक्टीरिया द्वारा कैसे संसाधित होते हैं, और यह हमारे स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। इस तरह की समझ आहार डिजाइन, नये प्रीबायोटिक्स के विकास, न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद बनाने और दवाओं में सुधार करने में उपयोगी हो सकती है। डॉ विनीत शर्मा के अलावा इस अध्ययन के शोधकताओं में आदित्य एस. मालवे और गोपाल एन. श्रीवास्तव शामिल हैं।

## सूडोकु नवताल- 6667

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6666 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**12 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 05.54 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृष | 07.34 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.32 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.45 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.01 बजे से |
| शुक्र | वृष में | कन्या | 16.13 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.24 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 20.39 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 22.55 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.00 बजे से |
| 12.00 से 1.30 बजे तक | | कुंभ | 02.46 बजे से |
| | | मीन | 04.19 बजे से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 102 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 03.45 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 11.59 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 15.19 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 16.44 बजे तदनन्तर बव 03.45 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 08° 30'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871581
**जूलियन दिन** 2460046.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान **तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7730

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ |
| 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | | 33 | ■ |
| 34 | ■ | 35 | | 36 | ■ | 37 | | 38 |
| 39 | | ■ | 40 | | | ■ | 41 | |

**बाएँ से दाएँ**
1.अधिकार-2
3.समुद्र,दरिया-3
6.आनंद,रस-2
8.दबाना,कुचलना-3
10.गुंडा,बदमाश-3
12.पासों से भविष्य जानना-3
14.नाप जोख करना-3
17.जलजला-3
19.असफल-3
21.मगन,रत-2
23.व्यक्ति,जीव-3
25.सम्राट,नरेश-2
26.कार्य करने वाला-3
28.उपनदी,कैनाल-3
30.मां का प्रेम-3
32.पढ़ना,अध्ययन-3
35.पक्षाघात,फालिज-3
37.सेनापति-3
39.दूल्हा,वरदान-2
40.पक्ष,एक ओर-3
41.भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**
1.सीमा,सरहद-2
2.कटि,मध्यांग-3
4.दुख,कष्ट-2
5.गमन,विदा होना-3
7.शराब का प्याला-2
9.एक नमकीन लवण-3
11.आलेप करना-3
13.बोलने का तरीका-3
15.अयोग्य,बेकार-3
16.तहजीब,तमीज-3
18.रत्न,बहुमूल्य नग-3
20.व्यंग,परिहास-3
22.मुलायम,नाजुक-3
24.कॉफी-3
27.पंकज,नीरज,जलज-3
29.निर्माण-3
31.बल,दम,जोर-3
33.नेत्र,आंख-3
34.नौका-2
36.घात,प्रहार-2
38.जरा,थोड़ा-2

### शब्द पहेली -7729 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | ■ | चा | त | क | ■ | त |
| ■ | र्श | ■ | क | ल | ह | ■ | र | बा |
| ता | न | ■ | ह | ■ | खा | लि | स | ■ |
| क | ■ | का | र | खा | ना | ■ | भ | ■ |
| त | री | का | ■ | बिं | ■ | श | रा | रा |
| ■ | मी | ■ | अ | द | र | क | ■ | ज |
| ■ | से | ह | रा | ■ | ह | ■ | आ | न |
| जा | न | ■ | ज | ही | न | ■ | स | ■ |
| म | ■ | म | क | र | ■ | स | न | म |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है।

**वृष राशि** : आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना रहेगी।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा। सहकर्मियों से लाभ मिलेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे। मित्रों और प्रियजनों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मीन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।




## NEWS इन ब्रीफ

### डोकलाम के पास चीनी सेना का जमावड़ा भारतीय सेना अलर्ट

**डोकलाम।** डोकलाम के पास चीन लगातार अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने में जुटा हुआ है जिसको लेकर भारतीय सेना ने चिंता जाहिर की है। भूटान की अमो चू घाटी के पास चीन ने बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के लिए बंकर बना लिए हैं। अमो चू रणनीतिक रूप से अहम डोकलाम पठार के पास स्थित है, यहीं से भारत का सिलिगुड़ी गलियारा चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की सीधी रेखा में है। यह भारत-चीन-भूटान डोकलाम ट्राई-जंक्शन से बमुश्किल कुछ दूरी पर ही है, जहां बीजिंग सड़क के निर्माण को लेकर 2017 में भारत और चीन के बीच तीव्र सैन्य गतिरोध हुआ था।

### सावरकर की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाएगा महाराष्ट्र

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य 28 मई को राज्य के हिंदुत्व आइकन विनायक डी. सावरकर की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाएगा। विनायक डी. सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को भगुर, नासिक में हुआ था और उनका निधन 26 फरवरी, 1966 को मुंबई में हुआ था। अगले महीने उनकी 140वीं जयंती होगी। शिंदे ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सावरकर के योगदान को उजागर करने, उनकी विचारधारा का प्रचार करने और पूरे राज्य में सामाजिक सुधारों और अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए उनके अभियानों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### ठग किरण पटेल के घर की तलाशी में मिले नकली स्टांप पेपर

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस की अपराध शाखा ने अहमदाबाद के घोड़ासर स्थित प्रेस्टीज बंगलों में ठग किरण पटेल और उसकी पत्नी मालिनी के आवास की तलाशी ली। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस दौरान, पुलिस ने नीलकंठ ग्रीन बंगलों, कई बैंक खातों और फर्जी स्टांप पेपर बरामद की। बंगले के मालिक जगदीश चावड़ा की शिकायत के बाद सोमवार को तलाशी शुरू की गई। शिकायत में कहा गया कि पटेल ने बंगले के नवीनीकरण का वादा करके उनसे 35 लाख रुपये लिए थे।

# 1952 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने वाली 14 में से एकमात्र पार्टी बची कांग्रेस

## कुछ पार्टियों का अस्तित्व हो गया समाप्त, हाल के दिनों में किसी के पास राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा नहीं

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को राष्ट्रीय दलों की सूची से हटाने का फैसला करने के बाद, 1952 में पहली बार राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने वाली 14 राजनीतिक दलों में अब यह दर्जा बरकरार रखने वाली कांग्रेस एकमात्र पार्टी रह गई है। कांग्रेस और सीपीआई के अलावा, 1952 में सोशलिस्ट पार्टी, भारतीय जनसंघ, ऑल इंडिया शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन, बोल्शेविक पार्टी ऑफ इंडिया, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, मार्क्सिडस्ट फॉरवर्ड ब्लॉक, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (रुइकर ग्रुप), अखिल भारतीय राम राज्य परिषद, अखिल भारतीय हिंदू महासभा, भारतीय क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी, कृषिकर लोक पार्टी और किसान मजदूर प्रजा पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला था। इनमें से 12 पार्टियों में से कुछ का अस्तित्व समाप्त हो गया है, हाल के दिनों में किसी के पास राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा नहीं रहा।

1925 में स्थापित सीपीआई ने 1952 में देश में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त किया। उस वर्ष सीपाआई आम चुनावों में कांग्रेस के बाद 16 सीटें जीतकर प्रमुख विपक्षी पार्टी बन गई। कांग्रेस को कुल 364 सीटें मिलीं। उस समय सोशलिस्ट पार्टी 12 प्रतिनिधियों के साथ भारतीय संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। सीपीआई ने देश को हिरेंद्रनाथ मुखर्जी, इंद्रजीत गुप्ता, गीता मुखर्जी और गुरुदास दासगुप्ता जैसे कुछ सबसे प्रमुख सांसदों का उपहार दिया है। हालांकि, 1964 में सीपीआर्ठ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सधवादी) के गठन के साथ बिखर गई। उस समय नवगठित सीपीआई (एम) के पहले नौ पोलित ब्यूरो सदस्य पी. सुंदरय्या, बी.टी. रणदिवे, प्रमोद दासगुप्ता, ई.एम.एस. नंबूदरीपाद, एम. बसवपुनैया, हरकिशन सिंह सुरजीत, पी. राममूर्ति, ए.के. गोपालन और ज्योति बसु थे। पी. सुंदरय्या सीपीआई (एम) के पहले महासचिव थे। पार्टी के पहले पोलित ब्यूरो के सभी नौ सदस्य अब मर चुके हैं। इस गिनती पर सोमवार को ईसीआई की ताजा सूची के बाद भी सीपीआई (एम) ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रखा है।


**1925 में स्थापित सीपीआई को 1952 में राष्ट्रीय पार्टी का मिला था दर्जा**

**1952 में सीपाआई आम चुनावों में कांग्रेस के बाद 16 सीटें जीतकर बन गई थी प्रमुख विपक्षी पार्टी**




### इन कारणों से छिना तृणमूल कांग्रेस का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा

**राष्ट्रीय** पार्टी का दर्जा खत्म होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह चुनाव आयोग (ईसीआई) के फैसले के खिलाफ कानूनी रास्ता अपना सकती है, वहीं विश्लेषकों को पार्टी के इस कदम के परिणामों पर संदेह है। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा बरकरार रखने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त यह है कि संबंधित राजनीतिक दल के पास कुल लोकसभा सीटों का दो प्रतिशत होना चाहिए और यह तीन भारतीय राज्यों से होना चाहिए। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के पास कुल लोकसभा सीटों का दो प्रतिशत से अधिक है, लेकिन वे सभी एक ही राज्य पश्चिम बंगाल से हैं। एक और शर्त यह है कि पार्टी को कम से कम चार भारतीय राज्यों में राज्य-पार्टी का दर्जा प्राप्त होना चाहिए। अब राज्य-पार्टी का दर्जा प्राप्त करने के लिए, संबंधित राजनीतिक दल के पास संबंधित राज्य विधानसभा में कम से कम दो निर्वाचित प्रतिनिधि होने चाहिए और उस राज्य में पिछले चुनाव में मतदान का छह प्रतिशत वोट हासिल होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के मामले में, पश्चिम बंगाल के अलावा, यह केवल मेघालय में है, जहां तृणमूल के पांच निर्वाचित विधायक हैं और वहां उसने पिछले चुनावों में कुल मतदान का 13.78 प्रतिशत वोट हासिल किया था। तृणमूल कांग्रेस के गोवा और त्रिपुरा से चुनाव लड़ने के बावजूद इन दोनों राज्यों में से पार्टी का एक भी उम्मीदवार निर्वाचित नहीं हुआ और न ही उसे अपेक्षित मत प्राप्त हुआ। त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को 0.88 प्रतिशत वोट मिला है, जो नोटा से भी कम है। 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों के मामले में, पार्टी का वोट शेयर कुल वोटों का 5.21 प्रतिशत था। तृणमूल कांग्रेस ने 2016 में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया, यही वह वर्ष था जब वह लगातार दूसरी बार पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई थी। अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छिनने के बाद तृणमूल कांग्रेस अपने पंजीकृत पार्टी चिन्ह के साथ केवल पश्चिम बंगाल और मेघालय में ही चुनाव लड़ सकेगी अन्य राज्यों के मामले में उन्हें मुक्त चिन्हों से संतुष्ट रहना होगा।



### राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा गंवाना केवल तकनीकी मुद्दा : भाकपा



**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय दलों की सूची से नाम हटाए जाने के एक दिन बाद राज्य भाकपा सचिव कनम राजेंद्रन ने मंगलवार को कहा कि यह सिर्फ एक तकनीकी मुद्दा था। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने के लिए कुछ नए मानदंड अपनाए जा रहे हैं। केवल एक मानदंड पर विचार करना सही नहीं है। अब जो हुआ है वह केवल एक तकनीकी मुद्दा है। यह हमें राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने से नहीं रोकता है। राजेंद्रन ने कहाः जब कोई अनुमति नहीं थी तब भी हमने काम किया। संयोग से केरल में सीपीआई सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे का दूसरा सबसे बड़ा सहयोगी है। 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में सीपीआई के पास 17 सीटें हैं। वर्तमान में लोकसभा में केरल से उनका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है, जबकि राज्यसभा में दो हैं। पश्चिम बंगाल में एक राज्य पार्टी के रूप में अर्हता प्राप्त करने में विफल रहने के बाद सीपीआई ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो दिया। फिलहाल उसे केरल, तमिलनाडु और मणिपुर में राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# मॉनसून सत्र में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल होगा पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल तैयार है और मॉनसून सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। एक फरवरी को, सुप्रीम कोर्ट ने व्हॉट्सएप को मीडिया में व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया था कि उपयोगकर्ता उसकी 2021 की गोपनीयता नीति को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं और नए डेटा संरक्षण विधेयक के प्रभावी होने तक व्हॉट्सएप की कार्यक्षमता प्रभावित नहीं होगी। एजी ने मंगलवार को न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि विधेयक तैयार है। इसे मॉनसून सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। जस्टिस जोसेफ ने एजी से पूछा, मॉनसून सत्र का मतलब?

एजी ने जवाब दिया कि यह जुलाई में होगा। पीठ -में शामिल जस्टिस अजय रस्तोगी, अनिरुद्ध बोस, हृषिकेश रॉय और सी.टी. रविकुमार ने कहा कि मामला जुलाई में सुनवाई के लिए पोस्ट किया जा सकता है। इस मौके पर व्हाट्सएप का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सत्र जुलाई के अंत में है। पीठ को सुझाव दिया गया कि मामले में अगस्त में सुनवाई करना अधिक व्यावहारिक होगा।

### राजनीतिक औजार बन गया है राज्यपाल का पद : बीआरएस

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल के पद केंद्र की भाजपा नीत सरकार के हाथों में राजनीतिक औजार बन गए हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने मंगलवार को इसे दुखद स्थिति बताया। केटीआर ने ट्विटर पर लिखा, सभी गैर-बीजेपी शासित राज्यों पर एक नजर डालें, आप असहयोग और प्रतिशोध का एक समान स्पष्ट पैटर्न देखेंगे, क्या यह सहकारी संघवाद मॉडल और टीम इंडिया की भावना है, जो राष्ट्र को बढ़ने और समृद्ध होने में मदद करने जा रही है? केटीआर तेलंगाना सरकार के डिजिटल मीडिया के निदेशक कोनाथम दिलीप के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।

### माफिया अतीक को साबरमती जेल से लेकर निकली यूपी पुलिस

**साबरमती।** यूपी पुलिस की टीम माफिया अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से लेकर यूपी के लिए रवाना हो गई है। बुधवार शाम तक अतीक को लेकर पुलिस टीम प्रयागराज पहुंच जाएगी। मंगलवार सुबह प्रिजनर वैन के साथ यूपी पुलिस के जवान माफिया अतीक को लेने साबरमती जेल पहुंच गए थे। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने में कुछ घंटों का वक्त लगा। हाल ही में उमेश पाल अपहरण केस में अतीक को प्रयागराज के एमपी-एमएलए कोर्ट लाया गया था, जहां दोष सिद्ध होने के बाद उसे उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। जानकारी आ रही है कि साबरमती जेल से अतीक को प्रयागराज लाने की जानकारी को बेहद गुप्त रखा गया था।

# सचिन पायलट का अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन

**एजेंसियां। नई दिल्ली/जयपुर**

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में शहीद स्मारक पर अपना एक दिवसीय अनशन शुरू किया। इससे पहले उन्होंने शहर में ज्योतिराव फूले को पुष्पांजलि अर्पित की। पायलट ने गहलोत सरकार पर तत्कालीन वसुंधरा सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है।

पायलट ने कहाः वसुंधरा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विपक्ष में रहते हुए हमने वादा किया था कि जांच कराई जाएगी। चूंकि चुनाव में 6-7 महीने बचे हैं, ऐसे में सवाल उठ सकते हैं कि क्या गहलोत और राजे के बीच कोई गठबंधन है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी यह महसूस करना चाहिए कि हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सोमवार को पायलट के अनशन के कुछ घंटे पहले कांग्रेस के राज्य प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने इस कदम को पार्टी हित के खिलाफ और पार्टी विरोधी गतिविधि करार दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, सचिन पायलट का कल (मंगलवार) दिन भर का उपवास पार्टी हितों के खिलाफ है और पार्टी विरोधी गतिविधि है। अगर उनकी अपनी सरकार के साथ कोई समस्या है, तो मीडिया और जनता के बजाय पार्टी मंचों पर चर्चा की जा सकती है।



रंधावा ने कहाः मैं पिछले 5 महीनों से एआईसीसी का प्रभारी हूं और पायलट ने कभी भी मेरे साथ इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की। मैं उनके संपर्क में हूं और मैं अभी भी शांत बातचीत की अपील करता हूं, क्योंकि वह कांग्रेस के लिए एक निर्विवाद संपत्ति हैं।

## FILMY हलचल

### नागा चैतन्य से तलाक पर समांथा ने तोड़ी चुप्पी, कहा- मैं कुछ भी भूलना नहीं चाहती

**साउथ** ब्यूटी समांथा रूथ प्रभु की पर्सनल लाइफ लगातार सुर्खियों में है। अक्टूबर 2021 में सामंथा ने अपने पति नागा चैतन्य को तलाक दे दिया था। इस दौरान उन्हें कई भावनात्मक आघात झेलने पड़े।



अब समांथा धीरे-धीरे आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। इतने लंबे समय से तलाक की बात से बचती समांथा अब इस पर बात करने लगी हैं। समांथा ने कहा कि तलाक और इससे पहले की कई चीजें भुलाई नहीं जानी चाहिए और मैं भूलना नहीं चाहती। हाल ही में जब उनके पिछले जीवन के बारे में पूछा गया था। उनसे पूछा गया कि जिंदगी में ऐसी कौन सी चीज है जिसे आप हमेशा के लिए भूल जाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जवाब दिया, क्या आप मेरे रिश्ते के बारे में पूछ रहे हैं। इस सवाल का जवाब मुझे मुश्किल में डाल सकता है। असल में, मैं जिंदगी में जो कुछ भी हुआ उसे भूलना नहीं चाहती। क्योंकि उन सभी चीजों ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है।

### मेरी बिल्लियों ने मुझे सिखाया कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती : ईशा



**बेकाबू** की एक्ट्रेस ईशा सिंह का मानना है कि पालतू जानवर सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। पेट डे पर उन्होंने साझा किया कि कैसे वह अपनी चार बिल्लियों से जुड़ी हुई हैं और उनके साथ अलग-अलग खेल खेलना पसंद करती हैं। एक्ट्रेस ने कहाः मैंने हमेशा सोचती थी, कि मैं बुरी इंसान हूं, जब तक कि मैं अपनी चार प्यारी बिल्ली से नहीं मिली, जिन्होंने मेरा दिल चुरा लिया और मुझे सिखाया कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। मेरे पास भरा-पूरा एक बिल्लियों का परिवार है। मेरी बिल्लियां बहुत कोमल हैं और वे उन लोगों को नहीं मारती हैं जो उन्हें प्यार से पकड़ते हैं। ईशा ने 17 साल की उम्र में 2015 में 'इश्क का रंग सफेद' शो में धानी त्रिपाठी के रूप में अपना टीवी डेब्यू किया। बाद में उन्होंने 'एक था राजा एक थी रानी', 'इश्क सुभान अल्लाह', 'प्यार तूने क्या किया', 'सिर्फ तुम' सहित अन्य में अभिनय किया। शो की शूटिंग में बिजी एक्ट्रेस अपनी जरूरतों पर ध्यान देना सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि बिल्लियों में कुत्तों के समान कुछ गुण होते हैं और कुत्तों के शौकीन होने के बावजूद अब वह कैट लवर बन गई हैं। एक्ट्रेस ने कहाः मेरी बिल्लियों में कुत्ते जैसे लक्षण हैं। यह सच है, खास तौर से सिम्बा और प्रादा में।

### सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**बॉलीवुड** अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। कुछ दिन पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान को धमकी भरा एक मेल भेजा गया था। उसके बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सलमान ने सुरक्षा के लिए एक बुलेट प्रूफ एसयूवी भी खरीदी है। इसी बीच एक बार फिर सलमान को जान से मारने की धमकी मिली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को रात करीब 9 बजे जोधपुर से मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में धमकी भरा फोन आया। इस फोन के जरिए सलमान खान को 30 अप्रैल को जान से मारने की धमकी दी गई। हमलावर ने अपनी पहचान रॉकी भाई के रूप में बताई है। रॉकी भाई गोरक्षक बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अभिषेक पर गुस्सा करती दिखीं ऐश्वर्या



**बॉलीवुड** में सबकी फेवरेट जोड़ी एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन हैं। उन्हें अक्सर इवेंट्स में साथ देखा जाता है। सोशल मीडिया पर इस वक्त ऐश्वर्या और अभिषेक का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ऐश्वर्या अभिषेक को गुस्से से देखती हैं। यह वीडियो अभिषेक की टीम जयपुर पिंक पैंथर्स का उनके कबड्डी मैचों के दौरान का है। वीडियो में अभिषेक ऐश्वर्या से कुछ कहते नजर आ रहे हैं, लेकिन ऐश्वर्या अभिषेक को गुस्से से देखती नजर आ रही हैं। उसके बाद ऐश्वर्या पीछे बैठी नव्या से बात करती नजर आती हैं। वीडियो में अभिषेक के दोस्त अभिनेता सिकंदर खेर और ऐश्वर्या की बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या के काम की बात करें तो कुछ दिनों पहले वह साउथ की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 1' में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। उसके बाद ऐश्वर्या 'पोन्नियिन सेलवन 2' में नजर आएंगी।

**झटका** हाईकोर्ट के फैसले के आदेश को तमिलनाडु सरकार ने दी थी चुनौती

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को राज्य में मार्च करने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सरकार की अपील खारिज की जाती है।

सुनवाई के दौरान आरएसएस ने दलील दी थी कि अगर तमिलनाडु में उसके मार्च पर कोई आतंकी संगठन हमला करता है तो राज्य सरकार को उसकी रक्षा करनी होगी।



तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया था कि हम राज्य मार्च और जनसभाओं का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन यह हर गली, हर मुहल्ले में नहीं हो सकता है। रोहतगी ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था की चिंताओं के लिए अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है।

पीठ ने मौखिक रूप से कहा था कि सत्ता की भाषा और लोकतंत्र की भाषा के बीच संतुलन बनाया जाना चाहिए। आरएसएस का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने प्रस्तुत किया कि राज्य सरकार आतंकी हमले की आशंकाओं का हवाला देकर किसी संगठन को शांतिपूर्ण मार्च निकालने से नहीं रोक सकती है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की सहयोगी पिंकी ईरानी की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी जब उन्होंने मामले में ईरानी और जेल कर्मचारी सुनील कुमार द्वारा दायर दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को नोटिस जारी किया। ईरानी और कुमार दोनों ने मामले में जमानत से इनकार करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने पिछले साल नवंबर में ईरानी को गिरफ्तार किया था।

# आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखने में प्रशासन का सहयोग करेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में विधि व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कई सुझाव दिये। डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात के दौरान लॉ एण्ड ऑर्डर उपसमिति के चेयरमैन प्रवीण लोहिया ने एसपी के नेतृत्व में सभी जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से पुलिस-व्यापारी समन्वय समिति की बैठक आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखने में प्रशासन का सहयोग करेंगे। रांची नगर निगम के इनफोर्समेंट कर्मियों की ओर से खाकी वर्दी के उपयोग से लोगों के बीच बन रही भ्रम की स्थिति पर भी प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई। मौके पर सह सचिव रोहित पोद्दार ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि तत्कालीन डीआईजी ने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए प्रश्नचिन्ह लगाया था। उन्होंने इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जानकारी लेते हुए इसे तुरंत बंद करने का आग्रह किया। इसपर डीजीपी ने उचित विचार के लिए आश्वस्त किया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने गिरिडीह में चार वर्षों से आरंभ किये गये ट्रैफिक थाना में अब तक प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से हो रही समस्याओं से भी अवगत कराया और गिरिडीह में प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस बल की नियुक्ति का आग्रह किया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यवसायिक वाहनों की जांच में थाना स्तर पर होने वाले विलंब पर भी चर्चा की गई। प्रदेश के कई जिलों के ऑटो रिक्शा ऑनर्स से लेकर बस ऑनर्स और ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से नियमित रूप से चैंबर के समक्ष इस विषय पर चिंता जताई जाती है। बैठक के दौरान टाइगर मोबाइल को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए प्रतिनिधिमंडल ने राज्य स्तर पर सभी जिलों में पुनः बड़े रूप में टाइगर मोबाइल गश्ती सेवा को चालू करने की मांग की। होटल संचालकों की दैनिक रिपोर्ट थाना में भौतिक रूप से जाकर जमा करने से होनेवाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई। यह आग्रह किया गया कि संबंधित थाना ईमेल अथवा वॉट्सएप्प से होटल की दैनिक रिपोर्ट लेने की व्यवस्था की जाय। पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

# ट्रेन खुलने से पटरी पर लौटी जिंदगी, बढ़ी रौनक



नवीन मेल संवाददाता। रांची

कुड़मी आंदोलन थमते ही उन चेहरों पर रौनक लौटी आई है, जो इससे खासे प्रभावित थे। आंदोलन स्थगित होने और ट्रेनों के चलने से यात्री, दुकानदार, रोज कमाने-खाने वाले सोमवार को खुश दिखे। पांच दिन के बाद ट्रेनों के परिचालन से स्थिति समान्य होने लगी है। स्टेशनों पर गहमा-गहमी शुरू हो गई है। हालांकि अभी सभी ट्रेनों का परिचालन शुरू नहीं हुआ है। लेकिन धीरे-धीरे पटरी पर ट्रेनों के चलने और सड़कों पर बसों, ट्रकों के दौड़ने से लोगों की जिंदगी पटरी पर लौटती नजर आ रही है। सब कुछ सामान्य होने में थोड़ा समय लगेगा। मालूम हो कि कुड़मी जाति को एसटी सूची में और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुड़मी समाज ने पिछले पांच दिनों से आंदोलन छेड़ रखा था और ट्रेनों और बसों का परिचालन ठप कर दिया था। इस आंदोलन का पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से और झारखंड के सीमावर्ती इलाके यथा जमशेदपुर, चक्रधरपुर, घाटशिला, कोटशिला, चाईवासा में विशेष असर देखा गया। शुभम संदेश की टीम ने इससे जुड़ी जानकारी हासिल की है।

## अदालत की खबरें

### जस्टिस अपरेश कुमार सिंह अब त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं। भारत के राष्ट्रपति के कार्यालय से उनकी नियुक्ति का वारंट जारी कर दिया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। किरेन रिजिजू ने लिखा कि भारतीय संविधान के तहत राष्ट्रपति ने जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। बता दें कि कॉलेजियम ने कुछ माह पहले जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किये जाने पर मुहर लगाई थी। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस के तौर पर लगभग 11 वर्ष पहले नियुक्ति हुई थी। वह कुछ महीने तक झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस भी रहे। हाईकोर्ट के जस्टिस के तौर पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई की और महत्वपूर्ण आदेश भी पारित किये।

### संजय तिवारी के खिलाफ आरोप गठन 15 को

**रांची।** 100 करोड़ मिड डे मील घोटाला के आरोपित संजय तिवारी के खिलाफ 15 अप्रैल को आरोप गठन (चार्ज फ्रेम) होगा। संजय तिवारी के आरोप गठन से पहले रांची ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दोनों पक्षों की ओर से बहस की गयी। इसके बाद न्यायालय ने आरोप गठन के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि संजय तिवारी ने कुछ दिनों पूर्व ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसको लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

### तारा शाहदेव मामले में अगली सुनवाई 19 को

**रांची।** सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े यौन उत्पीड़न केस की सुनवाई हुई। सुनवाई में बचाव पक्ष ने कोर्ट को गवाहों की सूची नहीं दी। बचाव पक्ष ने फिर से गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपित रंजित कोहली उर्फ रकिबुल हसन को 19 अप्रैल तक अपने गवाहों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए अंतिम समय दिया है। सीबीआई कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इस दिन आरोपितों की ओर से अपने गवाहों की सूची अदालत में सौंपी जायेगी। इससे पहले सभी आरोपितों का 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किये हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था।

### राज्य के सिर्फ सात प्रतिशत गांवों में नहीं है 4जी सेवा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज के दौर में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ जीवन जीने के लिए इंटरनेट भी जरूरी हो गई है। रोजमर्रा की जरूरतों, पढ़ाई या कामकाज सबकुछ इंटरनेट पर ही निर्भर हो गया है। देश में हर दूसरे इंसान के पास स्मार्टफोन है, और उसमें इंटरनेट है। हर कोई बस एक क्लिक में पूरी दुनिया देख सकता है। देश भर के शहरी इलाकों अब 5जी कनेक्शन भी आ गया है। वही देश के कोने कोने में 5जी इंटरनेट को फैलाने के लिए रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आईडिया जैसी कंपनी ने काम करना शुरू कर दिया है। बता दें कि जियो ने देश के हर गांव में 5जी इंटरनेट सेवा को पहुंचाने के लिए 2 लाख करोड़ के निवेश की लेकिन देश के ऐसे बहुत से ग्रामीण इलाके हैं, जहां अभी भी ठीक से 4जी कनेक्शन नहीं पहुंच पा रहा है। इंटरनेट ट्रेड डेटा के अनुसार, झारखंड के ग्रामीण इलाकों में अभी भी सात प्रतिशत ऐसे गांव हैं, जहां 4जी इंटरनेट सेवा नहीं है। राज्य में कुल गांव की संख्या 32 हजार 623 हैं।

# आज के दौर में धर्म की नहीं मानवता की रक्षा करना जरूरी



**नवन मेल संवाददाता। रांची**

दामाद रसूल जानशीन मुस्तफा हजरत अली की शहादत की याद में आज दूसरी मजलिस को इत्तेहाद इत्तेफाक के अलंबरदार हाजी मौलाना सैयद तहजिबूल हसन रिजवी, इमाम जुमा रांची ने दूसरी मजलिस को संबोधित किया। कहा कि आज के दौर में धर्म की नहीं मानवता की रक्षा करो। मौला अली कहते हैं कि नफरत समाज और देश को कमजोर करती है। मनुष्य को किसी धर्म से नहीं, धर्म के गलत लोगों से घृणा करनी चाहिए। हमारा धर्म इस्लाम भाईचारे का धर्म है और आपसी प्रेम को एक महान पूजा समझा जाता है। हजरत अली ने आधी रात में गरीबों की मदद की। उसने धर्म के बारे में पूछकर मदद नहीं की, बल्कि उसे एक इंसान समझकर मदद की। लेकिन उस जालिम ने कूफा की मस्जिद में सजदा करते हुए इंसानियत के मसीहा पर ऐसा जानलेवा हमला किया कि वह शहीद हो गए। अली के बिना दुनिया सूनी हो गई। लेकिन अली का किरदार आज भी जिंदा है और रहेगा। मजलिस में शहादत का जिक्र सुनकर लोग रोने लगे। सोज ख्वानी सैयद अता इमाम रिजवी ने की। पेश खानी आगा जफर, सैयद निहाल हुसैन सरियावी ने किया। नोहा ख्वानी कासिम अली ने किया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे थे। ज्यादातर लोगों ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। मजलिस का आयोजन सैयद महदी इमाम व जफरुल हसन ने किया। मजलिस में सैयद जावेद हैदर, सैयद जैनुल हसन, सैयद समर अली, सैयद फराज अहमद, अशरफ हुसैन, सैयद शाहरुख रिजवी, डॉ. मुबारक अब्बास, रिजवान हैदर, सैयद फराज अब्बास, अली हसन फातमी, सैयद हसनैन जैदी आदि मौजूद रहे।

### बांग्ला सांस्कृतिक मेला का राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**रांची।** बांग्ला सांस्कृतिक मेला का पांच मई को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुभारंभ करेंगे। समापन सात मई को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उपस्थिति में होगा। महोत्सव के द्वितीय दिवस में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन आगामी पांच से सात मई तक मोरहाबादी स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल प्रांगण रांची कॉलेज मैदान में आयोजित होगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**बीजेपी नेताओं पर लाठीचार्ज....**

संकल्प लें कि अब इस सरकार को लूट की छूट नहीं देंगे। इस सरकार को झारखंड की धरती से उखाड़ फेंकना है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि तपती धूप में यह जनसैलाब बता रहा है कि हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, सांसद निशिकांत दुबे, विद्युत वरण महतो, बीडी राम, विधायक राज सिन्हा, जेपी पटेल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र, प्रदेश प्रभारी और सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने भी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा के बाद भाजपा के नेता-कार्यकर्ता सचिवालय की ओर बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोका और फिर संघर्ष शुरू हो गया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सचिवालय और आसपास के क्षेत्रों में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर रखी थी और रास्ते में जगह-जगह बैरिकेड लगाए गए थे।

**पलामू में एक मदरसा से...**

की। इस कार्रवाई में मदरसा में मौजूद एक व्यक्ति के पास से देसी पिस्तौल बरामद हुई है. पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मदरसा से देसी पिस्तौल बरामद मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है, इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। यह मदरसा पिपराटांड़ के केलहवा के इलाके में संचालित है और मदरसा में 300 से 400 बच्चे पढ़ाई करते हैं। जानकारी के अनुसार मदरसा को सरकारी अनुदान भी मिलता है। इस खबर के बाद से पुलिस और दंडाधिकारी इलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं। बता दें कि हिरासत में लिया व्यक्ति लोहरसी का रहने वाला है। पिपराटांड़ थाना में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जिस इलाके में यह मदरसा संचालित है, वह पलामू प्रमंडल के मुख्यालय में मेदिनीनगर से करीब 75 किलोमीटर दूर है। यह इलाका चतरा सीमा से सटा हुआ है। जिस इलाके के मदरसे से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है वो नक्सल प्रभावित इलाका रहा है।

**लोहरदगा के कई ठिकानों पर...**

में दे दिया है। ालांकि, मकान के दो कमरे उसके स्वामित्व पर रहता है। एनआईए की टीम ने वीरेंद्र साहू के स्वामित्व वाले दो कमरे में लगा ताला तोड़कर उसका सर्च किया। बताया गया कि कमरे के भीतर मिले दस्तावेज और अन्य सामान एनआईए अपने साथ ले गए। एनआईए ने छापामारी में पिस्टल, कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन और वित्तीय दस्तावेज जब्त किए हैं। इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी साजन कुमार नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को लोहरदगा से गिरफ्तार किया है। बताया गया कि माओवादी घटना को लेकर पेशरार थाना में दर्ज एफआईआर को एनआईए टेकओवर कर कार्रवाई कर रही है। इस केस में माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना थी। बड़ी संख्या में माओवादियों द्वारा छुपाकर रखा हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया था।

**वन उपजों का तय होगा...**

भी कहा कि पलाश ब्रांड के जरिए महिल स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।

**सरकारी कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाएं :** मुख्यमंत्री ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि वे योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं। योजनाओं को धरातल पर उतारने में आप की अहम जिम्मेदारी है। सभी के प्रयासों से ही राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर वर्ग और तबके के लिए योजनाएं हैं और लोग इसका लाभ लें।

**बढ़ती गर्मी को देखते हुए विद्यालयों के...**

सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। साथ ही यात्रा के दौरान अपने साथ बोतल में पानी जरूर साथ लेकर चलें और एक छतरी, टोपी या गमछा का इस्तेमाल अपने सिर,चेहरे को ढकने के लिए करें।

**मनरेगा नियमों की उड़...**

स्थिति को देखते हुए मनरेगा जैसी योजनाओं को अधिक से अधिक कराते हुए स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं बिचौलिए जिला प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए जेसीबी और ट्रेक्टर का उपयोग कर सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करने में लगे हैं जो मनरेगा के नियमों का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। स्थानीय लोगों के द्वारा नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य जिम्मेवार लोगों को मोबाइल पर इसकी सूचना भी दी गई, बावजूद किसी के द्वारा अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। रबदा पंचायत में मनरेगा के कार्यों में यह कोई पहली घटना नहीं है इसके पहले भी बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा चुकी है। जिसकी जांच के बाद कार्रवाई करते हुए राशि रिकवरी का निर्देश तत्कालीन उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दीया गया है। लेकिन आज तक राशि की रिकवरी नहीं कराई जा सकी है।

# भाजपा का घेराव कार्यक्रम हुआ टांय-टांय फिस्स

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा द्वारा घेराव कार्यक्रम हुआ टाय टाय फीस ।यह घेराव नहीं नौटंकी साबित हुआ। भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम सिर्फ व सिर्फ केंद्र सरकार की नाकामियों को छिपाने के लिए आयोजित कार्यक्रम था जो पूरी तरह झारखंड की जनता ने सिरे से खारिज करने का काम किया है। भाजपा राज्य में जिस तरह से लूट खसोट और भ्रष्टाचार चरम पर था और जितना घोटाला भाजपा के शासन में हुआ किसी के शासन में नहीं हुआ। जबसे झारखंड में भाजपा के हाथ से सत्ता गई है भाजपा नेता ब्याकुल है किसी तरह सरकार में आने के लिए उतावले दिखा रहे है झारखंड की जनता इनके मनसूबे पर पानी फेरने का काम करेगी।


'जियाडा भवन' नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, राँची –834010 (झारखण्ड)
Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125, Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com
झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र)

पत्रांक –487 दिनांक–11.04.2023

औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने हेतु आम–सूचना

झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र) अन्तर्गत बरहे(चान्हो), सोसई(बुड़मु), गेतलसूद, लोहरदगा, लोहरदगा(एम0आई0पी0), गुमला(एम0आई0पी0), चकमें(बुड़मु), कुल्ही(ओरमांझी), सिल्क पार्क ईरबा, तुपुदाना, हजारीबाग, डाल्टेनगंज, डाल्टेनगंज(एम0आई0पी0), साहेर(नगड़ी), पतरातू–I, पतरातू–II(कटिया), पतरातू–II(हेसला), पतरातू–II(उचरिंगा), होटवार, कोकर, बेलचम्पा, टाटीसिल्वे प्रक्रम–I, बरही(हजारीबाग), गरजा(सिमडेगा), पातागाई(घाघरा) एवं झारगांव (चैनपुर) औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थित रिक्त भूखण्डों / शेडों का आवंटन प्राधिकार द्वारा किया जाना है। इन भूखण्डों / शेडों के आवंटन हेतु online आवेदन करने की तिथि दिनांक 13.04.2023 से 28.04.2023 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित अवधि में इच्छुक उद्यमी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु online आवेदन Single Window System की website: www.advantage.jharkhand.gov.in पर कर सकते है।

भूमि का अप्रतिदेय (Non-refundable) प्रोसेसिंग / स्क्रूटनी शुल्क क्रमशः 01(एक) एकड़ हेतु 10,000.00 रूपये, 01(एक) एकड़ से अधिक एवं 03(तीन) एकड़ तक 25,000.00 रूपये, एवं 03(तीन) एकड़ से अधिक भूमि हेतु 50,000.00 रूपये (GST अतिरिक्त) देय होगा। शुल्क का भुगतान online किया जायेगा।

उपरोक्त भूमि का आवंटन as is, where is के आधार पर किया जायेगा तथा तद्नुसार भूमि के रिजर्व प्राइस का निर्धारण किया गया है। रिजर्व प्राइस के अतिरिक्त आवंटी द्वारा अन्य सभी प्रकार के कर देय होंगे।

उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं रिक्त भूखण्डों की सूची www.jiada.co.in तथा रियाडा के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

विश्वासभाजन
ह0/– क्षेत्रीय निदेशक
PR 294924 RIADA(23-24)D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा
(जिला योजना)

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) अन्तर्गत लोहरदगा जिला के 06 चयनित विद्यालयों में आवश्यकता आधारित मानक गुणवता एवं आकार के बेंच–डेस्क की आपूर्ति हेतु Turnkey Basis पर निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों / अर्द्ध सरकारी संगठनों / कम्पनी / संस्थानों / फर्म / उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **19.04.2023** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक दूसरी बार ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग शीलबंद लिफाफे को एक बड़े शीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। शीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों /प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 19.04.2023 के 12:30 बजे अपराह्न** जिला कय समिति / जिला मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड खोला जायेगा। इसके पश्चात् आवश्यकता होने पर प्रस्ताव का Power Point Presentation कय समिति / मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित करेंगे। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा
PR 294850 Lohardaga(23-24).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-50/2022-23 PR No. 293679 (Lohardaga)22-23*D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाषित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 31.03.2023 | 12.04.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 19.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 10.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 20.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 21.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 294869 (Lohardaga) 23-24 (D)



OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE -CUM- DEPUTY COMMISSIONER,
GARHWA. (District Sports Section)
Phone no – 06561-222785 Email Id – sportsdsogarhwa@gmail.com

Ref No .......................... Date ........................

Notice Inviting Tender

Supply, Installation and Training of Boating Facility at Annaraj Dam, Garhwa.

| Sl. No. | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Training of Boating Facility at Annaraj Dam, Garhwa. |
| 2 | DATE OF PUBLICATION OF BID | |
| 3 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | 50000.00 (Fifty Thousand only) In favour of DISTRICT SPORTS OFFICER, GARHWA. |
| 4 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 25.04.2023, 02:00 PM |
| 5 | BID SUBMISSION PLACE | District Sports Office, Garhwa. |
| 6 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 25.04.2023, 03:00 PM |
| 7 | BID OPENING PLACE | Deputy Commissioner, Garhwa. |
| 8 | NAME AND OFFICE FOR INVITIONG TENDER | District Sports Office, Garhwa. |
| 9 | HELPLINE NO AND EMAIL ADDRESS | email id:- sportsdsogarhwa@gmail.com |

NOTE : FOR FURTHER DETAILS PLEASE VISIT www.garhwa.nic.in

Deputy Commissioner,
Garhwa.

PR 294710 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

प्रथम शुद्धि-पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (2nd Call) निविदा सूचना संख्या– DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23, (Construction of 03 Nos SVS-Cluster under JJM जो PR No. 293705 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 * D प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 3 | Last date/Time for receipt of Bid | 11/04/2023 05:00 P.M. | **15/04/2023/ 05.00** बजे अपराहन तक। |
| 4 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 12/04/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | **17/04/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi.** |
| 5 | Date & time of Opening Tender | 13/04/2023 05:00 P.M. | **18/04/2023/ 05.00** बजे अपराहन में। |

नोट – (I) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 294844 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### ज्वेरेव, दिमित्रोव मोंटे कार्लो मास्टर्स के अगले दौर में पहुंचे



**मोनाको।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के पहले दौर में अलेक्जेंडर बुबलिक को 3 . 6, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर जीत के साथ क्ले कोर्ट सत्र का आगाज किया । 13वीं वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव पिछले साल फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में दाहिने टखने की चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद से पहली बार क्लेकोर्ट पर खेल रहे हैं । दो बार सेमीफाइनल में पहुंचे ग्रिगोर दिमित्रोव ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 6. 1, 3 . 6, 6 . 3 से मात दी। अब उनका सामना चेक गणराज्य के जिरि लेहेका से होगा।

### भारत के विकास ने ग्रीको रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता



**अस्ताना(कजाकिस्तान)।** ग्रीको रोमन पहलवान विकास ने कांस्य पदक जीतकर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारत की पदक संख्या को चार पहुंचा दिया। विकास ने सोमवार को चीन के जियान टैन को एक मिनट 41 सेकंड में 8-0 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। तीन अन्य भारतीय पहलवान सुमित (60), रोहित दहिया (82)और नरिंदर चीमा (97) भी पदक होड़ में थे लेकिन लेकिन तीनों कांस्य पदक मुकाबलों में हार गए। भारत ने ग्रीको रोमन वर्ग में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया।

### आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार



**हैदराबाद।** साइबराबाद पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है और 10 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरसीबी और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान सोमवार को बचुपाली में एक मकान पर छापे के दौरान ये गिरफ्तारी की गयी। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त स्टीफन रवींद्र ने पत्रकारों को बताया कि एसओटी बालानगर जोन और साइबराबाद पुलिस की बचुपाली टीम क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट की अवैध गतिविधियों पर नजर रख रही थी। विश्वसनीय सूचना के आधार पर उन्होंने संयुक्त रूप से बचुपाली में साई अनुराग कॉलोनी में एक मकान पर छापा मारा। उन्होंने कहा कि 10 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया और 60.39 लाख रुपये नगद जब्त किये गए।

# भारत की पहली महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम की घोषणा, सुषमा पटेल होंगी कप्तान

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने भारत की पहली महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम की घोषणा की है, जो नेपाल के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय श्रृंखला में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। चयन हाल ही में भोपाल में संपन्न चयन ट्रायल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। द्विपक्षीय दौरा 25 से 30 अप्रैल तक नेपाल में होने वाला है। चयन परीक्षणों के दौरान चयन समिति के अध्यक्ष ई जॉन डेविड सहित अधिकारियों द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखी गई थी। ट्रायल्स से चुनी गई 17 सदस्यीय टीम नेत्रहीनों के लिए टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला टीम के रूप में इतिहास में दर्ज होगी। चयन प्रक्रिया पर बोलते हुए, सीएबीआई चयन समिति के अध्यक्ष और एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया क्रिकेट के महासचिव ई जॉन डेविड ने कहा कि 38 खिलाड़ियों को शुरू में पिछले राष्ट्रीय टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के आधार पर चयन परीक्षणों के लिए चुना गया था, और इसके बाद उनमें से 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो नेपाल में आगामी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगी।




सीएबीआई के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका हम लंबे समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह दुनिया को यह दिखाने का समय है कि भारत को पहली महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम पर गर्व है। मुझे विश्वास है कि यह सिर्फ शुरूआत है, और ये महिलाएं हमें और भी गौरवान्वित करेंगी और कई दृष्टिबाधित महिलाओं को जुनून के साथ क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करेंगी। 17 सदस्यीय टीम 17 अप्रैल, 2023 से 22 अप्रैल, 2023 तक गुरुग्राम में सारदा स्पोर्ट्सक्यूब फाउंडेशन में एक गहन राष्ट्रीय क्रिकेट कोचिंग शिविर में हिस्सा लेगी। 23 अप्रैल, 2023 को भारतीय टीम, अधिकारियों के साथ, पोखरा और काठमांडू में 5 टी20 मैचों में भाग लेने के लिए दिल्ली से नेपाल के लिए रवाना होगी।

भारत में ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन ने 2023 में भारत और नेपाल के बीच नेत्रहीनों के लिए आगामी टी-20 द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए मध्य प्रदेश की सुषमा पटेल को कप्तान और कर्नाटक के गंगव्वा नीलप्पा हरिजन को उप-कप्तान नियुक्त किया है।

पिछले दशक में दृष्टिबाधित पुरुषों के क्रिकेट की सफलता के बाद, दृष्टिबाधित महिलाओं के लिए टी-20 राष्ट्रीय ट्रॉफी 2019 में शुरू की गई, जिसमें 7 अलग-अलग राज्यों की 150 महिलाओं ने भाग लिया। पहला राष्ट्रीय टूर्नामेंट ओडिशा ने जीता था। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने ब्रांड एंबेसडर बनकर इस प्रयास का समर्थन किया और टूर्नामेंट के लॉन्च के मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने अपनी एकजुटता दिखाई।

### टीम इस प्रकार है

**बी 1 वर्ग-** सुषमा पटेल (कप्तान), के.संध्या, वर्षा, पद्मिनी टूडू, सीमू दास, प्रिया, वी.रावानी।
**बी 2 वर्ग-** गंगव्वा नीलप्पा हरिजन (उपकप्तान),सैन्ड्रा डेविस, बसंती हंसदा, प्रीति बेन, प्रीति प्रसाद।
**बी 3 वर्ग-** फूला सरेन,गंगा कदम, दीपिका टीसी, झीली बिरुआ, एम सत्यवती।
--------------------

# वार्नर व अक्षर के पचासे

## दिल्ली ने रखा 173 रनों का लक्ष्य



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 का 16वां मैच आज दिल्ली कैप्टिल्स और मुंबई इंडियंस के बीच दिल्ली के अरुण जेतली स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया है।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रनों का लक्ष्य रखा है। दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर और बल्लेबाज अक्षर पटेल ने अर्धशकीय पारी खेली। अक्षर ने 25 गेंदों में 4 चौके और 5 छक्कों की मदद से 54 रन बनाए, जबकि डेविड वार्नर ने 47 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 51 रनों की पारी खेली। पृथ्वी शॉ एक बार फिर फ्लॉप रहे और 15 रन बनाकर आउट हो गए। मनिष पांडे ने छोटी लेकिन दमदार पारी खेली।

### सूर्यकुमार यादव हुए बाहर, डर गईं नीता अंबानी

**आईपीएल** के 15वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के फैंस उस समय सहम उठे, जब विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार के साथ अचानक बड़ा हादसा हुआ। दिल्ली कैपिटल्स पहले बल्लेबाजी कर रही थी। पारी के 16वें ओवर में फील्डिंग कर रहे सूर्यकुमार बाउंड्री के करीब कैच लपकने के लिए तैयार हुए, लेकिन इस बीच गेंद उनके हाथ में तो नहीं आई, लेकिन उन्हें चोटिल करते हुए 6 रन के लिए चली गई।

#### डर गईं नीता अंबानी

**हुआ ऐसा** कि जेसन बेहरेनडॉर्फ ओवर फेंकने आए।



16वें ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर पटेल ने एक जोरदार शॉट मारा। गेंद लॉन्ग-ऑन की ओर 6 रन के लिए जा रही थी कि तभी वहां तैनात सूर्यकुमार ने कैच लपकने का प्रयास किया। लेकिन गेंद उनके हाथ से निकलते हुए सीधी उनके माथे पर जा लगी। वहीं गेंद उन्हें चोटिल करने के बाद 6 रन के लिए चली गई। हालांकि, सभी हैरान तब हुए जब सूर्यकुमार अपनी आंख पर हाथ रखते हुए बैठ गए। उनको इस तरह देख मुंबई की मालकिन नीता अंबानी भी सहम उठीं।

# भारत का 2023-24 में घरेलू सत्र 28 जून को दिलीप ट्रॉफी से शुरू

**एजेंसी। मुंबई**

भारत का 2023-24 में घरेलू सत्र 28 जून को दिलीप ट्रॉफी से शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घरेलू सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि सत्र में कुल 1846 मैच होंगे जो जून 2023 के आखिरी सप्ताह से मार्च 2024 तक खेले जाएंगे। प्रतिष्ठित दिलीप ट्रॉफी का समापन 16 जुलाई 2023 को होगा जिसके बाद प्रो देवधर ट्रॉफी 24 जुलाई से तीन अगस्त तक खेली जायेगी। दोनों टूर्नामेंट छह जोन- सेंट्रल, दक्षिण, उत्तर, पूर्व , पश्चिम और पूर्वोत्तर के बीच खेले जाएंगे। दूसरी तरफ ईरानी कप सौराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक अक्टूबर, 2023 से खेला जाएगा। इन तीन टूर्नामेंटों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले होंगे। मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से छह नवम्बर तक खेली जायेगी जबकि विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवम्बर से 15 दिसंबर तक खेली जायेगी। दोनों सफेद बॉल टूर्नामेंटों में 38 टीमें होंगी जिन्हें सात-सात के दो ग्रुपों और आठ-आठ के तीन ग्रुपों में बांटा जाएगा। घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी-रणजी ट्रॉफी- पांच जनवरी 2024 से शुरू होगी और 14 मार्च तक चलेगी। 38 टीमों को पांच ग्रुपों में बांटा जाएगा जहां चार एलीट ग्रुपों में आठ-आठ टीमें होंगी जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें होंगी। एलीट ग्रुप में टीमें सात-सात लीग मैच खेलेंगी और हर ग्रुप से दो टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। प्लेट ग्रुप में छह टीमें पांच लीग मैच खेलेंगी और टॉप चार सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इस बीच महिला घरेलू क्रिकेट सत्र 19 अक्टूबर से सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी से शुरू होगा जो नौ नवम्बर तक चलेगा। इसके बाद सीनियर महिला अंतर-जोनल ट्रॉफी होगी जो 24 नवम्बर से चार दिसंबर तक खेली जायेगी। वर्ष 2024 सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी के साथ शुरू होगा जो चार जनवरी से खेला जाएगा जबकि फाइनल 26 जनवरी को होगा।

# फ्रेंच ओपन में चरम पर आना चाहते हैं जोकोविच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक महीने के अवकाश के बाद विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच मोंटे कार्लो में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह फ्रेंच ओपन में चरम पर आना चाहते हैं क्योंकि रौलां गैरो क्ले कोर्ट पर उनका अंतिम लक्ष्य है। जोकोविच ने 2023 सत्र की शानदार शुरूआत की थी। वह एडिलेड में जीते, ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीते और दुबई के सेमीफाइनल में पहुंचे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी ने मार्च के शुरू में दुबई में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद किसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। उन्होंने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट इंडियन वेल्स और मियामी ओपन में हिस्सा नहीं लिया। उन्हें वेक्सिनेशन दर्जे को लेकर अमेरिका में प्रवेश देने से इंकार किया गया। जोकोविच ने यूरोस्पोर्ट से कहा, यह मेरे दिमाग में है कि यह क्ले कोर्ट पर अंतिम लक्ष्य है। मैं अपनी फॉर्म की तैयारी करना चाहता हूं ताकि मैं पेरिस में अपने चरम पर आ सकूं।

उन्होंने कहा, इसमें अभी लम्बा सफर है। क्ले कोर्ट सत्र काफी लम्बा होता है आपको हर सप्ताह मजबूत टूर्नामेंट खेलने को मिल सकते हैं। उम्मीद है कि मैं क्ले कोर्ट सत्र की सकारात्मक शुरूआत कर सकता हूं।

सर्बियाई खिलाड़ी के लिए मोंटे कार्लो उतना सफल नहीं रहा है पिछले वर्ष वह पहले दौर में हार गए थे। हालांकि 2013 और 2015 में उन्होंने यहां खिताब जीते हैं। 35 वर्षीय खिलाड़ी को टूनामेंट के दौरान घरेलू एडवांटेज भी मिल सकता है। वह अपने परिवार के साथ मोनाको में रहते हैं और मोंटे कार्लो कंट्री क्लब को अपने ट्रेनिंग बेस के रूप में इस्तेमाल करते हैं।


# ओडिशा के बिरसा मुंडा स्टेडियम में पहला हॉकी समर कैंप शुरू



**एजेंसी। राउरकेला**

ओडिशा के राउरकेला में बहुप्रतीक्षित हॉकी समर कैंप प्रतिष्ठित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हुआ। हॉकी समर कैंप का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पीटर टिर्की, राउरकेला के एडिशनल एसपी संग्राम केशरी बेहरा और अनुभवी हॉकी कोच कालू चरण चौधरी और ओडिशा खेल विभाग के अधिकारियों ने किया। कैंप खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और हॉकी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग की एक पहल है। अपनी तरह का पहला कैंप होने के कारण, शिविर में 6-16 आयु वर्ग के 750 से अधिक लड़के लड़कियों का पंजीकरण हुआ है। समर कैंप की देखरेख कर रहे नीलेश शेट्टी ने कहा कि पहले बैच में 465 बच्चों को समर कैंप में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, हमने प्रतिभागियों को दो समूहों, 6-10 और 11-16 आयु समूहों, लड़कों और लड़कियों दोनों में विभाजित किया है। प्रत्येक 10 से 15 प्रतिभागियों के लिए एक कोच है, ताकि सभी बच्चों पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जा सके। यह कैंप 11 से 22 अप्रैल तक 12 दिनों का होगा, जहां बुनियादी हॉकी अभ्यास के साथ-साथ अन्य गतिविधियां (ताकत और कंडीशनिंग, पोषण आदि) सिखाई जाएंगी। यह बच्चों को टीम वर्क सीखने और टर्फ पर मस्ती करते हुए नए दोस्त बनाने का अच्छा अवसर प्रदान करेगा। ओडिशा टीम के कोच लाजुरस बारला, प्रफुल तिर्की और राजन एक्का जूनियर कोचों के साथ शिविर की देखरेख करेंगे और प्रतिभाओं को तराशने का काम करेंगे। कैंप बच्चों में खेल और शारीरिक गतिविधि की आदत डालेगा और उनमें हॉकी को भी बढ़ावा देगा। दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम में बच्चों को सर्वश्रेष्ठ कोचों से सीखने का मौका मिलेगा। इस कैंप के आयोजन के लिए खेल विभाग को धन्यवाद देते हुए, माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके बच्चे प्रतिष्ठित स्टेडियम का अनुभव करेंगे, दोस्त बनाएंगे, नए कौशल सीखेंगे और भविष्य में हॉकी भी अपना सकते हैं। शिविर के पहले दिन, बच्चों को स्टेडियम के दौरे पर ले जाया गया।

# बुजुर्ग की तूफानी गेंदबाजी देख हैरान रह गए शोएब अख्तर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज हैं। शोएब के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 161.3 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकने का रिकार्ड दर्ज है। वह अपने समय में हमेशा अपनी तेज रफ्तार और एग्रेशन के लिए मशहूर रहे। हालांकि, शोएब के संन्यास लेने के बाद उनकी जैसी रफ्तार से किसी गेंदबाज ने प्रभावित नहीं किया, लेकिन शोएब ने अब एक ऐसा गेंदबाज ढूंढ निकाला है जिससे वह खुद प्रभावित हो गए हैं।

शोएब ने इंटरनेट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें एक बुजुर्ग आदमी तेजी से रनअप लेते हुए शानदार गति से गेंद फेंक रहा है। शोएब अख्तर इस बुजुर्ग के जज्बे को देखकर हैरान रह गए है। शोएब ने इस बुजुर्ग आदमी का वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है।

### अख्तर बोले मैं इस बुजुर्ग से मिलना चाहता हूं

अख्तर ने इस वीडियो को साझा करते हुए गेंदबाजी कर रहे बुजुर्ग से मिलने की इच्छा जताई है। शोएब ने लिखा, अरे वाह 100 एमपीएच की रफ्तार 100 की उम्र में। मैं इनसे मिलना पसंद करूंगा, ढूंढ़ के लाए कोई।

## प्रदर्शन

### सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने यूईएफए के साथ साझेदारी बढ़ाई

# यूरो 2024-2028 के मीडिया अधिकार हासिल

**एजेंसी। मुंबई**

सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने यूरोप में यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (यूईएफए) के साथ अपने सहयोग का विस्तार किया है और 2022-2028 के बीच होने वाले सभी यूईएफए राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं के लिए विशेष मीडिया अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह यूरो 2024 और 2028 के साथ-साथ इसके यूरोपीय क्वालिफायर और फ्रेंडली मैचों का भी प्रदर्शन करेगा। यूईएफए टूर्नामेंट भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका सहित भारतीय उपमहाद्वीप में टेलीविजन पर विशेष रूप से उपलब्ध होंगे, साथ ही उनके ऑन-डिमांड ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर लाइव-स्ट्रीम किए जाएंगे।




सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क यूईएफए यूरो 2024 का सीधा प्रसारण करेगा, जिसमें यूरोप की सभी शीर्ष राष्ट्रीय टीमें शामिल होंगी। बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट 14 जून, 2024 से शुरू होगा और जर्मनी में आयोजित किया जाएगा, जिसका फाइनल 14 जुलाई को बर्लिन में होगा।

स्पोर्ट्स बिजनेस, सोनी पिक्च र्स नेटवर्क्स इंडिया के मुख्य राजस्व अधिकारी राजेश कौल ने कहा, हम यह घोषणा करते हुए रोमांचित हैं कि सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने यूईएफए के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार किया है और यूईएफए यूरो 2024 और 2028 संस्करणों के अधिकार सुरक्षित किए हैं, और बड़े पैमाने पर प्रीमियम गुणवत्ता फुटबॉल देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। हम टूर्नामेंट को दर्शकों के लिए कई भाषाओं में लाने के लिए उत्साहित हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रशंसक फुटबॉल के सबसे बड़े आयोजनों में से एक के रोमांच का अनुभव कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, शीर्ष यूरोपीय फुटबॉल देशों वाले यूईएफए यूरो टूर्नामेंट के लिए भारत में विज्ञापनदाताओं और दर्शकों दोनों का उच्च आकर्षण है। और यह सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यूईएफए यूरो 2020 के सफल प्रसारण से स्पष्ट था, जिसमें दर्शकों की संख्या यूईएफए यूरो 2016 के तीन गुना से अधिक थी। साथ ही 65 से अधिक ब्रांड लीनियर और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टूनार्मेंट के लिए हमारे नेटवर्क से जुड़े थे। नेटवर्क यूईएफए नेशंस लीग के सभी मैचों का भी प्रसारण करेगा।

छह साल के सौदे के तहत ब्रॉडकास्टर अपने चैनलों पर 1300 से अधिक फुटबॉल मैच दिखाएगा। नेटवर्क 2024 और 2028 यूरोपीय क्वालिफायर और यूईएफए यूरो के आगामी दो संस्करणों का प्रसारण करेगा। इसके अतिरिक्त, फुटबॉल प्रशंसक यूईएफए नेशंस लीग 2024 और 2026 के सभी खेलों के साथ-साथ 2025 और 2027 में यूईएफए नेशंस लीग फाइनल के भी गवाह बनेंगे।

इसके अलावा, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क यूईएफए चैंपियंस लीग, यूईएफए यूरोपा लीग, यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग, बुंडेसलिगा, अमीरात एफए कप और अन्य के लिए आधिकारिक प्रसारक बना रहेगा।

